e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
# प्रभात मंत्र
वर्ष 10, अंक 260
शनिवार
23.09.2023
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 । मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2021-23

**सुविचार**

जो व्यक्ति वक्त पर वक्त की कीमत समझ जाता है, वह समाज में लोगों द्वारा सम्मान पाता है !

## क्विक न्यूज

### मुख्यमंत्री की माता ने आपदा राहत कोष में किया अंशदान

**शिमला :** प्रदेश में प्राकृतिक आपदा के कारण उत्पन्न संकट की इस घड़ी में मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू की माता संसार देवी ने आपदा राहत कोष में 50 हजार रुपये का योगदान दिया है। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि सभी क्षेत्रों के लोग उदारतापूर्वक दान देने के लिए आगे आ रहे हैं और उनका निःस्वार्थ योगदान निःसंदेह प्रदेश के आपदा प्रभावितों को राहत पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने कहा कि अब तक आपदा राहत कोष में 180 करोड़ रुपये से अधिक अंशदान प्राप्त हुआ है। उन्होंने इस कोष में अंशदान करने वाले सभी व्यक्तियों, सरकारी कर्मचारियों, विभिन्न संगठनों और राज्य सरकारों के प्रति आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने हाल ही में एक मिसाल पेश करते हुए राज्य में जारी राहत एवं पुनर्वास कार्यों को बढ़ावा देने के लिए निजी जमापूंजी से 51 लाख रुपये आपदा राहत कोष में दान दिए हैं।

### एनडीए में शामिल हुई जेडीएस

**नई दिल्ली :** पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा की पार्टी जनता दल सेक्युलर ने बीजेपी के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन में शामिल होने का ऐलान किया है. शुक्रवार को गृह मंत्री अमित शाह के आवास पर जेडीएस के नेता एचडी कुमारस्वामी ने मुलाकात की. इस दौरान बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा भी मौजूद रहे. सूत्रों ने बताया कि तीनों नेताओं के बीच लोकसभा चुनाव को देखते हुए कर्नाटक की सीट शेयरिंग को लेकर चर्चा हुई. मीटिंग के बाद बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि जेडीएस राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन में शामिल हो गई है.उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा,कर्नाटक के पूर्व सीएम और जेडीएस नेता एचडी कुमारस्वामी से गृह मंत्री अमित शाह की मौजदूगी में मुलाकात की. मुझे खुशी है कि जेडीएस ने एनडीए में शामिल होने का फैसला लिया.

### जपला सीमेंट फैक्ट्री की नीलामी लेने वाली कंपनी के विरुद्ध एफआइआर

**पलामू :** पांच वर्ष पहले जपला सीमेंट कारखाना की नीलामी लेने वाली कंपनी उपेंद्र निखिल हाईटेक कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड के खिलाफ नीलाम किये गए संयंत्रों के बदले अतिरिक्त सामानों को बेच देने के आरोप में हुसैनाबाद थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई है। यह प्राथमिकी कॉर्पोरेट कार्यालय मंत्रालय के आधिकारिक परिसमापक, उच्च न्यायालय पटना के प्रतिनिधि द्वारा जारी पत्र संख्या ओएल/पेट/एसवीसीएल 2023/465 18 सितंबर के संदर्भ में कारखाना की निगरानी में कार्यरत एक निजी सिक्युरिटी कंपनी के सुपरवाइजर भरत पांडेय ने दर्ज कराई है। प्राथमिकी में कहा गया है कि अधिक बोली लगाकर नीलामी लेने वाली कंपनी के विरुद्ध आधिकारिक परिसमापक (लिक्विडेटर) के अधिकारियों ने गत 25 अगस्त 2023 को सोन वैली सीमेंट लिमिटेड (समापक) की जपला कारखाना का निरीक्षण किया था। निरीक्षण के क्रम में उन्होंने पाया कि नीलामी की शर्तों के विरुद्ध जाकर कारखाने का 90 से 95 प्रतिशत संरचना (शेड) नीलाम क्रेता कंपनी द्वारा बिना लिक्विडेटर की अनुमति के उठा ले जाया गया है। विगत 10 नवंबर 2022 के हाई कोर्ट के आदेशानुसार उक्त संरचना (शेड) नीलामी का हिस्सा नहीं था। केवल प्लान्ट और मशीनरी ही नीलामी का हिस्सा था।

### रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 27⁰ |
| न्युनतम | 23⁰ |

# झारखंड हाई कोर्ट के न्यायाधीश का निधन, सीएम ने दी श्रद्धांजलि

### जस्टिस केपी देव लंबे समय से कैंसर रोग से पीड़ित थे।

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने झारखंड हाई कोर्ट परिसर पहुंचकर झारखंड उच्च न्यायालय के दिवंगत न्यायाधीश कैलाश प्रसाद देव के पार्थिव शरीर पर पुष्पचक्र अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने शोक व्यक्त करते हुए कहा कि न्यायाधीश कैलाश प्रसाद देव के असामयिक निधन से मन व्यथित है। न्यायाधीश कैलाश प्रसाद देव का निधन न्यायिक जगत के लिए अपूरणीय क्षति है। परमात्मा दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान कर शोकाकुल परिवारजनों को दुःख की यह विकट घड़ी सहन करने की शक्ति दें। जस्टिस केपी देव लंबे समय से कैंसर रोग से पीड़ित थे। हाई कोर्ट के अधिवक्ता डी. कुमार ने जस्टिस केपी देव के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए कहा कि वे हम अधिवक्ताओं के बीच से जज के पद पर चयनित हुए थे। अधिवक्ताओं के प्रति उनका प्रेम, स्नेह और सम्मान के साथ-साथ युवा अधिवक्ताओं को प्रोत्साहित करने और सीखाने की जो जिज्ञासा थी। उसे कभी भुलाया नहीं जा सकेगा,उनका असमय जाना पूरे अधिवक्ता एवं बेंच के लिए एक अपूरणीय क्षति है।

### पंचतत्व में विलीन हुए जस्टिस कैलाश प्रसाद देव

झारखंड हाई कोर्ट के दिवंगत जस्टिस कैलाश प्रसाद देव का पार्थिव शरीर शुक्रवार को पंचतत्व में विलीन हो गया। राजधानी रांची के हरमू स्थित मुक्तिधाम में उन्हें अंतिम सलामी के बाद विदाई दी गई। मौके पर झारखंड हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा, महाधिवक्ता राजीव रंजन, रांची एसएसपी, कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर समेत कई न्यायमूर्ति और वकील मौजूद थे। इससे पहले देव के पार्थिव शरीर को हाई कोर्ट ले जाया गया था,जहां उन्हें सलामी दी गई। मुख्य सचिव सुखदेव सिंह, स्वास्थ्य सचिव अरुण कुमार, झारखंड हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा, महाधिवक्ता राजीव रंजन, हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति और वकील समेत कई आईएएस और आईपीएस अफसरों ने भी कैलाश प्रसाद देव को श्रद्धांजलि अर्पित की।



### मेडिका अस्पताल में इलाज के दौरान हुआ निधन

झारखंड हाई कोर्ट के जस्टिस कैलाश प्रसाद देव का रांची के मेडिका अस्पताल में इलाज के दौरान शुक्रवार सुबह आकस्मिक निधन हो गया। वे पिछले कई दिनों से उनका इलाज चल रहा था। उनके निधन की खबर के बाद झारखंड हाई कोर्ट के अन्य न्यायाधीशों और अधिवक्ताओं में शोक व्याप्त है। देव के पार्थिव शरीर को उनके आवास पर श्रद्धांजलि के लिए रखा गया था, जहां से दोपहर बाद तीन बजे झारखंड हाई कोर्ट परिसर में लाया गया। इसके बाद मुक्तिधाम के लिए अंतिम यात्रा प्रस्थान किया गया, जहां 4ः15 मिनट में उन्हें अंतिम विदाई दी गई।

### कई महत्वपूर्ण फैसलों के लिए जाने जाते थे जस्टिस केपी देव

कैलाश प्रसाद देव ने अधिवक्ता के रूप में लंबे समय तक काम किया। वे सरकार के विभिन्न विभागों और सीबीआई के अधिवक्ता रह चुके है। उन्हें कई उल्लेखनीय फैसलों के लिए भी जाना जाता रहा है। उन्होंने झारखंड हाई कोर्ट में पहली बार एक केस की सुनवाई हिंदी में की थी और फैसला भी हिंदी में सुनाया था। साल 2018 में उन्होंने न्यायाधीश के तौर पर योगदान दिया।

# आसमान पर है हर नारी का आत्मविश्वास : पीएम मोदी



एजेंसी

**नई दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को भाजपा मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम में नारी शक्ति वंदन विधेयक के लोकसभा और राज्यसभा में पारित होने पर बधाई दी है.साथ ही पीएम मोदी ने कहा कि हमने एक नया इतिहास बनते देखा है और हमारा सौभाग्य है कि कोटि-कोटि जनों ने हमें यह सौभाग्य दिया है. पीएम मोदी ने कहा कि सालों तक इस निर्णय की चर्चा होगी. साथ ही उन्होंने कहा कि इस निर्णय से आज हर नारी का आत्मविश्वास आसमान पर है. उन्होंने कहा कि कभी किसी निर्णय में देश के भाग्य को बदलने की क्षमता होती है. हम ऐसे ही निर्णय के साक्षी बने हैं.प्रधानमंत्री ने कहा कि पूरे देश की माताएं बहनें खुशियां मना रही हैं. यह सामान्य कानून नहीं है बल्कि नए भारत की नई लोकतांत्रिक प्रतिबद्धता का उद्घोष है. यह अमृतकाल में सबका प्रयास से विकसित भारत के निर्माण की तरफ बढ़ा कदम है.इसके साथ ही पीएम मोदी ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम का दोनों सदनों से पास होना इस बात का भी साक्षी है कि जब पूर्ण बहुमत वाली स्थिर सरकार होती है, तो देश कैसे बड़े फैसले लेता है, बड़े पड़ावों को पार करता है. उन्होंने कहा कि पूर्ण बहुमत वाली स्थिर सरकार है तो नारी शक्ति वंदन अधिनियम एक सच्चाई बन गया है. इस कानून ने फिर साबित कर दिया है कि देश को आगे ले

**प्रधानमंत्री ने कहा कि पूरे देश की माताएं बहनें खुशियां मना रही हैं. यह सामान्य कानून नहीं है बल्कि नए भारत की नई लोकतांत्रिक प्रतिबद्धता का उद्घोष है. यह अमृतकाल में सबका प्रयास से विकसित भारत के निर्माण की तरफ बढ़ा कदम है.इसके साथ ही पीएम मोदी ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम का दोनों सदनों से पास होना इस बात का भी साक्षी है कि जब पूर्ण बहुमत वाली स्थिर सरकार होती है, तो देश कैसे बड़े फैसले लेता है, बड़े पड़ावों को पार करता है.**

जाने के लिए पूर्ण बहुमत वाली मजबूत और निर्णायक सरकार बहुत आवश्यक है.पीएम ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर कहा कि इसके लिए बीजेपी तीन दशक से प्रयासरत थी. उन्होंने इस विधेयक के पारित होने पर कहा कि यह मोदी की गारंटी का प्रमाण है. उन्होंने कहा कि महिलाओं का जीवन सुधारने की दिशा में यह प्रयास है. महिला आरक्षण को लागू करने में तमाम अड़चनें थी, लेकिन जब नीयत साफ होती है तब सब अच्छी चीजें होती हैं.प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस दौरान विपक्ष पर भी बरसे.

### सांसद दानिश अली पर बीजेपी सांसद रमेश बिधूड़ी के आपत्तिजनक बयान से गरम हुआ सियासत

# भाजपा का बयान मुझ पर नहीं बल्कि लोकतंत्र और संविधान पर हमला है : दानिश

एजेंसी

**नई दिल्ली :** बसपा सांसद दानिश अली पर बीजेपी सांसद रमेश बिधूड़ी के आपत्तिजनक बयान से सियासत गरमा गई है. बिधूड़ी के बयान की चौतरफा आलोचना के बीच कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी शुक्रवार को दानिश अली से मिलने उनके आवास पहुंचे. इस दौरान उनके साथ कांग्रेस के महासचिव केसी वेणुगोपाल और सांसद इमरान प्रतापगढ़ी भी थे.दानिश अली से मिलने के बाद राहुल गांधी ने मीडिया से कहा कि नफरत के बजाार में मोहब्बत की दुकान खुल रही है. दानिश ने भी राहुल से मुलाकात के बाद भावुक होते हुए कहा कि उन्हें राहुल से मिलकर लगा कि वह अकेले नहीं है.राहुल मेरा हौसला बढ़ाने यहां आए थे. उन्होंने मुझसे कहा कि इन बातों को अपने दिल से मत लगाना और अपने स्वास्थ्य



का ध्यान रखना. मुझे उनकी बातों से राहत मिली और अच्छा लगा कि मैं अकेला नहीं हूं. दानिश अली ने कहा कि यह बयान मुझ पर नहीं बल्कि लोकतंत्र और संविधान पर हमला है. यह खेदजनक है कि नफरत की दुकानें सड़कों पर खुल रही हैं और अब अमृतकाल के दौरान नई संसद में भी खोली जा रही हैं. लोकसभा हमारा संरक्षक है. बिधूड़ी के बयान से आहत बहुजन समाज पार्टी (बसपा) नेता और लोकसभा सांसद दानिश अली का कहना है कि अगर बिधूड़ी के खिलाफ कार्रवाई नहीं की गई तो वह लोकसभा सांसद की सदस्यता छोड़ने पर विचार करेंगे. दानिश अली ने कहा कि उन्होंने बिधूड़ी के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए लोकसभा स्पीकर ओम बिरला को एक पत्र लिखा है.अली ने कहा कि मुझे पूरा यकीन है कि लोकसभा स्पीकर इस घटना पर कार्रवाई करेंगे. इस मामले में सबकुछ ऑन रिकॉर्ड है. हालांकि, अगर बिधूड़ी के खिलाफ कोई एक्शन नहीं लिया गया और अगर मेरे अधिकारों का संरक्षण नहीं किया गया तो मैं लोकसभा सदस्यता छोड़ने पर विचार करूंगा. लोकसभा स्पीकर ओम बिरला को लिखे इस पत्र में कहा गया है कि संसद की कार्रवाई के दौरान बिधूड़ी ने अपने भाषण में मेरे खिलाफ बेहद अभद्र और आपत्तिजनक टिप्पणी की, जो लोकसभा रिकॉर्ड में दर्ज है.

# जेजेएमपी के सबजोनल कमांडर ने पुलिस के समक्ष किया आत्मसमर्पण

प्रभात मंत्र संवाददाता

**लातेहार:** झारखंड सरकार के आत्म समर्पण एवं पुनर्वास नीति से प्रभावित होकर प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन जेजेएमपी के सबजोनल कमांडर कमलेश सिंह उर्फ मुकेश उर्फ नाना ने शुक्रवार को लातेहार पुलिस कार्यालय में पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन व सीआरपीएफ 11वीं बटालियन के कमांडेंट वेद प्रकाश त्रिपाठी के समक्ष आत्मसमर्पण किया है। आत्मसमर्पण करने के बाद एसपी और कमांडेंट ने गुलदस्ता देकर व फूल का माला पहनकर स्वागत किया।





प्रेस वार्ता के दौरान एसपी अंजनी अंजन ने बताया कि कमलेश कई बड़ी घटनाओं में शामिल रहा है। लगातार घटनाओं में सक्रिय के बाद कमलेश सिंह को जेजेएमपी उग्रवादी संगठन द्वारा 2013 में सब जनरल कमांडर बनाया गया था।

उसके बाद से वह सतबरवा, लेस्लीगंज, छिपादोहर, गारू, बरवाडीह थाना क्षेत्र में इनका कार्य क्षेत्र रहा।कई उग्रवादी सरेंडर कर रहे हैं।

इसी के क्रम में सरकार की पुनर्वास नीति से प्रभावित होकर जेजेएमपी के सबजोनल कमांडर कमलेश सिंह उर्फ मुकेश उर्फ नाना ने सरेंडर किया है।आत्मसमर्पण करने के बाद सब जोनल कमांडर कमलेश सिंह ने कहा कि गांव में भाकपा माओवादियों का आना-जाना लगा रहता था। उग्रवादियों के दबाव के कारण 2008 में भाकपा माओवादियों में शामिल हो गए। वहां करीब 2 साल रहे। इसके बाद 2010 में जेजेएमपी उग्रवादी संगठन में शामिल हुए। उसके बाद सरकार के आत्म समर्पण नीति से प्रभावित होकर सरेंडर किया।

उन्होंने कहा कि जंगल में जो भी साथी भटक गए हैं। उन साथियों से आत्मसमर्पण करने की अपील किया है। उन्होंने कहा कि बंदूक से लड़ाई नहीं जीती जा सकती है।

# एल्युमिनियम फैक्ट्री में विस्फोट, दो मजदूर की मौत

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** कटकमदाग थाना क्षेत्र सिरसी डामोडीह गांव में कुमार वर्कशॉप एल्युमिनियम फैक्ट्री में विस्फोट होने रंजीत ठाकुर (26) और सुखदेव साव (48) की मौत हो गई। दोनों गया जिला के रहने वाले थे। विस्फोट इतना भयानक था कि फैक्ट्री की छत और दीवार क्षतिग्रस्त हो गई। बताया जा रहा है कि फैक्ट्री हजारीबाग सरदार चौक निवासी अवध कुमार गुप्ता का है। फैक्ट्री में एल्युमिनियम गला कर नया बर्तन बनाने का काम किया जाता है। उसे फिर बाजार में बेचा जाता है। मौसम खराब होने के कारण यहां सिर्फ दो ही मजदूर काम कर रहे थे। अगर ज्यादा मजदूर काम कर रहे होते, तो इससे भी बड़ी हादसा हो सकती था। वार्ड पार्षद बादशाह राम ने बताया कि इस फैक्ट्री में डामोडीह और सिरसी गांव के कई मजदूर काम करते हैं। शुक्रवार की सुबह फैक्ट्री खुली मजदूर काम में लग गए। काम करने के दौरान अचानक विस्फोट हुआ संचालक का कहना है कि बिजली गिरने से यह घटना घटी है. लेकिन स्थिति देखने से ऐसा लगता है, कि यहां एल्युमिनियम गलाने के दौरान कोई भयानक विस्फोट हुआ होगा इससे यह घटना घटी है। इस पूरे



मामले को अच्छा से करने से खुलासा हो सकता है। सूचना मिलने के बाद हेडक्वार्टर डीएसपी राजीव कुमार भी घटनास्थल पर पहुंचे और घटना की जानकारी लिया। उन्होंने आधिकारिक रूप से पुष्टि कि दो लोगों की इस घटना में मौत हुई है।

**वार्ड पार्षद बादशाह राम ने बताया कि इस फैक्ट्री में डामोडीह और सिरसी गांव के कई मजदूर काम करते हैं। शुक्रवार की सुबह फैक्ट्री खुली मजदूर काम में लग गए। काम करने के दौरान अचानक विस्फोट हुआ संचालक का कहना है कि बिजली गिरने से यह घटना घटी है. लेकिन स्थिति देखने से ऐसा लगता है, कि यहां एल्युमिनियम गलाने के दौरान कोई भयानक विस्फोट हुआ होगा इससे यह घटना घटी है।**

### संविधान से पहले सनातन संस्कृति और सभ्यता : सरमा

एजेंसी

**आबूरोड (सिरोही) :** ब्रह्माकुमारी संस्थान के अंतरराष्ट्रीय मुख्यालय शांतिवन में आयोजित वैश्विक शिखर सम्मेलन में शुक्रवार को असम के मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्वा सरमा ने भाग लिया। नए युग के लिए दिव्य ज्ञान विषय पर आयोजित इस सम्मेलन में डॉ. सरमा ने कहा कि हमारा देश हजारों वर्षों से आध्यात्मिकता का केंद्र रहा है।



# मेरी माटी-मेरा देश अभियान के तहत भाजपा ने शुरू किया कलश यात्रा




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भवनाथपुर :** भाजपा मंडल ईकाई भवनाथपुर के तत्वधान में देश स्तरीय प्रायोजित कार्यक्रम मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत भाजपा मंडल अध्यक्ष सोनाकिशोर यादव उर्फ जयप्रकाश यादव की अध्यक्षता में मंडल के बनसानी पंचायत से सैकड़ों की संख्या में जुलूस एवं बाजे गाजे सहित कलश यात्रा का शुभारंभ कर घर घर से मिट्टी संग्रहण का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम की शुरआत शिव मंदिर प्रांगण से मिट्टी उठाकर ग्रामीणों के यहां होते पंचायत के शहीद विजय कुमार एवं आनंद कुमार के घर जा कर उनके परिजनों को अंगवस्त्र से सम्मानित कर उनके घर से भी मिट्टी का संग्रहण किया गया। वहीं अगला कार्यक्रम ग्राम पंचायत मकरी में भी सैकड़ो कार्यकर्ताओं सहित ग्रामीणों के द्वारा जुलुश के साथ कलश यात्रा कर मिट्टी संग्रहण का कार्यक्रम किया गया जहाँ सबसे पहले स्वतंत्रता सेनानी श्रीदत्त पाठक जी के परिजन एवं शहीद संजय प्रसाद यादव जी के परिजन को सम्मानित करते हुए वहाँ से मिट्टी संग्रहण की शुरुआत की गई जो आगे जुलुश के साथ घर घर भ्रमण किया गया। कार्यक्रम के विषय मे भाजपा मंडल अध्यक्ष ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य उन बहादुर स्वतंत्रता सेनानियों और वीरों का सम्मान करना है, जिन्होंने देश के लिए अपना जीवन बलिदान किया। मेरी माटी मेरा देश' आजादी का अमृत महोत्सव का समापन कार्यक्रम है जिसके तहत भारत की आजादी के 75 साल पूरे होने का उत्सव मनाया जा रहा है। उक्त कार्यक्रम में विधायक प्रतिनिधि सुनील सिंह, भानु गुप्ता, विपिन चौबे, धनञ्जय साह, मनोज सिंह , सच्चिदानंद सिंह, रवि पाल, निरंजन पाठक, राजेश्वर पासवान, जय प्रकाश गुप्ता, हलकन यादव, सूरज पाठक लालमोहन यादव, दयानंद यादव, अभिषेक गुप्ता, रामाश्रय साह, मुखलाल साह, विष्णुकांत कुशवाहा, रमापति राम, देवधारी राम, बृजकिशोर सिंह, ज्वाला पासवान, सुधीर लाल, मनोज पाल, सुनील पासवान, अजय राम रूपनारायण यादव सहित अन्य ग्रामीण और भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।


## रांची से आयी राज्य स्तरीय टीम ने किया सतबरवा का दौरा चलो करें आवास पूरा अभियान का किया अवलोकन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्र में अधूरे भवन को पूर्ण करने के लिए ग्रामीण विकास विभाग द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है। चलो करें आवास पूरा नाम से चलाया जा रहा यह अभियान 15 सितंबर से 10 अक्टूबर तक चलाया जाना है। इसी के तहत शुक्रवार को ग्रामीण विकास की राज्य स्तरीय टीम सतबरवा के ग्राम घुटुवा व धावाडीह पहुंची.इस दौरान टीम के सदस्यों द्वारा लाभुकों से सीधा संवाद स्थापित कर अपूर्ण आवास को पूर्ण करने की अपील की गयी। इस दौरान टीम के सदस्य आवास निर्माण में आ रही कठिनाइयों से भी अवगत हुए साथ ही उनका समाधान भी किया गया। भ्रमण के क्रम में पाया गया कि लाभुक आवास दिवस होने के बावजूद धावाडीह पंचायत में किसी तरह का कोई कार्यक्रम का आयोजन नहीं किया गया। वहीं जिन लाभुकों को द्वितीय किस्त की राशि का भुगतान हो जाना चाहिए था उनको अभी तक राशि भी निर्गत नहीं की गयी है। मौके पर राज्य समन्वयक पवन कुमार, जिला समन्वयक एवं प्रशिक्षण समन्वयक, बीडीओ, प्रखंड समन्वयक, पंचायत सचिव, आदि उपस्थित रहे।

## 24 सितम्बर को नवसाक्षरों की परीक्षा होगी आयोजित : बीडीओ



**खरौंधी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत 24 सितंबर रविवार को नवसाक्षरों के लिए एन आई ओ एस द्वारा बुनियादी सह आंकलन जाँच परीक्षा आयोजित किया जाएगा। खरौंधी प्रखंड़ विकास पदाधिकारी श्री गणेश महतो ने बताया की प्रखंड के सभी नौ पंचायत के 09 केंद्रों पर आकलन सह जांच परीक्षा आयोजित होगी। परीक्षा केंद्र पंचायत में अवस्थित मध्य विद्यालय को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। केंद्राधीक्षक संबंधित विद्यालय के प्रधानाध्यापक को बनाया गया है।वीक्षक के रूप में प्रेरक कार्य करेंगे। परीक्षा में कुल 315 नवसाक्षर भाग लेंगे। नवसाक्षरों का पंजीकरण प्रेरको के द्वारा कराया जा रहा है। परीक्षा सुबह 10 से शाम 5 बजे तक आयोजित होगी। प्रखंड समन्वयक रंजु गुप्ता ने बताया की परीक्षा में विद्यालय में कार्यरत माता समिति, विद्यालय प्रबंधन समिति, स्वयं सहायता समूह, ड्रॉपआउट 15 साल से ऊपर के महिला पुरुष नवसाक्षर परीक्षा में सम्मिलित होंगे।

## आजसू नेता अशोक गहलोत ने प्रतापपुर व हंटरगंज प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों का किया दौरा



**चतरा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** आजसू नेता अशोक गहलोत ने चतरा विधानसभा क्षेत्र के प्रतापपुर एवं हंटरगंज प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा किया। विभिन्न दुर्गा पूजा कमेटी के सदस्यों के साथ साथ आम लोगों से मुलाकात भी की है ।हंटरगंज प्रखंड क्षेत्र के पांडेपूरा क्षेत्र के विभिन्न गांव में अशोक गहलोत का भव्य स्वागत किया गया। इस मौके पर आजसू समर्थकों ने आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारी पर चर्चा किया और कहा कि विधानसभा चुनाव में इस बार आजसू का ही परचम लहरेगा।गौरतलब है कि अशोक गहलोत के द्वारा चतरा विधानसभा के विभिन्न क्षेत्रों में लगातार जनसंपर्क अभियान के साथ-साथ सामाजिक कार्यों में जुटे रहते हैं ।रांची में होने वाले महा अधिवेशन की तैयारी को लेकर उन्होंने ग्रामीणों के साथ बैठक की है। प्रत्येक गांव से आजसू के समर्पित कार्यकर्ताओं को रांची में अधिवेशन में शामिल होने के लिए निमंत्रित दिया गया है। इस मौके पर पार्टी समर्थकों ने कहा है कि महा अधिवेशन में आजसू के सैंकड़ों कार्यकर्ता रांची पहुंचेंगे और केंद्रीय अध्यक्ष के दिशा निर्देशों पर काम करेंगे।

# कस्तूरबा विद्यालय चैनपुर के वार्डन व अकाउंटेंट पर शो कॉज किया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चैनपुर (पलामू) :** चैनपुर प्रखंड क्षेत्र के कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय की छात्राओं ने बिजली पानी की मांग को लेकर डीसी आवास का घेराव किया था। इसे लेकर डीसी के निर्देश पर चार सदस्य जांच कमेटी गठित की गई थी। कमेटी ने जांच रिपोर्ट डीसी को सौंप दी है। जांच कमेटी की अध्यक्ष जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रीति किस्कू ने जांच में छात्राओं द्वारा लगाए गए सभी आरोप को सही पाया। उन्होंने बताया कि विद्यालय में काफी गड़बड़ी मिली है। वार्डन व अकाउंटेंट में सामंजस्य का अभाव है। दोनों की गलती के कारण छात्रों को परेशानी हो रही थी। वार्डन व अकाउंटेंट को चेतावनी दी गई है। निश्चित रूप से दोनों पर कार्रवाई होगी। विभाग द्वारा बिजली व्यवस्था दुरुस्त कराई जा रही है। साथ ही पानी के लिए मोटर को बदलने का निर्देश दिया गया है। विद्यालय में क्रय समिति के माध्यम से जेनरेटर खरीदने का भी आदेश दिया गया है। जांच कमेटी में सदर अनुमंडल पदाधिकारी राजेश कुमार शाह, प्रशिक्षु आईएएस रवि कुमार, डीएसई मनोज कुमार, यंग प्रोफेशनल नाजरीन व एडीपीओ उदय रजक शामिल थे। मालूम हो कि बुधवार को चैनपुर कस्तूरबा की छात्राओं ने 2 घंटे तक डीसी आवास का घेराव किया था। तब डीसी ने छात्राओं को सभी मामलों के समाधान का आश्वासन दिया था। इसके बाद छात्राएं विद्यालय लौटी थी। 15 दिन पूर्व प्रमंडलीय आयुक्त मनोज जायसवाल, क्षेत्रीय शिक्षा संयुक्त निदेशक शिवेंद्र कुमार ने भी उक्त विद्यालयों का निरीक्षण कर कई दिशा निर्देश दिया।

## श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ के शोभा जल यात्रा में शामिल होंगे झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** नगर उंटारी प्रखंड के पाल्हे जतपुरा गांव में आयोजित श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ के शोभा जल यात्रा में झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन शामिल होंगे. इसके लिए राज्यपाल ने समिति को अपनी सहमति दे दी है.श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ समिति के संरक्षक सह पूर्व मंत्री रामचंद्र केशरी की अगुवाई में समिति के लोग राज्यपाल से मिलकर यज्ञ के शोभा जल यात्रा में शामिल होने के लिए निमंत्रण देकर अनुरोध किया.राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने समिति के अनुरोध पर आगामी 23 अक्टूबर को श्री बंशीधर नगर आकर श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ के शोभा जल यात्रा में शामिल होने की अनुमति दी है. ज्ञात हो कि देश के महान संत श्री श्री 1008 श्री लक्ष्मी प्रपन्न जीयर स्वामी जी महाराज पाल्हे जतपुरा गांव में अपने चातुर्मास्य व्रत में है.व्रत के उपरांत भव्य व विशाल श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ का आयोजन किया गया है। यज्ञ का जल यात्राआगामी 23 अक्टूबर को प्रस्तावित है. वहीं यज्ञ की पूर्णाहुति 28 अक्टूबर को होगा। 27 अक्टूबर को अंतर्राष्ट्रीय संत सम्मेलन सह अंतर्राष्ट्रीय भजन संध्या का आयोजन भी किया गया है. संत सम्मेलन में राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भी शामिल होने के लिए अपनी सहमति दिये हैं.मौके पर समिति के विक्रांत सिंह उर्फ सोनू सिंह, उमेश कुमार आदि उपस्थित थे।

## स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता का जन सुनवाई, आम लोगों की समस्याओं से हुए रूबरू

**चतरा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** कांग्रेस कमेटी द्वारा केशव पैलेस में शुक्रवार को जिलाध्यक्ष प्रमोद दुबे की अध्यक्षता में जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जनसुनवाई में स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता उपस्थित थे। उन्होंने लोगों की समस्याएं सुनी। कार्यक्रम के दौरान मंत्री ने ऑन द स्पॉट अधिकारियों को उन समस्याओं के निदान करने का निर्देश दिया। जनसुनवाई कार्यक्रम में कांग्रेस कार्यकर्ता के अलावा आम लोग अपनी-अपनी समस्या लेकर मंत्री के पास पहुंचे। मंत्री ने लोगों की समस्याएं सुनी और उसके निष्पादन को लेकर संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया। जनसुनवाई कार्यक्रम के तहत राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का फीडबैक भी लिया गया। मंत्री ने कहा कि सरकार के द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का फीडबैक लेने के साथ-साथ लोगों की समस्याएं सुनने का यह सीधा माध्यम है। इसके जरिए लोगों की समस्याओं के त्वरित निष्पादन को लेकर अधिकारियों को निर्देश भी दिए जा रहे हैं। पत्रकारों ने मंत्री से कहा कि दवा खरीदारी में नियम विरुद्ध सप्लायर को दे दिया गया है। मंत्री ने कहा कि अगर ऐसा हुआ तो जांच करवाकर कार्रवाई की जाएगी। इडी मामले में कहा कि मुख्यमंत्री को बेवजह परेशान किया जा रहा है। मुख्यमंत्री को पूछताछ करने के बाद भी बुलाया जा रहा है। अगर जांच करानी है तो पुरवर्ती सरकार से लेकर अब तक कि जांच करवानी चाहिए। 19 साल की शासन की जांच करवानी चाहिए। भाजपा के चार मंत्री पर एसीबी का मामला है। पूर्व की सरकार में सभी अवैध खनन घोटाले की जांच होनी चाहिए। मौके पर कांग्रेस महिला प्रदेश अध्यक्ष गुंजन सिंह, प्रदेश महामंत्री सह जिला प्रभारी बिनोद कुशवाहा, जिला उपाध्यक्ष ओमप्रकाश पाठक, साबिर हुसैन, युवा जिलाध्यक्ष मोती पासवान, आभा ओझा सहित अन्य उपस्थित थे।

## नगर परिषद द्वारा सफाई मित्र सुरक्षा शिविर आयोजित, सफाई कर्मियों का हुआ स्वास्थ्य जांच




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर :** विश्रामपुर नगर परिषद द्वारा संचालित शहरी स्वास्थ केंद्र में स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के तहत सफाई मित्र सुरक्षा शिविर आयोजित किया गया। शिविर में नगर परिषद के सफाईकर्मियों का स्वास्थ जांच किया गया। चिकित्सकों द्वारा सफाई कर्मियों का बीपी, सुगर, सर्दी, खांसी, बुखार, हीमोग्लोविन, ब्लड ग्रुप, मलेरिया, डेंगू आदि बीमारियों का जांच किया गया। जांचोपरांत जरूरत के हिसाब से सफाई कर्मियों को मुफ्त दवा भी दिया गया। इससे पहले शिविर का उद्घाटन नप के कार्यपालक पदाधिकारी दानिश हुसैन, सीओ विक्रम आनंद, डॉ अमर नारायण सिंह व विधायक प्रतिनिधि सह नप के स्वछता ब्रांड एंबेसडर राजन पांडेय ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यपालक पदाधिकारी ने कहा कि सफाई कर्मियों के स्वास्थ सुरक्षा हेतु इस शिविर का आयोजन किया गया है। मौके पर सिटी मिशन मैनेजर जितेंद्र सिंह,नगर प्रबंधक सुभाष हेंब्रम, प्रभात कुमार, जेई विभूति भूषण, अजीत टुड्डू, अभय कुमार, मुकेश कुमार सहित कई नप कर्मी और सभी सफाई कर्मी मौजूद थे।

## इंटरस्टेट चेकपोस्ट से एमवीआई ने जब्त किए 8 वाहन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हरिहरगंज :** मोटरयान निरीक्षक (एमवीआई) लाल बिहारी यादव ने हरिहरगंज थाना के समीप एनएच 98 इंटरस्टेट चेक पोस्ट से एक ट्रक, एक पिकअप, दो ट्रैक्टर तथा चार टेंपो को जब्त कर हरिहरगंज थाना को सुपूर्द किया है । एमवीआई ने जब्त वाहनों के कागजात की जांच की। आवश्यक कागजात प्रदूषण, इंश्योरेंस पेपर नहीं होने पर वाहनों को जब्त किया है। जानकारी के अनुसार उक्त वाहन बिहार के औरंगाबाद की ओर जा रहे थे। कागजात की मांग करने पर वाहन चालको ने पर्याप्त कागजात नहीं दिखाए। एमवीआई ने वाहनों को जब्त कर थाने को सौंप दिया। इस कार्रवाई की खबर से वाहन चालकों में हड़कंप मच गया। एमवीआई लाल बिहारी यादव ने कहा कि यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

## मजदूरी करने गये युवक की मौत, गांव में छाया मातम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हरिहरगंज :** प्रखंड क्षेत्र के सलैया पंचायत अंतर्गत बघना गांव निवासी शंभू यादव का 27 वर्षीय पुत्र मिथलेश यादव की मौत दिल्ली में हो गई। वह करीब 15 दिन पहले वहां एलएंडटी कंपनी में मजदूरी करने गया था। बीते बुधवार को अचानक तबियत बिगड़ने के बाद सहकर्मी उसे नजदीकी अस्पताल लेकर गये जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। उसका शव गांव पहुंचते ही पूरे गांव में मातम छा गया। वहीं स्वजनों का रो रोकर बुरा हाल है। ग्रामीणों ने बताया कि मृतक घर का इकलौता कमाऊ सदस्य था। अचानक मौत के बाद उसके माता पिता तथा तीन बहनों के भविष्य का एकमात्र सहारा छीन गया। शुक्रवार को उसका दाह संस्कार गांव के समीप सोरहर नदी तट पर किया गया। वहीं घटना पर राजद के जिला प्रधान महासचिव राजेंद्र यादव मुखिया पति सनोज गुप्ता,महेंद्र यादव सहित कई लोगों ने गहरी संवेदना जताई है।

## गणेश उत्सव में भव्य महाआरती व महाप्रसाद पाने के लिए बड़ी संख्या में जुटे श्रद्धालुगण

**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** देवस्थल, शांतिनगर प्रांगण में पांच दिवसीय गणेश उत्सव हर्षोल्लास पूर्वक मनाया जा रहा है। आज तीसरे दिन पूजन के उपरांत भव्य भंडारे का आयोजन देवस्थल प्रांगण में किस्को मोड़ निवासी संजय प्रसाद साहू एवं उनकी पत्नी रेणु देवी के सहयोग से किया गया। भंडारे का प्रसाद में श्रद्धालुगण बढ़ चढ़कर देखने को मिल रही है। देवस्थल में गणेश उत्सव से आसपास का क्षेत्र में पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया है। संध्या महाआरती के पूर्व महिलाओं के टीम द्वारा कीर्तन भजन के माध्यम से भगवान श्री गणेश की अर्चना कर रहे हैं। आज महाआरती के पश्चात महाप्रसाद में सहयोग योगी सेना के नगर अध्यक्ष दिव्यांशु कुमार द्वारा की गई है। श्रद्धालुगण पूजन में बढ़चढकर शामिल हो रहे हैं। उत्सव में जनप्रतिनिधि, शहर के गणमान्यजन,यह महिलाएं, युवा वर्ग, समिति के पूर्व सदस्यगण, अभिभावकजन एवं आसपास के श्रद्धालुगण जुट रहे हैं।

## चुनावी जुमला ना बने महिला आरक्षण बिल : पूर्णिमा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** कांग्रेस पार्टी की प्रदेश सचिव सह जोनल प्रवक्ता श्रीमती पूर्णिमा पाण्डेय ने लोकसभा एवं राज्यसभा में पारित महिला आरक्षण बिल पर प्रतिक्रिया देते हुये कहा कि यह बिल महिलाओं के हित में है इससे महिलाओं की भागीदारी बढ़ेगी और कांग्रेस पार्टी में यह बिल के पारित होने पर ख़ुशी भी है। क्योंकि पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी जी का यह सपना था कि सभी प्रकार के चुनाव में महिलाओं की भागीदारी बढ़े। स्थानीय पंचायत एवं निकाय चुनाव में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने को लेकर स्वर्गीय राजीव गांधी जी की सरकार में पहली बार महिला आरक्षण बिल लाया गया था जिसे पी वी नरसिम्हा राव जी की सरकार में पारित किया कराया गया था । पूर्व की कांग्रेस सरकार ने महिलाओं को पंचायती राज में 33 प्रतिशत आरक्षण दिया था। इससे हमने पंचायत स्तर पर प्रगति देखी है। आज कई राज्यों में 33त्न आरक्षण को बढ़ाकर 50त्न किया गया है। अतः कांग्रेस पार्टी महिला आरक्षण बिल के लिये हमेशा माँग उठाती रही है और इसके पक्षधर रही है । इसे जितना जल्दी लागू किया जाये हमें उतनी ख़ुशी होगी।जिस तरह अमित शाह जी ने कहा था कि 2 करोड़ नौकरियां देने का वादा और 15-15 लाख सबके खाते में देने वाली बात तो चुनावी जुमला था। अतः मैं चाहती हूं कि महिला आरक्षण बिल एक चुनावी जुमला न बने, इसे लागू किया जाए और नियत साफ़ है एवं सच में महिला सशक्तिकरण चाहते हैं तो जैसे इन्होंने नोटबंदी का निर्णय तुरंत लिया था, वैसे ही महिला आरक्षण को लागू करने का फैसला भी तुरंत लेना चाहिये। शायद लोगों को मालूम नहीं है कि लोकसभा एवं विधानसभा में महिला आरक्षण को लागू करने का लिये परिसीमन होना ज़रूरी है और परिसीमन के लिये जनगणना होना ज़रूरी है वहीं जो जनगणना 2021 में होना था अभी तक तो वही जनगणना नहीं हुआ है । इसलिये खुद बीजेपी का कहना है कि यह आरक्षण 2029 तक लागू हो पायेगी जिसका साफ़ मतलब निकलता है कि इनका मंशा साफ़ नहीं है एवं इस बिल के सहारे बीजेपी 2024 लोकसभा चुनाव में वोट माँगना चाहती है और इसे चुनावी जुमला बनाना चाहती है।हमारी नेता आदरणीय श्रीमती सोनिया गांधी जी ने सदन में नारी शक्ति वंदन अधीनियम-2023 का पूर्ण समर्थन करते हुए यह साफ कर दिया कांग्रेस पार्टी ही वो पार्टी है जो वास्तव में महिला सशक्तिकरण की बात या उसको लागू करने को लेकर काम करती रही है।

### परंपरा और संस्कृति को बचाए रखना हमारा कर्तव्य : डॉ. रामेश्वर उरांव

# डॉ. रामेश्वर उरांव ने लोहरदगा व किस्को प्रखंड में सैकड़ो मांदर का किया वितरण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव द्वारा लोहरदगा एवं किस्को प्रखंड मुख्यालय में ग्रामीणों के बीच सैकड़ों मांदर वाद्ययंत्र का वितरण किया गया। वित्त मंत्री ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि आधुनिक युग में हमें अपनी संस्कृति को संरक्षित करने की जरूरत है। आदिवासी रीति रिवाज भाषा संस्कृति वेशभूषा हमारी पहचान है। हमारे झारखंड में छोटानागपुर के आदिवासियों के जितने भी गीत और नृत्य के प्रकार हैं रिझवार है। हम आदिवासियों की जीवन शैली समाज संरचना सांस्कृतिक मूल्यों को बरकरार रखने की आवश्यकता है। मांदर झारखंड का प्राचीन और अत्यंत लोकप्रिय वाद्य यंत्र है यह हमारे संस्कृति सभ्यता की पहचान है और हमारे ग्रामीण आदिवासी बहुल क्षेत्र में समूह गायन में लयात्मक संगीत के लिए,नृत्य के लिए इसका उपयोग मुख्य तौर पर किया जाता है इसके बिना त्योहार, अखड़ा, गायन, वादन, नर्तन, झांकी, नाटक का सौंदर्य अधूरा होता है। इसलिए हमारे आदिवासी धार्मिक,सांस्कृतिक, को बचाए रखने के लिए विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों में मांदर एवं नगाड़े का वितरण मेरे द्वारा किया जा रहा है जिससे हमारा पारंपरिक प्रकृति पर्व कर्मा पूरे जिले में हर्षोललास के साथ मनाया जा सके। इस वर्ष पूरा लोहरदगा जिला करमा पर्व का शुभ अवसर पर मांदर की थाप पर संगीतमय होगा। कर्मा पूर्व संध्या भी सभी लोग हर्षोल्लास के साथ मना सकेंगे। मौके पर प्रदेश प्रतिनिधि अजय शहदेव, विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल, प्रदीप विश्वकर्मा,राजू उरांव, किस्को जिला परिषद सदस्य संदीप गुप्ता, कुदुस अंसारी, पुनीता उरांव, विशाल डुंगडुंग, सुशील उरांव, असलम अंसारी, कबीर अंसारी, रफीक अंसारी, डोमना उरांव, हरिदास उरांव, सूरज मुंडा, रौनक इकबाल, कमरूल इस्लाम, हरिदास उरांव, कबीर अंसारी, तबरेज अंसारी, नसीम अंसारी, मनीष कुजूर, प्रकाश उरांव, अमृता भगत, तारिक अनवर, आदि उपस्थित थे।

## मच्छर वाले इलाके में निगम से बोलकर करायें फॉगिंग

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** डेंगू मलेरिया, चिकनगुनिया को लेकर रांची वासियों में भी डर और भय बन गया है। लोग अपने-अपने घरों में डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया जैसी बीमारी से बचाव के लिए नये-नये तरकीब अपना रहे हैं। लोग अपने घरों में मच्छरदानी और मोटीन का उपयोग कर ही रहे हैं। खासकर कांटाटोली कुरैशी मोहल्ला के लोग काफी डरे हुए हैं। आसपास में गंदगी और साफ सफाई नहीं रहने के कारण लोगों में मलेरिया, डेंगू,चिकनगुनिया का डर सता रहा है। कुछ घरों में डेंगू के मरीज पाए जाने की भी खबर से लोगों में डर का माहौल बन गया है। इन सबको देखते हुए कांटाटोली कुरैशी मुहल्ला स्थित जमीतुल कुरैश पंचायत के महासचिव परवेज कुरैशी ने नगर निगम के माध्यम से अल कुरैश तालीमी मिशन स्कूल,मदरसा फैजुल अनवर,जामा मस्जिद,वधशाला का मैदान सहित आसपास के खुले मैदान, गोदाम इत्यादि में नगर निगम के माध्यम से फागिंग करवाया गया। आसपास के घरों,नालियों में खुल मैदान में भी फॉगिंग कराया गया। ताकि मच्छर और उसका लार्वा को मिटाया जा सके और मोहल्ला वालों को डेंगू चिकनगुनिया से बचाया जा सके। साथ ही उन्हें मच्छरदानी लगाकर सोने, शाम में मोटीन जलाने, आसपास में गंदगी ना रहे, टायर में पानी न जाम ने दें , टायर वाले जगह पर टीन ,टूटा बर्तन या खुले गढ़ों में जल जमाव न हो इन सब पर विशेष ध्यान रखते हुए साफ-सफाई रखने एवं ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव कराने की जानकारी दी गई है।

## नबी के शान में जुलूस ए मोहम्मदी का जुलूस धूमधाम से निकाला जाएगा : मौलाना बरकाती

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कांटाटोली कुरैशी मुहल्ला जामा मस्जिद के इमाम ओ खतीब मंजूर हसन बरकाती ने जुमा के दौरान तकरीर के वक्त सभी को संबोधित करते हुए कहा कि जश्न ए ईद मीलादुन्नबी 28 सितम्बर दिन जुमेरात को रांची में जुलूस-ए मोहम्मदी निकाले जाने का निर्णय गया है । सभी क्षेत्रों से जुलूसे मोहम्मदी लगभग सुबह 9 से 10 बजे अपने क्षेत्र से निकलकर 11 बजे कर्बला चौक, 1:00 बजे दोपहर मेन रोड स्थित एकरा मस्जिद चौक एवं जोहर की नमाज़ के बाद यानि 2 से 3 बजे दोपहर तक डोरण्डा स्थित रेसालदार बाबा दरगाह में आयोजित आम सभा में उलेमाओं एवं विभिन्न धार्मिक संगठन के प्रमुख प्रतिनिधियों के द्वारा सम्बोधन एवं सामूहिक दुआ के बाद समापन कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि नबी के शान में जुलूस ए मोहम्मदी का जुलूस धूमधाम हमारे कुरैशी मुहल्ला सहित आस पास के सभी कालोनी से निकाला जायेगा।हर साल की तरह इस साल भी सभी अपने अपने घरों को सजाए,निशान लगाए, फातिहा करें, लंगर बांटे,साफ पोशाक पहने। साथ ही उन्होंने नमाज पढ़ने पर भी जोर दिया कहा हर मुसलमान को पांच वक्त का नमाज पढ़ना चाहिए।

## इड़ा व पिंगला में संतुलन होता है तब चक्रों की जागृति होती है : डॉ. परिणीता सिंह

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** योग विशेषज्ञ डॉ. परिणीता सिंह ने बताया कि नाड़ियाँ जिसे विज्ञान ने भी माना है- ये सूक्ष्म शरीर मे व्याप्त है, परन्तु अपनी कार्य प्रणाली द्वारा स्थूल शरीर को प्रभावित करती है। चक्र, जिसे यौगिक भाषाओं में अतीन्द्रिय शक्तियों का केन्द्र कहा गया है, जो हमारे सूक्ष्म शरीर मे स्थित है। ये नाड़ियॉ हमे उन सूक्ष्म शरीर तक ले जाने में सक्षम है। जब इड़ा (बॉया नासाग्र रंध्र) और पिंगला (दॉया नासाग्र रंध्र) मे सम्यक संतुलन होता है तब चक्रों की जागृति होती है। अलग-अलग यौगिक ग्रंथों में नाड़ियों की सख्या अलग-अलग बतायी गयी है, परन्तु सभी मे पिंगला, इड़ा एवं सुषुम्ना मुख्य नाड़ियों मानी गयी है। भारतीय शास्त्रों मे केवल इड़ा अथवा पिंगला के मार्ग को अंधकार का पथ माना गया है, जिसे पितृयान कहते हैं। यह पथ मोह और अज्ञान का है। इड़ा एवं पिंगला में जागृति और संतुलन प्रकाश का पथ कहलाता है। इसे देवों का पथ भी कहते हैं। इड़ा जिसे चित्त भी कहते है, यह आन्तरिक जगत के तथा पिंगला जिसे प्राण कहते है, सांसारिक प्रपंच में समन्वय स्थापित करता है।

## नारी शक्ति वंदन अधिनियम पास होने पर प्रधानमंत्री का जताया आभार

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** लोकसभा एवं राज्यसभा में नारी शक्ति वंदन अधिनियम को पारित कराने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार व्यक्त किया। भाजपा प्रदेश कार्यालय में शुक्रवार को पत्रकार वार्ता में महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष आरती कुजूर ने कहा कि प्रधानमंत्री ने महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए बहुत ही अतुलनीय कार्य किया है। 27 वर्षों के लंबे इंतजार के बाद महिलाओं को उनका सम्मान मिला। उन्होंने कहा कि यूं तो देश के सर्वोच्च पद पर एक आदिवासी महिला को बिठाकर प्रधानमंत्री ने पहले ही महिला सशक्तिकरण की मिसाल प्रस्तुत कर दिया और अब नारी शक्ति वंदन अधिनियम पारित कर महिलाओं को उनका पूरा अधिकार देने का काम किया। अब विधानसभा से लेकर लोकसभा तक महिलाओं की आवाज ज्यादा संख्या में गूंजेगी। इस पुनीत कार्य के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का झारखंड प्रदेश की तमाम महिलाओं की ओर से बहुत-बहुत धन्यवाद एवं आभार। मंच का संचालन महिला मोर्चा की प्रदेश प्रवक्ता सुचिता सिंह ने किया। महिलाओं ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर एवं मिठाई खिलाकर जश्न मनाया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रदेश कार्यसमिति सदस्य पुनीता रॉय, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य लक्ष्मी कुमारी , उपाध्यक्ष रेणुका मुरमू , कार्यालय मंत्री बबीता वर्मा, सह कार्यालय मंत्री रेखा महतो, सोशल मीडिया प्रभारी रंजिता सिंह, बबीता झा, कार्यसमिति सदस्य जयश्री आदि मौजूद रहीं।

## सामूहिक दुष्कर्म के पांच आरोपित गिरफ्तार

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पश्चिम सिंहभूम थाना पुलिस ने सामूहिक दुष्कर्म के पांच आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपितों में विशाल पूर्ति , सिंगराय पूर्ति , हरिचरण पाड़ेया, सुलेमान पूर्ति और हरिचरण पूर्ति शामिल है। इनके पास से एक बैग, आधार कार्ड, लेडिस पर्स, 300 रुपये, एक मोबाईल और एक हेडफोन बरामद किया गया है। एसपी आशुतोष शेखर ने शुक्रवार को बताया कि 21 सितम्बर को मुफस्सिल थाना क्षेत्र के बारीजल में दुष्कर्म की सूचना मिली। सूचना के बाद एसडीपीओ दिलीप खलखो के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। टीम ने 24 घंटे के अंदर घटना में शामिल पांचों आरोपितों को गिरफ्तार किया।

## रक्तदान जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मोरहाबादी मैदान में एचआईवी एड्स,




आयुष्मान भव, रक्त दान जागरूकता कार्यक्रम के लिए मैराथन का आयोजन किया गया। इस आयोजन में कुल 23 धावकों को पुरस्कृत किया गया जिसमें 3 ट्रांसजेंडर को भी पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर सिविल सर्जन डॉक्टर प्रभात के अलावा डा बिमलेश,डा प्रशांत, डा सत्य प्रकाश सहित कंचन , किरण , अंजली ,अर्चना , शुभ्रा , इत्यादि उपस्थित रहे। डा प्रभात ने बताया कि इस आयोजन में सफल प्रतिभागियों को प्रथम पुरस्कार 5000, द्वितीय पुरस्कार 3000और तृतीय 2000 रुपए पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

## चांडिल स्टेशन पर भी रुकेगी वंदे भारत एक्सप्रेस : सांसद

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** 24 सितंबर 2023 रविवार से रांची से हावड़ा के लिए शुरू होने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस का ठहराव ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र के चांडिल रेलवे स्टेशन पर भी सुनिश्चित हो गया है। इसकी अधिसूचना दक्षिण पूर्व रेलवे के द्वारा जारी कर दी गई है। विदित हो कि वंदे भारत एक्सप्रेस का रांची से हावड़ा के लिए परिचालन रविवार 24 सितंबर से सुनिश्चित किया गया था। सांसद संजय सेठ के आग्रह पर यह परिचालन शुरू हुआ है। सांसद ने अपने प्रस्ताव में रेल मंत्रालय को बताया था कि चांडिल में भी इस ट्रेन का ठहराव दिया जाए क्योंकि चांडिल बड़ा औद्योगिक क्षेत्र है। और झारखंड और पश्चिम बंगाल की सीमा पर स्थित है। रविवार से आरंभ होने वाले इस वंदे भारत एक्सप्रेस की सूची में चांडिल स्टेशन का नाम शामिल नहीं था। कल गुरुवार को सांसद संजय सेठ ने दिल्ली में रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव से बात की और चांडिल में इसका ठहराव देने का आग्रह किया।

# भारत निर्वाचन आयोग की टीम पहुंची रांची

### झारखंड में चुनाव कार्मिकों के प्रशिक्षण के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तकनीक के उपयोग का हुआ प्रतीकात्मक शुभारंभ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत भारत निर्वाचन आयोग के वरीय अधिकारियों की टीम रांची पहुंची है। यहां आज शुक्रवार को एक स्थानीय होटल में विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2024 को लेकर समीक्षा बैठक चल रही है। सुबह 9:00 बजे से शुरू हुई इस समीक्षा बैठक के देर शाम तक चलने की उम्मीद है। भारत निर्वाचन आयोग के वरीय उप चुनाव आयुक्त धर्मेंद्र शर्मा, वरीय उप चुनाव आयुक्त नितेश कुमार व्यास एवं उप चुनाव आयुक्त मनोज कुमार साहू, झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार की मौजूदगी में सभी जिलों के उपायुक्तों सह जिला निर्वाचन पदाधिकारियों के साथ समीक्षा कर रहे हैं। मंत्रिमंडल निर्वाचन विभाग एवं जिला निर्वाचन पदाधिकारियों के साथ विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण समीक्षा बैठक आरंभ होने से पूर्व झारखंड मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय की ओर से तैयार की गई चुनाव प्रश्न बैंक नामक पुस्तक के अंग्रेजी और हिंदी संस्करण



का विमोचन भारत निर्वाचन आयोग के पदाधिकारियों के हाथों किया गया। इस पुस्तक में चुनाव प्रक्रिया से संबंधित 1200 से अधिक बहुविकल्पीय प्रश्नों का समावेश है। वहीं निर्वाचन आयोग के जागरूकता गीत मैं भारत हूं के झारखंड की स्थानीय भाषाओं के संस्करण को लॉन्च किया गया। झारखंड मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय की ओर से तैयार किए गए इस गीत के स्थानीय संस्करण को मुंडारी, कुड़ुख, हो, संथाली तथा खड़िया भाषा में तैयार किया गया है। इसके अलावा मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी झारखंड कार्यालय द्वारा तैयार किये जा रहे इंटीग्रेटेड लर्निंग मैनेजमेंट सिस्टम नवाचार के तहत चुनाव कर्मियों के प्रशिक्षण में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के उपयोग के लिए तैयार किए गए विशेष आईटी टूल को भी लॉन्च किया गया साथ ही भारत निर्वाचन आयोग के अधिकारियों के समक्ष इसका डेमो भी प्रदर्शित किया गया। झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय के द्वारा किये जा रहे प्रयासों को लेकर भारत निर्वाचन आयोग के पदाधिकारियों ने संतोष व्यक्त किया। इस एक दिवसीय समीक्षा बैठक में सभी जिलों के जिला निर्वाचन पदाधिकारियों के द्वारा पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन दिया जा रहा है जिस पर भारत निर्वाचन आयोग के पदाधिकारियों द्वारा बारी-बारी से समीक्षा की जा रही है एवं आवश्यक निर्देश दिए जा रहे हैं।

## एयरपोर्ट पर एक यात्री के बैग से मिली इंसास की गोली, भेजा गया जेल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** शुक्रवार को बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर एक यात्री के बैग की जांच के दौरान बैग से इंसास की गोली बरामद हुई । एयरपोर्ट पर सुरक्षा में तैनात सीआईएसएफ जवानों ने व्यक्ति को एयरपोर्ट थाना के सुपुर्द कर दिया। थाना प्रभारी आनंद ने बताया कि व्यक्ति गिरिडीह निवासी विनोद यादव के बैग से बरामद की गई है। विनोद अपने बच्चे का इलाज कराने बंगलुरू जा रहा था। इस दौरान एयरपोर्ट पर तैनात सुरक्षाबलों के जवानों ने जब उसके बैग की तलाशी ली तो उसके बैग से इंसास राइफल की गोली बरामद हुई। उसके साथ पूछताछ की गई पूछताछ में यह पता चला कि उसके पास कोई लाइसेंसी हथियार नहीं है और वह गोली कैसे आई इसकी इसकी जानकारी नहीं है। लेकिन प्रतिबंधित है इसलिए उसे जेल भेज दिया गया है।

## नारी शक्ति वंदन अधिनियम-2023 चुनावी जुमला से कम नहीं है : आभा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमिटी की प्रवक्ता आभा सिन्हा ने कहा है कि मोदी सरकार द्वारा संसद में पेश नारी शक्ति वंदन अधीनियम-2023 चुनावी जुमला से कम नहीं है और एक बार फिर मोदी सरकार आम चुनाव से पहले देश की महिलाओं की उम्मीदों के साथ विश्वासघात करने को आतुर है। उन्होंने कहा कि भारत जी20 देशों के समूह का एकमात्र वह देश है, जहां दशकीय जनगणना अभी भी नहीं हो पाया है और मोदी सरकार की 2021 में होनेवाली दशकीय जनगणना में विफलता को दर्शाता है। मोदी सरकार द्वारा संसद में पेश नारी शक्ति वंदन अधीनियम-2023 के बारे में कहा गया है कि यह विधेयक अधिनियम बनने के बाद, जो पहली दशकीय जनगणना होगी, उसके उपरांत ही महिलाओं के लिए आरक्षण लागू होगा, तो इससे स्पष्ट होता है कि यह विधेयक केवल देश की महिलाओं से आगामी चुनाव में वोट लेकर उन्हें धोखा देना है। उन्होंने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधीनियम-2023 अगली जनगणना के प्रकाशन और उसके बाद परिसीमन प्रक्रिया के बाद प्रभावी होगा, तो इससे यह साफ हो जाता है कि महिला आरक्षण विधेयक एक चुनावी जुमला है। वर्तमान में 2029 के पूर्व यह संभव ही नहीं है।

## प्रशासक निगम ने क्षेत्रांतर्गत प्रमुख करमा पूजा स्थल का किया निरीक्षण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** झारखण्ड के प्रकृति महापर्व करमा के मद्देनजर प्रशासक अमीत कुमार, भाप्रसे के द्वारा निगम क्षेत्रांतर्गत प्रमुख करमा पूजा स्थल / अखडा यथा सहजानंद चौक, हातम बस्ती एवं करमटोली चौक में साफ-सफाई एवं निगम स्तर से उपलब्ध करायी जा रही व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण क्रम में उनके द्वारा संबंधित पदाधिकारी एवं टीम को यह निदेश दिया गया कि करमा पूजा के पूर्व सभी अखड़ा की प्रतिदिन पूर्ण सफाई करायी जाए एवं ब्लीचिंग व चूने का छिड़काव कराया जाए। इसके अलावा जिन-जिन अखड़ों में स्टोन डस्ट, पेवर ब्लॉक आदि की आवश्यकता है, उसे तुरंत उपलब्ध करायी जाए ताकि पूजा क्रम



में किन्हीं को भी अनावश्यक रूप से परेशानियों का सामना न करना पड़े। सभी पूजा स्थलों / अखड़ा में गढ्ढों का समतलीकरण करने के साथ-साथ पानी के टैंकर, चलंत शौचालय की व्यवस्था भी सुनिश्चित करने का निदेश दिया गया तथा उन्होंने निगम क्षेत्रांतर्गत विभिन्न सरना स्थलों पर विद्युत की प्रर्याप्त व्यवस्था, खराब पड़े पथ बत्तियों को दुरुस्त करने के साथ साथ सौंदर्यकरण से संबंधित सभी कार्य करने का निदेश दिया गया। प्रशासक ने कहा कि करमा पूजा के अवसर पर नगर निगम को टीम प्रमुख करम अखड़ों एवं अलग-अलग स्थलों पर साफ-सफाई व्यवस्था का निरीक्षण लगातार कर रहे हैं। जहां कहीं भी किसी तरह की कोई कमी पाई जा रही है, उसे नगर निगम के तरफ से उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कई जगह पर पिछले तीन दिनों से बारीश के कारण जल जमाव की भी समस्या उत्पन्न हुई है, उसे भी व्यवस्थित करने का कार्य नगर निगम की टीम कर रही है। प्रशासक ने रांची के नगरवासियों को आगामी करमा पूजा की बधाई एवं शुभकामनाए देते हुए लोगो से यह अपील की है कि करमा पूजा के दौरान साफ-सफाई बनाए रखे, कूड़े को यत्र-तत्र ना फेंके तथा अपने शहर को स्वच्छ एवं रमणीक बनाए रखने में सहयोग करें और गीले-सूखे कचड़े को अलग-अलग कर ही निगम के कूड़े संग्रहण वाहनों में डालें और प्रशासक द्वारा सफाई मित्र सुरक्षा शिविर का निरीक्षण किया।

## झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज की आमसभा संपन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज की 59वीं वार्षिक आमसभा शुक्रवार को हुई। चैंबर भवन में 138 सदस्यों की उपस्थिति में आमसभा का आयोजन किया गया। इसमें रांची के अलावा गिरिडीह, गुमला, सिमडेगा, खूंटी, चाईबासा जिलों के चैंबर ऑफ कॉमर्स, सम्बद्ध संस्थाओं के पदाधिकारियों के साथ-साथ जिले के व्यवसायी-उद्यमी एवं प्रोफेशनल्स उपस्थित थे। महासचिव डॉ अभिषेक रामाधीन ने चैंबर के इस सत्र की वार्षिक गतिविधियों को सभा के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जिसे सदस्यों ने अनुमोदित किया। कोषाध्यक्ष सुनिल केडिया ने चैंबर के सत्र 2022-23 के बैलेंस शीट और आय-व्यय की रिपोर्ट को प्रस्तुत किया, जिसे सभा में उपस्थित सदस्यों ने पारित किया। आमसभा की ओर से सर्वसम्मति से चैंबर के ऑडिटर की नियुक्ति की गई। इस दौरान मेसर्स जेएन अग्रवाल एण्ड कंपनी को पुनः एक वर्ष के लिए चैंबर का ऑडिटर नियुक्त किया गया। मौके पर चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री ने कहा कि फेडरेशन को राज्यस्तरीय स्वरूप देने के लिए वर्षभर हमारी कमिटी ने प्रयास किया है। पूरे वर्ष के दौरान 14 जिलों का दौरा किया गया। इस दौरान कई जिलों में चैंबर की स्थापना के साथ ही जिला स्तर पर रिजनल कांक्लेव का आयोजन और व्यापार जगत से जुडी कानूनी जटिलताओं के सरलीकरण की दिशा में हमारे प्रयासों के बेहतर परिणाम आये हैं। राज्य में भवन नियमितीकरण योजना का प्रारूप तैयार होना, होल्डिंग टैक्स की दरों में संतोषजनक कमी किये जाने के साथ ही ईस्टर्न जोन के चैबर्स के बीच झारखंड चैंबर को नेतृत्व प्रदान करने की सफल कोशिश की गई है। सभा में उपस्थित सभी सदस्यों ने चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री के अध्यक्षीय कार्यकाल की प्रशंसा करते हुए उनका अभिवादन किया।

## पर्यावरण जलीय कृषि व सतत कृषि पर तीन दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सभा शुरू

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** संत जेवियर्स कॉलेज रांची में पर्यावरण जलीय कृषि और सतत कृषि पर तीन दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सभा का कॉलेज के फादर सी. डिब्रावर सभागार में आयोजित कर शुभारम्भ किया गया। इस अवसर कॉलेज के प्राचार्य डॉ. फा. नबोर लकड़ा व डॉ. अजय कुमार श्रीवास्तव ने देश विदेश से आये लोगों का लोगों का स्वागत किया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन कर और विशिष्ट अतिथियों का अभिवादन कर किया गया। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. नबोर लकड़ा ने अपने स्वागत संबोधन में बताया कि इस तरह के आयोजन से नए उभरते वैज्ञानिकों को रिसर्च से जुड़ी कई नयी चीजों को जानने का अवसर प्रदान करता है। भारत एक कृषि प्रधान देश है और इस तरह के आयोजन से देश को इस क्षेत्र में आगे बढ़ने का अवसर मिलता है। कार्यक्रम के अवसर पर मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित रांची विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. अजीत कुमार सिन्हा ने बताया कि रिसर्च को आगे ले जाने की आवश्यकता है आज शोधार्थी शोध कार्य को अधुरा छोड़ देते हैं उसके विभिन्न आयोमों को न सहेजते हैं और ना समझते हैं। इस अवसर पर आएफईई कोलकाता के डॉ. तिरिब बंदोपाध्याय, कॉन्फ़ेडरेशन ऑफ़ इंडियन यूनिवर्सिटीज के सचिव डॉ. तन्मय रुद्रा, पूर्वकुलपति डॉ. एच.पी. शर्मा , बीएयू के कुलपति डॉ. ओंकारनाथ सिंह , विभिन्न राज्यों से आये रिसर्चचर व बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे। पहले दिन का समापन डॉ. अजय कुमार श्रीवास्तव ने धन्यावाद ज्ञापन कर किया।

## रिसालदार बाबा का पांच दिवसीय सालाना उर्स 5 अक्टूबर से

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** हजरत कुतुबुद्दीन रिसालदार शाह बाबा का पांच दिवसीय सालाना उर्स 5 अक्टूबर से 9 अक्टूबर 2023 तक शुरू हो रहा है । दरगाह शरीफ में सालाना उर्स की तैयारीयों को लेकर नवनिर्वाचित पदाधिकारियों की टीम लगातार कम कर रही है। सभी पंचायतों , संगठनों, अंजुमन, संस्थान सहित पुलिस प्रशासन, जिला प्रशासन, पार्षद, मुखिया, विधायक, सांसद, मंत्री को दावतनामा वगैरह बांट रहे हैं । उर्स मेला भव्य तरीके से संपन्न हो इसके



लिए दरगाह शरीफ की नवनिर्वाचित कमेटी के अध्यक्ष अयुब गद्दी, महासचिव जावेद अनवर , उप सचिव जुल्फिकार अली भुट्टो , वार्ड 45 का पार्षद नसीम उर्फ पप्पू गद्दी सहित कई पदाधिकारी गण रांची जिला उपायुक्त राहुल सिन्हा और अनुमंडल पदाधिकारी दीपक दुबे से मुलाकात की और उन्हें दावतनामा दिया। साथ ही साफ सफाई , विधि व्यवस्था पर भी चर्चा की । हर साल की तरह उर्स को बेहतर और शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने में जिला प्रशासन से सहयोग की अपील की है। बता दे की ज़श्न ए ईद मिलादुन्नबी 28 सितंबर से शुरू हो रहा है। इसी के साथ लोगों की भीड़ डोरंडा थाना क्षेत्र के चंदवारी मैदान स्थित हजरत कुतुबुद्दीन रिसालदार बाबा के मजार पर भीड़ लगनी शुरू हो जाती है, जो सालाना उर्स तक रहती है।

## जैप-10 के सिपाही पर दुष्कर्म का लगा आरोप

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** भरत पाठक जैप-10 के सिपाही पर पर पदस्थापित हैं उसपर एक महिला ने शादी का झांसा देकर दुष्कर्म का आरोप लगाया है। यह आरोप हावड़ा में रहनेवाली एक शादी-शुदा महिला ने लगायी है। आरोप है कि अलग अलग होटलों में शादी का झांसा देकर उसके साथ दुष्कर्म किया और एक लाख रुपये ठग भी लिया। होटल में दुष्कर्म करने के बाद महिला को अपने घर ले जाने का झांसा देकर रांची स्टेशन पर लाया और वहां छोड़ कर भाग गया। इस घटना के बाद महिला ने चुटिया थाना पहुंची और जैप-10 के सिपाही भरत पाठक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी है। बताया जा रहा है कि महिला का पति से संबंध खराब हो गया है। उसने प्राथमिकी में लिखा है कि फेसबुक के माध्यम से भरत पाठक से उसकी बातचीत शुरू हुई, काफी दिनों तक यह सिलसिला चलता रहा। बाद में भरत पाठक हावड़ा आ गया और शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाया। इस संबंध में जैप के जवान भरत को अपना पक्ष जरुर रखना चाहिए ताकि सच सामने आ सके।

## ग्लोस्टर ने उत्पाद, क्षमता, सुरक्षा व रखरखाव पर तकनीकी सेमिनार का किया आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** हाल ही में एक घोषणा में, ग्लोस्टर केबल्स लिमिटेड के मार्केटिंग निदेशक विनय राठी ने मीडिया को ग्लोस्टर द्वारा रांची में एक तकनीकी सेमिनार के सफल आयोजन के बारे में जानकारी दी। %ग्लोस्टर - उत्पाद और क्षमताएं - सुरक्षा और रखरखाव शीर्षक वाले सेमिनार में विभिन्न सरकारी विभागों के गणमान्य व्यक्तियों और प्रतिष्ठित पेशेवरों की भागीदारी देखी गई। श्री विनय राठी ने इस बात पर जोर दिया कि झारखंड की विशाल खनिज संपदा और रणनीतिक स्थिति इसे विद्युत वस्तुओं के निर्माण के लिए




एक आशाजनक केंद्र बनाती है। कुशल कार्यबल और सरकारी प्रोत्साहन के साथ, यह क्षेत्र में व्यवसायों को आकर्षित करता है। जैसे-जैसे भारत में विद्युत उपकरणों की मांग बढ़ती जा रही है, झारखंड इन जरूरतों को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए तैयार है। श्री राठी ने कहा कि इसी कारण से ग्लोस्टर ने अपनी घरेलू वायर रेंज को यहां लॉन्च करने का निर्णय लिया। साथ ही कंपनी नये वितरकों की नियुक्ति कर रही हैं।उन्होंने बताया कि मौजूदा व्यापक आर्थिक चुनौतियों, कमोडिटी की कीमतों में उतार-चढ़ाव और मार्जिन

## सैकड़ों युवाओं ने आजसू पार्टी का थामा दामन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** आजसू के हरमू स्थित केंद्रीय कार्यालय में आयोजित मिलन समारोह में खूंटी, बोकारो, रांची, हजारीबाग, गोड्डा जिले से आए सैकड़ों युवाओं ने पार्टी का दामन थामा। समारोह को संबोधित करते हुए आजसू अध्यक्ष सुदेश महतो ने कहा कि राज्य सरकार की गलत नीतियों से प्रदेश के युवा परेशान हैं। पढ़ाई पूरी करने के बाद युवा नौकरी के लिए इधर-उधर भटकने को मजबूर हैं। सरकार ना रिक्त पदों को भर पा रही है और ना रोजगार के अन्य विकल्प पर सोच रही है। उन्होंने पार्टी में शामिल हुए युवाओं से कहा कि युवा नेतृत्व और नवीन सोच से राज्य के नवनिर्माण के लक्ष्य तक पहुंचा जा सकता है। राज्य के सभी युवाओं में नेतृत्व की क्षमता है, जिसे तराशने और निखारने का प्लेटफार्म आजसू देगी। पार्टी का उद्देश्य आम लोगों के बीच से नेतृत्वकर्ता तैयार करना है। युवा अपने भविष्य के साथ साथ राज्य के भविष्य के लिए भागीदार बन सकते हैं।महाधिवेशन को लेकर महतो ने कहा कि 29, 30 सितम्बर और एक अक्टूबर को होने वाले पार्टी के केंद्रीय महाधिवेशन का लक्ष्य राज्य के लोगों को एक मंच देना और संवाद से समाधान ढूंढना है। इस ऐतिहासिक महाधिवेशन में शामिल होने के लिए कोई भी व्यक्ति किसी भी जगह से 99905 99905 पर मिस कॉल देकर पंजीकरण करा सकते हैं।जब्बार खान और सिद्धार्थ सिंह की अगुवाई में रांची से अंकित पन्द्रेवाल, संदीप कुमार, कुशेन्द्र कुमार महतो, सर्वेश्वर महतो,संजय कुमार, हेमलता उपाध्याय, मधुशिमता गुड्डु, शोभा कुमारी, प्रभा कुमारी, सरिता कुमारी, संजू कुमारी, सीता कुमारी,सुनीता देवी, प्रियंका कुमारी, हजारीबाग से राहुल शर्मा, कृष्णा राणा, सुभाष शर्मा, खूंटी से बागो लकड़ा,बोकारो से चन्दन हाजरा, गोड्डा से मदरा कुमार महतो एवं अन्य ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

# कर्मा हमारी पहचान का त्योहार, आपसी सद्भावना-सहयोग को और भी मजबूत करें : बंधु तिर्की

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मांडर :** पूर्व मंत्री, झारखण्ड सरकार की समन्वय समिति के सदस्य एवं झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा है कि करमा मूलतः आदिवासियों की पहचान के साथ ही उनकी संस्कृति, परम्परा और जमीन से जुड़ा वैसा त्योहार है जो हमारी दृढ़ आस्था को और भी मजबूत करता है। उन्होंने कहा कि जनजातीय आबादी एवं मूलवासियों के लिये उनकी सभ्यता-संस्कृति ही सबसे बड़ी सम्पदा और धरोहर है जिसकी रक्षा सभी के द्वारा हर हाल में की जानी चाहिये। आज मांडर के हारिल में धूमकुड़िया भवन का



उद्घाटन करने के बाद श्री तिर्की ने कहा कि आज की समय की यह मांग है कि हम अपनी पहचान परंपरा एवं संस्कृति को कहीं से भी कमजोर नहीं होने दें। धूमकुड़िया भवन के निर्माण के संदर्भ में श्री तिर्की ने कहा कि उनका पूरा समर्पण गाँवों में आधारभूत सुविधा और संरचना के विकास पर है और जल्दही हारिल की सड़क का निर्माण भी किया जायेगा। मौके पर असरीता एक्का रिना एक्का मंगु उरांव पंखरासयुस टोप्पो पुनीत एक्का सिपरयानुस एक्का मुस्ताक अंसारी मंगा उरांव सुनीता उरांव.निरज एक्का विधायक प्रतिनिधि जमील मलिक.के अलावा भारी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# भगवान बिरसा मुंडा की जन्मस्थली उलिहातु पहुंचकर बाबुलाल मरांडी ने श्रद्धा सुमन अर्पित किया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**अड़की :** भाजपा के संकल्प यात्रा के तहत धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की जन्मस्थली उलिहातु स्थित बिरसा ओड़ा में शुक्रवार को अपने सैकड़ो समर्थकों के साथ भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी पहुंचे ।

इस दौरान सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय के छोटे-छोटे बच्चे बच्चियों के द्वारा पारंपरिक रीति रिवाज के साथ चंदन का टीका लगाकर, आम पत्ते से जल छिड़क कर, माला पहनाकर , गीत संगीत के साथ स्वागत किया गया । इस दौरान बाबूलाल मरांडी काफी प्रफुल्लित दिखे और उन्होंने प्यार से बच्चों को माला पहनाया । इधर भाजपा के कार्यकर्ताओं द्वारा गर्म जोशी से पुष्प गुच्छा देकर उनका स्वागत किया । तत्पश्चात बाबूलाल मरांडी गांव के पहान के मंत्रोचरण के साथ भगवान बिरसा मुंडा के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया एवं धरती आबा के वंशज से मिले एवं हाल-चाल जाना और धोती साड़ी देकर सम्मानित किया ।

# मुखिया संघ ने किया स्वागत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**ओरमांझी :** शुक्रवार को प्रखंड के मुखिया संघ के प्रखंड अध्यक्ष दीपक बड़ाईक के नेतृत्व में ओरमांझी के नव पदस्थापन थाना प्रभारी एवं एवं अंचल अधिकारी का स्वागत किया। साथ में ओरमांझी पंचायत के उप मुखिया संतोष गुप्ता,सदमा पंचायत के मुखिया सुनील उरांव, टुंडाहुली पंचायत के मुखिया रमेश बेदया, चुटुपालु पंचायत के मुखिया वीरेंद्र मुंडा, पांचा पंचायत के मुखिया सुफल महली, चकला पंचायत के मुखिया शिवनाथ मुंडा, बारिडीह पंचायत के मुखिया पार्वती देवी,चाडू पंचायत के मुखिया रोजलिन लकड़ा, बरवे पंचायत के मुखिया अनीता लिंडा, करमा पंचायत के मुखिया सविता देवी, हेंदेबिली पंचायत के मुखिया दसवीं मिज, गगारी के मुखिया धनराज बेदिया उपस्थित थे।

# झारखंड की फुटबॉल टीम के विजेता खिलाड़ी आरती कुमारी को चकला विद्यालय ने किया सम्मानित

**ओरमांझी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** पंजाब के अमृतसर में अंडर 14 नेशनल फुटबॉल टूर्नामेंट में बंगाल टीम को फाइनल मुकाबले में हराने वाली झारखंड टीम के विजेता खिलाड़ी आरती कुमारी को अपने गांव लौटने पर जगह जगह पर जोरदार स्वागत किया गया। शुक्रवार को मध्य विद्यालय चकला ओरमांझी में स्वागत समारोह आयोजित कर सम्मानित किया गया। नेशनल फुटबॉल खिलाड़ी आरती कुमारी को विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने मुख्य द्वार से तिलक लगाकर स्वागत कर कार्यक्रम स्थल तक ले जाया गया। विद्यालय के प्रधानाध्यापिका कुमारी किरण माला, शिक्षक संघ के प्रखंड अध्यक्ष सह विद्यालय के सहायक शिक्षक सतीश बड़ाईक सहित अन्य शिक्षक शिक्षकों एवं विद्यालय के बच्चों ने अपने विद्यालय के छात्रा रही आरती कुमारी को पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया। साथ ही विद्यालय परिवार की ओर से खेल किट खरीदने हेतु 3100 रु नगद राशि भी दिया गया। इस अवसर पर शिक्षक संघ के प्रखंड अध्यक्ष सतीश बड़ाईक ने कहा कि आरती कुमारी के बेहतरीन खेल का प्रदर्शन कर झारखंड के साथ साथ अपने मां बाप एवं ओरमांझी प्रखंड का भी नाम रोशन किया। वहीं विद्यालय के प्रधानाध्यापिका कुमारी किरण माला ने कहा कि हमारे विद्यालय के छात्रा रही आरती कुमारी के सफलता पर हम सभी गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं । इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाध्यापिका कुमारी किरण माला, सतीश बड़ाईक, आशा कुमारी, निर्मला कुजूर, मो मुस्तफा अंसारी, अनुपा शैल बाला कुजूर , संगीता कुमारी, प्रभा देवी, विद्यालय के प्रधान मंत्री शिवानी कुमारी, लक्ष्मी कुमारी सहित विद्यालय के छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

# दक्षिणी अड़की के गांवों में नक्सलियों ने पोस्टरबाजी कर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई

**अड़की (प्रभात मंत्र संवाददाता):** खुंटी जिले के सूदूरवर्ती दक्षिणी अड़की के सिंजुड़ी एवं मुचिया बाजार टांड़ में गुरुवार की रात्रि को प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा माओवादी के द्वारा पोस्टरबाजी और बैनर लगाकर फिर से अपनी उपस्थिति दर्ज कराई है। ज्ञात हो की विगत 21 सितंबर से 27 सितंबर तक माओवादियों के द्वारा 19वां वर्षगांठ मनाया जा रहा है। बैनर में वर्षगांठ क्रांतिकारी उत्साह एवं दृढ़ संकल्प के साथ मनाने का निवेदन किया गया है। दक्षिणी अड़की सहित अड़की प्रखंड के कई गांव पूर्व से नक्सल प्रभावित रहे हैं पर हार्डकोर नक्सली कुंदन पाहन एवं बोयदा पहान के आत्मसमर्पण और गुरुवा लोहारा की गिरफ्तारी के बाद क्षेत्र की परिस्थितियों बदली थी। और धीरे-धीरे जनजीवन समान्य होने लगा था, लेकिन दक्षिणी अड़की के पश्चिमी सिंहभूम से सटे सीमावर्ती क्षेत्रों में पोस्टर बाजी से ग्रामीणों के बीच फिर एक बार दहशत का माहौल बना है। सूत्रों के अनुसार पुलिस को इसकी जानकारी मिलने पर पोस्टर एवं बैनर को जप्त कर लिया।इधर पूर्व घोषित भाजपा के कार्यक्रम संकल्प यात्रा के तहत भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी दक्षिणी अड़की के भगवान बिरसा मुंडा के जन्मस्थली उलिहातु पहुंचे जिसको लेकर चौक चौबंद सुरक्षा व्यवस्था देखी गई। इस दौरान बाबूलाल मरांडी अपने समर्थकों के साथ आधे घंटे तक उलिहातु में रहे।

# पिपरवार में 28 सितम्बर को निकाला जाएगा जुलुश ऐ मोहम्मदी

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा जामा मस्जिद के प्रांगण में शुक्रवार को जुम्मे की नमाज के बाद बचरा अंजुमन की एक आवश्यक बैठक संपन्न हुई।इस बैठक की अध्यक्षता सदर इस्लाम अंसारी और संचालन सेक्रेटरी शेख इरफान ने किया।बैठक में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी बचरा में ईद मिलाद उन नबी का त्योहार धूमधाम के साथ मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक में सर्वसम्मति से आगामी 28 सितंबर को ईद मिलाद



उन नबी के मौके पर बचरा जामा मस्जिद के प्रांगण से जुलूस ऐ मोहम्मदी निकालने का निर्णय लिया गया।यह जुलुश ऐ मोहम्मदी क्षेत्र के सभी इलाकों और आवासीय कॉलोनी का भ्रमण करेगा।वही शाम को बचरा जामा मस्जिद प्रांगण में जलसा का आयोजन करने का निर्णय लिया गया।जलसा में बाहर से उलेमा एवं मौलाना शामिल होगें।बैठक मे इसकी तैयारी को लेकर विचार विमर्श करते हुए सभी को अलग-अलग जिम्मेवारी सौंपी गई।बैठक में क्षेत्र के लोगों से जुलूस ए मोहम्मदी और जलसा कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की गई।बैठक मे हाफिज मुमताज,हाफिज मन्नवर, इस्लाम अंसारी,इरफान शेख, इकबाल हुसैन,अब्दुल कुदूस, वासिक रजा,अमजद अली, तहुर आलम,अयूब अंसारी, पिंटू खान,छोटू खान,रियासत अंसारी,जसीक अंसारी, मन्जुर आलम,दानिश अंसारी,कुदूस खान,कुर्बान शेख,कल्लन आजाद,रिंकु खान,मुजाहीद इमाम,अनवर अंसारी सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

# श्री राधेकृष्ण यूथ संगम द्वारा पंडाल में लगाया गया रक्तदान शिविर

**बेड़ो (प्रभात मंत्र संवाददाता):** श्री राधेकृष्ण यूथ संगम क्लब द्वारा थानावली महाबीर मंदीर प्रांगण मेंआयोजित पांच दिवसीय गणेश उत्सव के अवसर पर सुक्रवार को प्रत्येक वर्षो की तरह महाबीर चौक में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर



का उदघाटन आयोजन समिति के युवा सदस्यो ने रक्त दान कर किया। मौके पर अंकित सोनी कहा कि रक्तदान मनुष्य का रक्त दूसरे मनुष्य की जान बचाने का काम आएगा। इसे बड़ा कोई दान नहीं है। शिविर में रिम्स के चिकित्सक डॉ चंद्र भुषण,डॉ प्रिंय रंजन, लैब टेक्नीशियन प्रशात प्रसाद, जिरेन मनोज कुमार व मनोज कुमार के सहयोग से लोगो ने लगभग 35 यूनिट रक्तदान किया गया। वहीं शाम में पुजा पंडाल में महा प्रसाद में खिर भोग का वितरण किया गया।

# रेल टेका कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए आभार जताया

**सिल्ली(प्रभात मंत्र संवाददाता):** टोटेमिक कुरमी/ कुड़मी विकास मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष शीतल ओहदार ने सिंगपुर मैरिज हॉल में प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए कहा कि 20 सितंबर को आयोजित रेल टेका आंदोलन में शामिल होने के लिए मुरी पहुँचने वाले समाज के सभी भाई,



बहन, माता, पितातुल्य अभिभावक, प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, युटुबर, सोशल मीडिया सभी प्रतिनिधियों को धन्यवाद देते हुए आभार जताया। वहीं उन्होंने कहा है कि आप लोगों की सहयोग के बिना इतने बड़े आयोजन सफल हो ही नहीं सकता। आप लोगों ने अपने हक एवं अधिकार के लिए साहसिक कदम उठाते हुए अपना परिचय देते हुए इस कार्यक्रम में साथ दिया। साथ ही साथ सिल्ली तथा दूर दराज से आए समाज के लोगो ने भी पूरे रास्ते पर कठिनाइयों का सामना करते हुए भी कार्यक्रम स्थल पहुंचे इसके लिए सभी धन्यवाद के पात्र हैं। इसी तरह का समाज के लोगों का सहयोग रहा तो हम जल्द से जल्द अपने आंदोलन पर कामयाब होंगे। इस मौके पर केंद्रीय उपाध्यक्ष शिशुपाल महतो, संगठन सचिव रघुनाथ महतो, रांची जिला मीडिया प्रभारी जितेंद्र महतो, सिल्ली विधानसभा प्रभारी शशि रंजन महतो, रणजीत सिंह, घनेश्याम महतो, विकास महतो, दिनेश कुमार महतो आदि उपस्थित थे।

# विधायक ने किया मृतक परिवार को सहयोग

**ओरमांझी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** शुक्रवार को ओरमांझी प्रखंड के अंतर्गत गगारी गांव के मृतक अनु देवी और परनु महतो दोनों मृतक परिवार को विधायक राजेश कच्छप के सौजन्य से विधायक के सलाहकार रमेश उरांव के द्वारा 52- 52 किलो चावल सहयोग के रूप में दिया गया। मौके पर रमेश उरांव ने कहा कि विधायक राजेश कच्छप एवं कांग्रेस पार्टी जरूरतमंद लोगों को इस तरह का पुण्य कर लगातार करते आ रही है । और आगे भी सहयोग का कार्य जारी रहेगा। इस अवसर पर रमेश उरांव, हरिमोहन महतो, अनुसूचित जाति सेल के अध्यक्ष शिवटहल नायक, ग्राम प्रधान बालेश्वर उरांव, साधो उरांव, संजय तिर्की, इत्यादि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# सरला बिरला पब्लिक स्कूल के लिए गौरव का क्षण आईआरआईएस मेंटरिंग शिविर में विद्यार्थी आमंत्रित

**नामकुम (प्रभात मंत्र संवाददाता):** एसटीईएम में अनुसंधान और आविष्कार के लिए सरला बिरला पब्लिक स्कूल के कुमार दिव्यांशु राज और विनायक कुमार (कक्षा ७) को आमंत्रित किया गया है। सीबीएसई (आईआरआईएस) द्वारा शोध-आधारित विज्ञान पहल है जो युवा भारतीयों के बीच विज्ञान और अनुसंधान को बढ़ावा देती है। आईआरआईएस ने मेंटरिंग कैंप की अवधारणा प्रस्तुत की थी, जिसमें सरला बिरला पब्लिक स्कूल के दोनों विद्यार्थियों ने सीबीएसई राष्ट्रीय प्रदर्शनी में शीर्ष स्थान हासिल किया। ये छात्र प्रोजेक्ट जमा करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। विद्यालय के प्रशासनिक एवं कार्मिक प्रमुख डॉ० प्रदीप वर्मा ने टीम को उनकी गौरवपूर्ण उपलब्धि के लिए बधाई दी। प्राचार्या श्रीमती परमजीत कौर ने टीम को बधाई दी और मेंटरिंग कैंप के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि एनईपी 2020, इनोवेशन और योग्यता-आधारित शिक्षा पर ध्यान केंद्रित करती है और हमारा स्कूल छात्रों को स्टीमी (विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग, कला, गणित, इनोवेशन और उद्यमिता) के क्षेत्र में प्रदर्शन के अवसर प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

# विनोद बिहारी महतो कि जयंती मनाई जायेगी

**नामकुम (प्रभात मंत्र संवाददाता):** विनोद बिहारी महतो स्मारक समिति चतरा, टाटीसिलवे द्वारा चतरा पंचायत मे स्वर्गीय विनोद बिहारी महतो कि जयंती 23-09- 2023 शनिवार को प्रातः 10 बजे से मनाई जायेगी। पंचायत के सभी ग्रामीणों, पंचायत से जुड़ें प्रतिनिधि,विभिन्न राजनीतिक दलों से जुड़े महानुभावों,सामाजिक संगठनों, नारी शक्ति, को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया है। यह जानकारी प्रेस को संस्था के वरिष्ठ सदस्य सकुल महतो ने दी।


## रॉंची समाहरणालय,रॉंची

(समाज कल्याण शाखा) (जिला बाल संरक्षण इकाई)

गुमशुदा बालिका की सूचना

(बाल कल्याण समिति, रांची के आदेशानुसार)

. नाम– दामिनी कुमारी
. लिंग– बालिका
. पिता का नाम– अज्ञात
. माता का नाम– अज्ञात
. पता– अज्ञात
. जन्म तिथि– 15.08.2014 (लगभग)
. उम्र – 09 वर्ष
. रंग – सांवला



एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि बाल कल्याण समिति, रॉंची के आदेशानुसार प्रेमाश्रय, बालिका गृह, रॉंची में एक बालिका आवासित है जो अहातु थाना अन्तर्गत संन्हा दर्ज संख्या–865/2023, दिनांक–04.06.2022 से संबंधित है। जिसके जैविक एवं विधिक संरक्षक का पता लगाने हेतु राज्य स्तरीय एवं स्थानीय अखबार में विज्ञापन प्रकाशित की गयी है। उक्त बालिका के जैविक एवं विधिक संरक्षक का विज्ञापन प्रकाशन के 60 दिनों तक कोई दावा प्रस्तुत नहीं होने पर दत्तक ग्रहण मार्गदर्शिका 2017 के नियम, 6 के उपनियम, 13 के अन्तर्गत बालिका को दत्तक ग्रहण हेतु बाल कल्याण समिति, रॉंची द्वारा कानुनी रूप से मुक्त किया जा सकेगा।

दावा प्रस्तुत करने का पता एवं संपर्क नम्बर–

1. बाल कल्याण समिति, रॉंची
   रॉंची समाहरणालय, रॉंची, भवन–ब्लॉक बी,कमरा संख्या–110
2. जिला बाल संरक्षण इकाई, रॉंची।
   रॉंची समाहरणालय, रॉंची, भवन–ब्लॉक बी, कमरा संख्या–111
   सम्पर्क नम्बर–6513505516

PR 307506 Social Welfare,Women and Child Development(23-24)D

जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी, रॉंची।

जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, रॉंची।



## कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, हजारीबाग

ई–निविदा आमंत्रण सूचना

ई–निविदा सं0 :– 04/2023-24/RWD/EE/HAZARIBAG दिनांक :– 21.09.2023

कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, हजारीबाग द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है ।

1. कार्य की विवरणी :–

| क्र0 सं0 | आईडेन्टी फिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रुपया में) अंक में | अक्षर में | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | RWD/HAZ/STPKG/ 01/2023-24 | डाड़ी प्रखण्ड के पटरंगी से दरिया हुवाग तक पथ की सुदृढ़ीकरण कार्य (लं0–2.000 कि0मी0)<br>डाड़ी प्रखण्ड के चैनपुर से बड़कीटांड होते हुए होन्हेमोढ़ा तक पथ की सुदृढ़ीकरण कार्य (लं0–5.950 कि0मी0)<br>डाड़ी प्रखण्ड के इंटर कॉलेज होसिर से कनकी तक पथ की सुदृढ़ीकरण कार्य (लं0–5.000 कि0मी0)<br>दारु प्रखण्ड के नानो मोड़ से कंजिया (षेष भाग) तक पथ की सुदृढ़ीकरण कार्य (लं0–1.615 कि0मी0)<br>टाटीझरिया प्रखण्ड के परतंगा से मंगरपट्टा होते हुए कोनार नदी तक पथ की सुदृढ़ीकरण कार्य (लं0–7 .350 कि0मी0) | 10,99,89,600/- | दस करोड़ निन्यानवे लाख नवासी हजार छः सौ रुपये मात्र | 9 (नौ) माह |
| 2 | RWD/HAZ/STPKG/ 02/2023-24 | दारु प्रखण्ड के एन0एच0–100 से जबरा पाण्डेय टोला होते दारुडीह नदी तक पथ की सुदृढ़ीकरण कार्य (लं0–2. 350 कि0मी0)<br>सदर प्रखण्ड के एन0एच0–100 पंचायत सिलवार बस स्टॉप होते हुए पंचायत चुटियारो ग्राम डुमर तक पथ की सुदृढ़ीकरण कार्य (लं0–3.000 कि0मी0)<br>सदर प्रखण्ड के सीतागढ़ा गौशाला से गुरहेत धवैया बड़वार तक पथ की सुदृढ़ीकरण कार्य(लं0–7.000 कि0मी0)<br>सदर प्रखण्ड के हुपाद से बेस दोनारेषम (पार्ट–2) तक पथ की सुदृढ़ीकरण कार्य (लं0–9.675 कि0मी0) | 10,98,42,300/- | दस करोड़ अन्ठान्वे लाख बेयालिस हजार तीन सौ रुपये मात्र | 9 (नौ) माह |
| 3 | RWD/HAZ/STPKG/ 03/2023-24 | चौपारण प्रखण्ड के जी0टी0 रोड से केंदुआ तक पथ की सुदृढ़ीकरण कार्य (लं0–4.600 कि0मी0)<br>चौपारण प्रखण्ड के महुदी मोड़ से जोकट भाया कवलिया बक्सीडीह तक पथ की सुदृढ़ीकरण कार्य (लं0–5.500 कि0मी0)<br>चौपारण प्रखण्ड के डेबो से मरगोजा तक पथ की सुदृढ़ीकरण कार्य (लं0–4.400 कि0मी0)<br>चौपारण प्रखण्ड के बसरिया हाई स्कूल से फुलवरिया भाया बरवाडीह बेलाही रतनाग भाया रामपुर तक पथ की सुदृढ़ीकरण कार्य (लं0–6.400 कि0मी0) | 13,70,14,600/- | तेरह करोड़ सत्तर लाख चौदह हजार छः सौ रुपये मात्र | 9 (नौ) माह |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :– 27.09.2023 ।
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :–10.10.2023 अपराहन 5.00 बजे तक ।
3.(क) जिला नियंत्रण कक्ष, रॉंची (ख) मुख्य अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण कार्य विभाग, झारखण्ड, रॉंची (ग) जिला नियंत्रण कक्ष, हजारीबाग में से किसी भी कार्यालय में निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय–11.10.2023 अपराहन 3.30 बजे तक ।
5. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि स्पीड पोस्ट के माध्यम से भी कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, हजारीबाग, इन्द्रपुरी चौक, हजारीबाग के नजदीक, हजारीबाग, झारखण्ड, पिन–825301 को भेजा जा सकता है। यह निविदाकार की जिम्मेवारी होगी कि स्पीड पोस्ट के माध्यम से भेजा जाने वाला निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि निर्धारित तिथि एवं समय (11.10. 2023 अपराहन 3.30 बजे तक) से पूर्व प्राप्त हो जाय । अंतिम तिथि एवं समय से पूर्व प्राप्त निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि पर ही विचार किया जायेगा ।
6. निविदा खोलने की, तिथि, समय एवं स्थान–12.10.2023 पूर्वाहन 3.30 बजे, कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, हजारीबाग ।
7. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पताः–कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, हजारीबाग ।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0–06546–265286 ।
8. निविदा शुल्क झारखण्ड राज्य में अवस्थित भारतीय स्टेट बैंक/अन्य राष्ट्रीयकृत बैंक/अनुसूचित बैंक द्वारा निविदाकार के नाम/अकाउंट से ही निर्गत बैंक ड्राफ्ट के रुप में कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, हजारीबाग के पक्ष में एवं हजारीबाग में भुगतेय होगा जो लौटाया नहीं जायेगा ।
9. यदि किसी कारणवश उपरोक्त अंकित तिथियों में अवकाश घोषित होता है तो अगले कार्यदिवस में अंकित कंडिकाओं का कार्य किया जायेगा एवं सभी शर्ते पूर्ववत रहेगी ।
10. परिमाण विपत्र की राशि घट या बढ़ सकती है।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है ।

कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, हजारीबाग।

PR.NO.307482 Rural Work Department(23-24):D



## कार्यालय, कार्यपालक अभियंता, एन0 आर0 ई0 पी0, सिमडेगा

अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना

अतिअल्पकालीन निविदा संख्या – 05/2023-24

1. विज्ञापनदाता का नाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता, एन0 आर0 ई0 पी0, सिमडेगा।
2. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि : दिनांक – 03.10.2023 एवं 04.10.2023 को 3:00 बजे अपराहन तक।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : 06.10.2023 को 3:00 बजे अपराहन तक
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : 06.10.2023 को 3:30 बजे अपराहन में
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : कार्यपालक अभियंता एन0 आर0 ई0 पी0 सिमडेगा।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान : कार्यपालक अभियंता एन0 आर0 ई0 पी0 सिमडेगा।
7. कार्य का विवरण :

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | प्रखण्ड | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन राशि (रूपये में) | परिमाण विपत्र का मुल्य (रूपये में) | कार्यादेश की तिथि से कार्य समाप्ति की सीमा |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | कोलेबिरा प्रखण्ड अर्न्तगत लचड़ागढ़ पंचायत के रा0उ0म0वि0 लचड़ागढ़, रा0म0वि0 कोम्बाकेरा एवं रा0म0वि0 हरिजन कॉलोनी, लचड़ागढ़ में Model School निर्माण कार्य। | कोलेबिरा | 7.12800 | 14300 | 1250 | |
| 2 | कोलेबिरा प्रखण्ड अर्न्तगत ऐडेगा पंचायत के रा0म0वि0 पोगलोया, रा0उ0म0वि0 कुदाबेड़ा एवं रा0उ0म0वि0 रामजड़ी में Model School निर्माण कार्य। | कोलेबिरा | 7.12800 | 14300 | 1250 | |
| 3 | कोलेबिरा प्रखण्ड अर्न्तगत ऐडेगा पंचायत के रा0उ0म0वि0 ऐडेगा, रा0प्रा0वि0 ऐडेगा पहानटोली एवं रा0प्रा0वि0 रामजड़ी मुण्डाटोली में Model School निर्माण कार्य। | कोलेबिरा | 7.12800 | 14300 | 1250 | |
| 4 | कोलेबिरा प्रखण्ड अर्न्तगत ऐडेगा पंचायत के रा0प्रा0वि0 रामजड़ी पहानटोली, रा0प्रा0वि0 बेड़टोली एवं रा0प्रा0वि0 मुण्डूटोली काल्हाटोली में Model School निर्माण कार्य। | कोलेबिरा | 7.12800 | 14300 | 1250 | |

8. निविदा की शर्तें www.jharkhand.gov.in में एवं कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यापालक अभियंता, एन0 आर0 ई0 पी0, सिमडेगा

PR 307511 NREP (23-24)_D



## कार्यालय जिला परिषद्, चतरा

(अतिअल्पकालिक पुनर ई0 निविदा आमंत्रण सूचना)

ई–निविदा सूचना संख्या – 31/2023-24

1. कार्य की विस्तृत विवरणीः 952/18.09.2023

| क्र. | प्रखण्ड | पंचायत | ग्राम | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | मयुरहण्ड | फुलांग | फुलांग | ग्राम फुलांग में शिव मन्दिर से शमशान घाट तक पीसीसी पथ एंव पुलिया निमार्ण। | 1942200 | 5000 | 39000 | 03 माह |
| 2 | मयुरहण्ड | फुलांग | फुलांग | ग्राम फुलांग में कामदेव दांगी के घर से कपिलदेव सिंह घर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 1137200 | 2500 | 23000 | 03 माह |
| 3 | मयुरहण्ड | फुलांग | झरदाग | ग्राम झरदाग में मिथलेश पाण्डेय के घर से शिवमंदिर तक पी0सी0सी0 पथ एवं पुलिया निर्माण। | 1508100 | 5000 | 30500 | 03 माह |
| 4 | मयुरहण्ड | फुलांग | उडसी | ग्राम उडसी में सकलदेव ठाकुर के घर से ठाकुर शमशान घाट तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 1508100 | 5000 | 30500 | 03 माह |
| 5 | मयुरहण्ड | फुलांग | बासडीह | ग्राम बासडीह मुख्य पथ आर0ई0ओ0 से चंचरक होते हुए बडका पुल तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 1574300 | 5000 | 31500 | 03 माह |
| 6 | मयुरहण्ड | पेटादेरी | नवादा | ग्राम नवादा में बंजरंगबली मन्दिर से दुरवा आम तक पी0सी0सी0 पथ का निर्माण। | 1186600 | 2500 | 24000 | 03 माह |
| 7 | मयुरहण्ड | पेटादेरी | प्रतापुर | ग्राम प्रतापुर में उपेन्द्र चौबे के घर से देवी मंडप तक पी0सी0सी0 निर्माण। | 1701900 | 5000 | 34500 | 03 माह |
| 8 | मयुरहण्ड | पेटादेरी | प्रतापुर | ग्राम प्रतापुर में वासुदेव राणा के घर तक पिपल पेड तक पी0सी0सी0 निर्माण। | 2231100 | 5000 | 45000 | 03 माह |
| 9 | मयुरहण्ड | पेटादेरी | नवादा | ग्राम नवादा में आर0ई0ओ0 रोड से अजीम मियां के घर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण चार पुलिया का निर्माण। | 2443500 | 5000 | 49000 | 03 माह |
| 10 | मयुरहण्ड | पेटादेरी | मन्हे | ग्राम मन्हे में देवी मडंप से अनिल सिंह के घर तक पी0सी0सी0 पथ का निर्माण। | 1483500 | 2500 | 30000 | 03 माह |
| 11 | मयुरहण्ड | पेटादेरी | सदाफर | ग्राम सदाफर में आर0 ई0 ओ0 रोड जमुना भुइयां के घर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 2280800 | 5000 | 46000 | 03 माह |
| 12 | मयुरहण्ड | मयुरहण्ड | परसावां | सीताराम सिंह के घर से अर्जुन सिंह के घर तक शेष भाग पी0सी0सी0 रोड निर्माण। | 2131400 | 5000 | 43000 | 03 माह |
| 13 | मयुरहण्ड | हुसिया | सरगांव | सुरेश राम के घर से श्मशान घाट तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 1909100 | 5000 | 38500 | 03 माह |
| 14 | मयुरहण्ड | हुसिया | हुसिया | मुखतार मियां के घर से आर0ई0ओ0 रोड तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 1590800 | 5000 | 32000 | 03 माह |
| 15 | मयुरहण्ड | हुसिया | पीपरा | आर0ई0ओ0 रोड श्मशान घाट तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण | 1483500 | 2500 | 30000 | 03 माह |
| 16 | मयुरहण्ड | हुसिया | करकरा | बाबुलाल यादव के घर से नदी तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 1211500 | 2500 | 24500 | 03 माह |
| 17 | मयुरहण्ड | हुसिया | गणेशपुर | आर0ई0ओ0 रोड कैलाश सिंह के घर होते हुए बरगद पेड़ तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण | 1483500 | 2500 | 30000 | 03 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि :– 29/09/2023
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– 03.10.2023 से 09.10.2023 के अपराह्न 5:00 बजे तक
4. जिला परिषद, चतरा में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि, Bank Credit Certificate, Affidavit (Original copy) एवं ऑनलाईन समर्पित कागजातों की एक प्रति जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय 10.10.2023 अपराह्न 03:00 बजे तक।
5. निविदा खोलने का स्थान ::– जिला परिषद, चतरा।
6. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :–11.10.2023 अपराह्न 2:00 बजे।
7. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– जिला अभियंता, जिला परिषद, चतरा।
8. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० :– 9835777636 (सहायक अभियंता का दूरभाष नम्बर)
9. परिमाण विपत्र का मूल्य परिमाण विपत्र में अंकित राशि के अनुसार आवेदन के साथ किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक ड्राफ्ट के रूप में "जिला अभियंता, जिला परिषद, चतरा" के पदनाम से देय होगा (जो लौटाया नहीं जायेगा)। तदनुसार परिमाण विपत्र निर्गत किया जायेगा। बैंक ड्राफ्ट निबंधित संवेदक के बैंक से निर्गत बैंक ड्राफ्ट ही मान्य होगा।
10. विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

जिला अभियंता, जिला परिषद, चतरा।

PR.NO.307555 District(23-24):D

## अनाज कालाबाजारी मामले में कमलपुर पुलिस ने मुख्य आरोपी को भेजा जेल

**पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कमलपुर थाना क्षेत्र के माकुला गांव निवासी जनकल्याण महिला समूह की सचिव के पति भास्कर महतो को पुलिस द्वारा गुरुवार को पश्चिम बंगाल के बांकुड़ा जिले से गिरफ्तार की गई थी। बीते 26 जुलाई को झामुमो कार्यकर्ता मंटू महतो के नेतृत्व में देर शाम दर्जनों ग्रामीणों ने माकुला से एक ट्रैक्टर पर पश्चिम बंगाल के बराबाजार कालाबाजारी के लिए ले जाने के क्रम में पीडीएस का करीब 24 क्विंटल चावल के साथ पकड़ा था। इसकी सूचना पर पहुंचे प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी बिजेंद्र कुमार ने मामले की तत्काल जांच करते हुए ट्रैक्टर समेत अनाज को जब्त करते हुए कमलपुर थाने के हवाले किया था। फिर प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी के बयान पर 28 जुलाई को जनकल्याण महिला समूह की डीलर व उनके पति के खिलाफ कमलपुर थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई थी। जांच के क्रम में प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी ने उसकी दुकान से करीब 14 क्विंटल अनाज कम पाया था लेकिन बाकी 10 क्विंटल अनाज कहां से उसके पास आया इसका खुलासा नहीं किया गया था। घटना के बाद से ही मुख्य आरोपी भास्कर महतो फरार चल रहा था और मामले में अग्रिम जमानत के लिए जिला न्यायालय की शरण में पहुंचा था लेकिन जमानत नहीं मिलने पर उसे झटका लगा था। वह पिछले कई दिनों से पश्चिम बंगाल स्थित रिश्तेदार के यहां शरण लिया हुआ था और लगातार ठिकाना बदल रहा था लेकिन गुरुवार को वह पुलिस की पकड़ में आ ही गया। शुक्रवार को पुलिस द्वारा उसे कोर्ट में प्रस्तुत करने के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

## हाथी घोड़ा पालकी जय कन्हैया लाल की के जयकारे से गूंज उठा अग्रसेन भवन

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** साकची अग्रसेन भवन में अग्रवाल (नोपाका) परिवार गांवाड़ी निवासी द्वारा आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के पाचवें दिन शुक्रवार को व्यासपीठ से कथावाचक पंडित मनीष शंकर जी महाराज ने नंदोत्सव, कृष्ण जन्म बधाई, गिरिराज पूजन, अन्नकुट सहित माखन चोरी एवं अन्य बाल लीला की कथा का प्रसंग विस्तार से सुनाया। जिसे सुनकर भक्त भाव विभोर हो गए। कथा के दौरान जैसे ही भगवान कृष्ण की बधाई गायन हुआ भक्तों ने उपहार लुटाना शुरू कर दिया। उन्होंने हाथी घोड़ा पालकी जय कन्हैया लाल की के जयकारे लगाए। कथा का श्रवण करने के लिए बड़ी संख्या में उपस्थित श्रद्धालु झूमने लगे। झूमते नाचते मदमस्त भक्तों की टोली ठाकुर जी के प्रसाद पाने के लिए खासे लालायित नजर आई। नंद के घर आनंद भयो जय कन्हैया लाल की जयघोष से कथा स्थल अग्रसेन भवन गूंज उठा। महाराज श्री द्वारा कथा के दौरान बीच-बीच में भजनों की सुंदर प्रस्तुतियां देकर श्रोताओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। अग्रवाल (नोपाका) परिवार गांवाड़ी निवासी द्वारा आयोजित भागवत कथा में पांचवें दिन शुक्रवार को कथा में प्रमुख रूप से विश्वनाथ अग्रवाल, ओमप्रकाश अग्रवाल, कैलाशनाथ अग्रवाल, श्याम सुंदर अग्रवाल, शंकर लाल अग्रवाल, अमरचंद अग्रवाल, परमानंद अग्रवाल, विनोद कुमार अग्रवाल, राजेश कुमार अग्रवाल समेत काफी संख्या में भक्तगण शामिल होकर देर शाम तक कथा का आनन्द लिया।



## शॉप्सी ग्रैंड शॉप्सी मेला ने त्योहारी सीजन में शानदार ग्रोथ दर्ज

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारत में सबसे तेजी से बढ़ रहे हाइपर-वैल्यू ई-कॉमर्स प्लेटफार्म शॉप्सी बाय फ्लिपकार्ट ने हाल में अपने मैगा शॉपिंग कार्निवाल ड्ड द ग्रैंड शॉप्सी मेला के तीसरे संस्करण का सफलतापूर्वक आयोजन किया। इस सेल के दौरान, शॉप्सी ने भारत भर से अधिक भागीदारी दर्ज की और स्थानीय विक्रेताओं ने देशभर के लाखों ग्राहकों की मांगों को पूरा किया। टियर2 प्लस शहरों के ग्राहकों ने जहां इस दौरान फैशन, होम इज़ेन्शियल्स, ब्यूटी और इलैक्ट्रॉनिक प्रोडक्ट्स की खरीदारी की, वहीं इस इवेंट ने लाखों प्रादेशिक विक्रेताओं की आर्थिक बढ़त में योगदान दिया। इसके अलावा, शॉप्सी आगामी द बिग बिलियन डेज़ 2023 के दौरान, देश के टियर 2 तथा टियर 4 मार्केट्स के लिए भी वैल्यू-आधारित प्रोडक्ट्स की विस्तृत रेंज पेश करेगी। 12 से 17 सितंबर के दौरान छह दिनों तक आयोजित मैगा कार्निवाल में देशभर के ग्राहकों ने काफी खरीदारी की, जबकि टियर 2 तथा टियर 3 मार्केट्स में सबसे ज्यादा सक्रियता रही। शॉप्सी पर इस दौरान ग्राहकों की संख्या भी 2 गुना बढ़ गई जिनमें से 40 प्रतिशत पहली बार ई-कॉमर्स के जरिए खरीदारी करने वाले ग्राहक थे। सबसे ज्यादा खरीदारी करने वाले राज्यों में उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल तथा महाराष्ट्र रहे जबकि देश के टियर3 प्लस शहरों से 60 प्रतिशत से ज्यादा ग्राहक इस शॉपिंग कार्निवाल से जुड़े। कपिल थिरानी, हैड ड्ड शॉप्सी, फ्लिपकार्ट ने कहा, त्योहारी सीज़न की शुरुआत हो गई है और हम देशभर में, खासतौर से टियर2 प्लस क्षेत्रों से, तीसरे ग्रैंड शॉप्सी मेला को मिले जबर्दस्त रिस्पॉन्स को देखकर उत्साहित हैं।

# अनुमंडल अस्पताल में ईलाजरत मरीज की हुई मौत, लोगों ने किया हंगामा

## डॉक्टर व नर्स पर लगाया लापरवाही बरतने का आरोप

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चक्रधरपुर :** चक्रधरपुर के अनुमंडल अस्पताल में ईलाजरत एक मरीज की मौत हो गई। इसे लेकर मरीज के परिजन व स्थानीय लोगों ने अस्पताल में जमकर हंगामा किया। लोगों ने अस्पताल के ऑन ड्यूटी डॉक्टर नंदू होनहागा व अस्पताल की नर्सों पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाया। बताया जाता है कि चक्रधरपुर के वार्ड संख्या आठ टोकलो रोड निवासी मुकेश नायक उर्फ मिथुन के सिर में दर्द व कमजोरी होने पर परिजन उसे ईलाज के लिए चक्रधरपुर के अनुमंडल अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां मौजूद डॉक्टर नंदू ने मरीज को कमजोर बताते हुये आरएल स्लाइन चढ़ाया। साथ ही अस्पताल में दवा नहीं होने के कारण डेक्सोना व अन्य एंटीबेटिक्स दवा बाहर से लाने को कहा. जब मुकेश नायक को स्लाईन चढ़ाया जा रहा था, इसी बीच मुकेश नायक के हाथ में लगे स्लाईन का पाईप निकल गया। इसके बाद मुकेश नायक के पास बैठे उसके भाई ने अस्पताल के ड्यूटी में तैनात सोनी कच्छप व प्रतिमा सिन्हा के पास जाकर इसकी जानकारी दी, लेकिन तत्काल नर्स मुकेश नायक के पास नहीं पहुंचे। मुकेश नायक के भाई ने बताया कि नर्स व डॉक्टर को कई बार जाकर इस बारे में बताया गया। काफी देर तक न तो डॉक्टर और न ही कोई भी अन्य स्वास्थ्यकर्मी मुकेश नायक के पास पहुंचे, इससे मुकेश नायक का शरीर ठंडा पड़ने लग गया और उसकी मौत हो गई।परिजनों ने कहा कि अगर डॉक्टर व स्वास्थ्यकर्मियों द्वारा लापरवाही नहीं बरती जाती तो उसकी जान नहीं जाती। इससे नाराज परिजन व मौजूद अन्य लोग हंगामा करने लगे। इसकी सूचना मिलने पर अंजुमन इस्लामिया के सचिव बैरम खान, समाजसेवी बसंत महतो व अन्य अस्पताल पहुंचे और मरीजों के परिजनों से जानकारी ली।वहीं अस्पताल में हंगामा होने की सूचना पर चक्रधरपुर थाना प्रभारी चन्द्रशेखर कुमार भी पहुंचे और हंगामा कर रहे परिजनों व लोगों को खदेड़ा। थाना प्रभारी चन्द्रशेखर कुमार ने कहा कि अगर मरीज की मौत डॉक्टर या अन्य स्वास्थ्यकर्मियों की लापरवाही से हुई है तो हंगामा करना उचित नहीं, अस्पताल में अन्य भी मरीज है, इससे अस्पताल की विधि व्यवस्था भी बिगड़ रही है. अस्पताल में हंगामा होने के बाद परिजन शव को लेकर अपने साथ चले गए।



## राष्ट्रपति से कुणाल षाडंगी ने की मुलाकात, पूर्वी सिंहभूम में एम्स, एयरपोर्ट की उठाई मांग

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** झारखंड भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता सह पूर्व विधायक कुणाल षाडंगी ने शुक्रवार को नई दिल्ली में राष्टपति द्रोपदी मुर्मू से शिष्टाचार मुलाकात की। इस अवसर पर कुणाल ने राष्टपति के संज्ञान में पूर्वी सिंहभूम जिले के संदर्भ में कई मांगों से अवगत कराने के साथ ही झारखंड की कई समस्याओं के समाधान का अनुरोध किया। राष्टपति ने आश्वस्त किया की वे सभी विषयों पर भी विचार करेंगी व जल्द ही विभागीय मंत्रियों से समाधान हेतु मंत्रणा करेंगी। वही जमशेदपुर में हवाई सेवा जल्द शुरू होनी चाहिए। उड़ान के तहत छोटे हवाई जहाज़ों का परिचालन कोलकाता व भूवनेश्वर तक शुरू हुआ है लेकिन देश के अन्य प्रमुख शहरों को जोड़ने की सेवा अब तक नहीं हो पाई है। अब धालभूमगढ, जमशेदपुर या जहाँ भी तकनीकी स्तर पर विभागीय स्वीकृति मिल पाए वहाँ स्थल चयन पर अंतिम निर्णय शीघ्र की जाये जिससे धरातल पर काम शुरू होना चाहिए। कुणाल षाडंगी ने राष्टपति महोदया से आग्रह किया कि जमशेदपुर जैसे औद्योगिक शहर को एक बेहतर सुपर स्पेशियालीटि चिकित्सा संस्थान की अत्यंत जरूरत है। पूरा शहर टीएमएच के भरोसे है। उड़ीसा के बालासोर की तर्ज़ पर एम्स का सैटेलाइट सेंटर जमशेदपुर में जल्द खोली जाए क्योंकि भूवनेश्वर और देवघर के एआईआईएमएस की दूरी यहाँ से काफ़ी ज़्यादा है। जमशेदपुर में सेंटर शुरू होने से सैकड़ों ज़रूरतमंदों को मदद मिलेगी।



# टाटा स्टील की इंटर जेडीसी क्रॉस कंट्री रेस संपन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** टाटा स्टील के खेल विभाग ने आज जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में इंटर ज्वाइंट डिपार्टमेंटल काउंसिल (जेडीसी) क्रॉस कंट्री रेस का आयोजन किया।=फ्लैग ऑफ और पुरस्कार वितरण समारोह के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में टाटा स्टील के चीफ ह्यूमन रिसोर्स बिजनेस पार्टनर (एचआरबीपी) मुकेश अग्रवाल, टाटा वर्कर्स यूनियन (टीडब्ल्यूयू) के वाईस प्रेसिडेंट शैलेश कुमार सिंह और टाटा स्टील के एडवेंचर प्रोग्राम एंड स्पोर्ट्स के हेड हेमंत गुप्ता के साथ उपस्थित थे। दौड़ में टाटा स्टील की 24 जेडीसी यूनिट्स की भागीदारी देखी गई। दौड़ में 350 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।व्यक्तिगत पुरुष वर्ग में एचआरएम के आयुष सांडिल विजेता बने, जबकि एचआरएम के महेश्वर सिंह मुंडा ने उपविजेता का स्थान हासिल किया। इलेक्ट्रिकल मेंटेनेंस से सुबोध दूसरे उपविजेता के रूप में उभरे।व्यक्तिगत महिला वर्ग में कोक प्लांट की भावना राज मौर्य विजेता रहीं, जबकि एचआरएम की कल्याणी बेसरा ने उपविजेता का स्थान हासिल किया। एचआरएम से हिरामुनी मुर्मू दौड़ में दूसरी उपविजेता के रूप में उभरी।पुरुष टीम चैम्पियनशिप में एचआरएम को समग्र रूप से विजेता घोषित किया गया, जबकि कोक प्लांट उपविजेता और इंजीनियरिंग सर्विसेज की टीम द्वितीय उपविजेता रही।महिला टीम चैंपियनशिप में कोक प्लांट विजेता रही। एचआरएम की टीम को उपविजेता और हॉट स्ट्रिप मिल को द्वितीय उपविजेता घोषित किया गया। कार्यक्रम को श्याम कुमार शर्मा, श्रवण कुमार, संजीव कुमार तोमर, मिथिलेश कुमार, सुबोल चटर्जी, कौशल कुमार, सतपाल सैनी, एचएल दास, अरशद, एल एम महंत, जेकेपी सिंह और सुप्रिया कुमारी ने सफल बनाया।



## मरने के बाद भी दुनिया देखेंगी सात वर्षीय कविश अग्रवाल की आंखें

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** जुगसलाई निवासी निर्मल अग्रवाल के सात वर्षीय पुत्र कविश अग्रवाल की आंखें मृत्यु के पश्चात भी रोशनी देती रहेगी। मारवाड़ी महिला मंच जमशेदपुर की पहल पर मंच की सदस्य मधु देवी अग्रवाल का पोता कविश के निधन के पश्चात उनके पिता निर्मल अग्रवाल एवं माता नेहा अग्रवाल की सहमति से जुगसलाई निवास पर ही यह आठवां नेत्रदान सफलता पूर्वक करवाया गया। जिससे दो लोगों की दुनिया रोशन होगी। इस नेक कार्य में रोशनी संस्था की सचिव सीता जोशी, टीएमएच के नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉक्टर अंशुमान तथा मंच की नेत्रदान प्रमुख सुशील खीरवाल की अहम भूमिका रही। मंच की सुशीला खीरवाल ने बताया कि कविश अग्रवाल का शुक्रवार 22 सितम्बर की सुबह 4 बजे आकस्मिक देहांत हो गया है। जुगसलाई शिव घाट पर अंतिम संस्कार भी कर दिया गया।



## पीएम आवास योजना के लंबित आवासों को पूर्ण करने को लेकर प्रखंड समन्वयकों ने की बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सरायकेला :** प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत जिले में लंबित आवासों को पूर्ण करने की तैयारी को लेकर सभी प्रखंडों के प्रखंड समन्वयक के साथ समीक्षा बैठक परिसदन सरायकेला में की गयी। मिली जानकारी अनुसार राज्य सरकार की ओर से लंबित आवासों को पूरा करने के लिए सरायकेला खारसावां जिला के लिए राज्य समन्वयक (आवास योजना) कुणाल कुमार सिन्हा को सरकार की ओर प्रतिनियुक्त किया गया है। बैठक में सभी प्रखंड समन्वयक को 10 अक्टूबर तक अधिक से अधिक संख्या में लंबित आवासों को पूरा पूरा करने के लिए ठोस रणनीति बनाने के लिए कहा गया है। ऐसा नहीं करने पर संबंधित समन्वयक पर कारवाई के लिए विभाग को लिखा जायेगा। बैठक मे प्रधानमंत्री आवास योजना के राज्य समन्वयक कुणाल कुमार सिन्हा, जिला समन्वयक सत्यवान कुमार, बसंत कुमार साहु, प्रखंड समन्वयक सावन सोय, राकेश कुमार महतो, बीना बंकिरा, लिपिका राउत, श्याम सुंदर महतो,कृष्णा चंद्र महतो सहित अन्य उपस्थित थे।

## जश्ने ईद मिलादुन्नबी 28 को हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा : अहले सुन्नत

### - टेलर, डीजे साउंड सिस्टम को जुलूस में नहीं लाने की अपील

**- जुलूस-ए-मोहम्मदी मानगो गांधी मैदान से निकलेगा, धातकीडीह सामुदायिक मैदान में जोहर के नमाज के साथ होगा खत्म**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** शहर में जश्ने ईद मिलादुन्नबी 28 सितंबर 2023 बृहस्पतिवार को हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। इसी दिन 14वां मोतहदा जुलूस-ए-मोहम्मदी मानगो गांधी मैदान से प्रारंभ होकर साकची गोल चक्कर,जुस्को ऑफिस गोल चक्कर होते हुए धातकीडीह सामुदायिक मैदान में समाप्त होगा. इस संबंध में तंजीम अहले सुन्नत व जमात के द्वारा पहली बैठक मदरसा फैजुल उलूम में और दूसरी बैठक जुगसलाई में आयोजित की गई. बैठक में जुगसलाई के मस्जिदों के इमाम ,समाज के प्रमुख लोग,इंतजामिया कमेटी के सदस्य शामिल हुए. बैठक की अध्यक्षता मौलाना मोतीउल्लाह हबीबी ने किया. बैठक में तंजीम के जनरल सेक्रेटरी प्रसिद्ध इस्लामिक स्कॉलर मुफ्ती जियाउल मुस्तफा कादरी ने कहा है कि 14वां मोतहदा जुलूस-ए-मोहम्मदी में शामिल होने वाले लोगों से अपील की गई है टेलर, डीजे साउंड सिस्टम को जुलूस में लेकर नहीं आए. मानगो गांधी मैदान से सुबह 8:30 बजे जुलूस निकलेगा साकची आम बागान मैदान में उलेमा ए कराम की तकरीर और दुआ होगी. वहां से जलूस साकची गोलचक्कर, स्टेट माइल रोड,जूस्को गोलचक्कर होते हुए धतकीडीह समुदायिक मैदान पहुंचेगा जहां उलेमा ए कराम की तकरीर और दुआ पर जुलूस का समापन होगा. शहर में 14वां मोतहदा जुलूस-ए-मोहम्मदी भव्य रूप में निकाला जाएगा,उसके प्रबंधन और अनुशासन और जुलूस की सफलता के लिए मुस्लिम बहुल क्षेत्रों में बैठक आयोजित की जा रही है. तंजीम के मौलाना शमशाद उल कादरी ने कहा कि छोटे ट्रक एवं मोटरसाइकिल सवार लोग जुलूस के पीछे पीछे चलेंगे.जुलूस को नियंत्रण करने के लिए बुधवार को धतकीडीह, जुगसलाई, आजादनगर में 500 से अधिक वॉलिंटियर को प्रशिक्षण दिया जाएगा. प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद उन्हें सेफ्टी टी शर्ट और आईडी कार्ड प्रदान किया जाएगा. यह सभी लोग जुलूस के मार्गो पर दूसरों को तकलीफ नहीं हो इसका ख्याल रखेंगे. इस के साथ ही यातायात बहाल रखने में प्रशासन का सहयोग भी करेंगे. इस बैठक में मुख्य रूप से झारखंड राज्य अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष हाजी हिदायतुल्लाह खान ,मौलाना बरहानूल हुदा,काजी मुश्ताक, अल्हाज मुख्तार सफी, अल्हाज बेलाल नासिर ,माजिद अख्तर सहित समाज के बहुत से गणमान्य लोग उपस्थित थे।



## बोड़ाम में 2 अक्टूबर को रक्तदान शिविर

**(प्रभात मंत्र संवाददाता)**

**पटमदा :** एससी, एसटी, माइनॉरिटी वेलफेयर सोसायटी बोड़ाम के तत्वावधान में एमजीएम ब्लड बैंक जमशेदपुर के सहयोग से आगामी 2 अक्टूबर को आदिवासी उच्च विद्यालय बोड़ाम में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसकी जानकारी देते हुए संस्था के सदस्य मिहिर महतो ने बताया कि सुबह साढ़े 9 बजे से कार्यक्रम का आयोजन होगा। शिविर में 200 यूनिट रक्त संग्रह करने का लक्ष्य रखा गया है और इसके लिए क्षेत्र में प्रचार-प्रसार का कार्य जोरों पर चल रहा है।

## प्रभाकर सिंह बने सोना देवी विश्वविद्यालय के कुलाधिपति

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** सोना देवी मेमोरियल एजूकेशनल फाउन्डेशन ट्रस्ट, जमशेदपुर के अध्यक्ष और सोना देवी विश्वविद्यालय, घाटशिला, पूर्वी सिंहभूम के संस्थापक प्रभाकर सिंह को आज राज्यपाल-सह-विजटर सीपी राधाकृष्णन द्वारा सोना देवी विश्वविद्यालय घाटशिला का कुलाधिपति (चांसलर) नियुक्त किया गया है। प्रभाकर सिंह को कुलाधिपति के रूप में नियुक्त होने पर सोना देवी विश्वविद्यालय परिवार एवं जमशेदपुर व घाटशिला की जनता तथा शिक्षाविदो में अपार खुशी की लहर है। प्रभाकर सिंह की विद्वता, उनकी सोच एवं दूरदर्शिता से सोना देवी विश्वविद्यालय न केवल मूल्य आधारित गुणवत्ता वाली उच्च शिक्षा क्षेत्र के लोगों ?को प्राप्त होगी, बल्कि विश्व स्तरीय संरचना, प्रयोग शालाओं एवं अत्याधुनिक पुस्तकालय आदि से नए नए क्षेत्रों में अध्यापन, नवोन्मेष एवं अनुसंधानों को बदावा मिलेगा। प्रभाकर के मार्गदर्शन से सोना देवी विश्वविद्यालय में रचनात्मक एवं आलोचनात्मक चित्तन का संषोधन, विधार्थियों के हढ चरित्र का निमार्ण तथा उनमे नैतिकता का विकास एवं पारदर्शीसंस्कृति का विकास होगा। सोना देवी विश्वविद्यालय प्रभाकर सिंह के नेतृत्व में निकट भविष्य में झारखंड का ही नहीं बल्कि उत्तरी-पूर्वी भारत का एक श्रेष्ठतम विश्वविद्यालय बनकर उभरेगा।



## मोबिल टीएम कर रहा है रेड बुल केटीएम फैक्ट्री रेसिंग टीम का आयोजन

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारत के 2023 ग्रैंड प्रिक्स के बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट में डेब्यू करते हुए मोटोजीपी भारत के उद्घाटन में मोबिल टीएम भारत में रेड बुल केटीएम फैक्ट्री रेसिंग टीम को टर्बो-पावर कर रहा है। एक्सॉनमोबिल और रेड बुल केटीएम फैक्ट्री रेसिंग टीम के बीच वैश्विक साझेदारी का जश्न मनाते हुए, दो सवारों - ऑस्ट्रेलियाई जैक मिलर और दक्षिण अफ्रीकी ब्रैड बाइंडर द्वारा एड्रेनालाईन-पंपिंग प्रदर्शन, जिनके लिए जीतना एक स्वभाव है, जिन्होंने वैश्विक सर्किट स्तर पर अपनी क्षमता और कौशल का प्रदर्शन किया है, इनकी केटीएम आरसी16 बाइक्स के पूर्ण-दमदार प्रदर्शन का गवाह बनेगा। दोनों राइडर्स अपनी ग्रांड प्रिक्स बाइक्स को मोबिलज्ड द्वारा सुनिश्चित प्रदर्शन और आत्मविश्वास से संचालित करेंगे। उन्होंने हाल ही में जेपी ग्रीन्स में आयोजित मोबिल कार्यक्रम में प्रशंसकों के साथ अपना उत्साह साझा किया, जहाँ जैक मिलर ने मोबिल सुपर मोटो 10 डब्ल्यू-30 को लॉन्च किया था।

## नारी शक्ति वंदन अधिनियम पारित होने पर भाजपा महिला मोर्चा में हर्ष का माहौल

**चक्रधर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पुरचाईबासा के पोस्ट ऑफिस चौक पर जिला भाजपा महिला मोर्चा की अध्यक्ष दुर्गा बोईपाई के नेतृत्व में जिला भाजपा महिला मोर्चा के द्वारा नारी शक्ति वंदन अधिनियम लोकसभा एवं राज्यसभा से पारित होने पर खुशी जाहिर की। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश सदस्य मालती गिलवा उपस्थित हुई। गिलुवा ने कही महिला आरक्षण बिल पारित होना देश के लिए यह एक ऐतिहासिक कदम है ।27 वर्षो से यह बिल लंबित थी किसी भी राजनीतिक दल द्वारा सार्थक पहल नहीं की गई।कार्यक्रम के दौरान सुमन गागराई, सुखमति बीरूवा, ललिता कोड़ा ,रूपा दास ,अनीता सुमुराई ,दमयंती नाग, शांति देवी एवं सैकड़ो महिलाएं उपस्थित थी।



# टाटा स्टील कोलकाता 25के का रजिस्ट्रेशन शुरू, 17 दिसंबर को दौड़ेगा कोलकाता

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** पूर्वी भारत के सबसे बड़े रनिंग फेस्टिवल टाटा स्टील कोलकाता 25के आमार कोलकाता, आमार रन! का 8वां संस्करण को रविवार, 17 दिसंबर 2023 को होने वाला है और इसे प्रतिष्ठित रेड रोड से हरी झंडी दिखाई जाएगी।भारत में डिस्टेंस रनिंग के अग्रणी, प्रोकैम इंटरनेशनल ने आज घोषणा की कि सभी पांच दौड़ श्रेणियों में टाटा स्टील कोलकाता 25्य पंजीकरण 22 सितंबर से tatasteelkolkatawzk.procam.in/ पर शुरू होगा और 24 नवंबर तक खुला रहेगा।देबाशीष कुमार, विधायक, एमएमआईसी - केएमसी ने कहा, यह एक खूबसूरत पहल है, और हम इसका हिस्सा बनने का इंतजार कर रहे हैं। मैं लंबे समय से टाटा स्टील कोलकाता 25के को फॉलो कर रहा हूं, और मैंने देखा है कि प्रतिभागियों की संख्या हर साल बढ़ रही है।चाणक्य चौधरी, वाईस प्रेसिडेंट, कॉर्पोरेट सर्विसेज, टाटा स्टील ने कहा, टाटा स्टील कोलकाता 25के सबसे बड़ा सहभागी खेल उत्सव है जो कोलकाता के लोगों को गर्व के साथ एकजुट करता है - आमार कोलकाता, आमार रन! इस आयोजन का बढ़ता कद डिस्टेंस रनिंग खेल की लोकप्रियता का प्रमाण है।एकमात्र विश्व एथलेटिक्स मान्यता प्राप्त 25के के रूप में प्रतिष्ठित, 100,000 अमेरिकी डॉलर की पुरस्कार राशि वाली दौड़ में दुनिया भर के सर्वश्रेष्ठ एथलीट सिटी ऑफ जॉय में भारत के इलीट और शौकिया धावकों के साथ प्रतिस्पर्धा करेंगे।




# टाटा स्टील वीमेन ऑफ मेटल के विजेता बनी आईएसएम धनबाद की मिहिरा व निकिता

### - एनआईटी जमशेदपुर की स्वाति बनी प्रथम उपविजेता और आईआईटी रूड़की की शिवांशी द्वितीय उपविजेता

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** टाटा स्टील की पहल वुमेन ऑफ मेटल छात्रवृत्ति कार्यक्रम के 7वें सीज़न के विजेता आईएसएम धनबाद से मिहिरा करंजई और निकिता शर्मा रही वहीं एनआईटी जमशेदपुर की स्वाति अग्रवाल ने प्रथम उपविजेता का स्थान हासिल किया और आईआईटी रूड़की की शिवांशी अरोड़ा ने द्वितीय उपविजेता का स्थान प्राप्त किया।शीर्ष 10 प्रतिभागियों में से प्रत्येक को 2 लाख रुपए की छात्रवृत्ति मिलेगी और मैनेजमेंट ट्रेनी टेक्निकल के रूप में टाटा स्टील में शामिल होने का अवसर मिलेगा और बाद में प्री-प्लेसमेंट ऑफर (पीपीओ) प्राप्त कर सकते हैं। 11-50 रैंक वाले उम्मीदवारों को उनके इंजीनियरिंग पाठ्यक्रम के तीसरे वर्ष में समर इंटर्नशिप और प्री-प्लेसमेंट इंटरव्यू के अवसर भी दिए जाते हैं। इस सीज़न में देश भर के 55+ प्रमुख इंजीनियरिंग संस्थानों के 2900 से अधिक प्रतिभाशाली छात्रों ने भाग लिया।टाटा स्टील की वाइस प्रेसिडेंट, ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट, अत्रेयी सान्याल ने कहा कि~ टाटा स्टील विमेन ऑफ मेटल सीजन 7 के विजेताओं और प्रतिभागियों को हार्दिक बधाई देती है, साथ ही इस कार्यक्रम में समर्थन और योगदान देने वाले सभी संस्थानों और लोगों की सराहना करती है। हमें इन उत्कृष्ट युवा महिला इंजीनियरों को विनिर्माण क्षेत्र के लिए एक उज्जवल और अधिक समावेशी भविष्य की दिशा में आगे बढ़ते हुए देखने पर गर्व है।



प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



## संपादकीय

# एशिया चैंपियन भारत

**भारत** एक बार फिर क्रिकेट का 'एशिया चैम्पियन' बना है। करीब 5 साल बाद यह 8वां सरताज टीम इंडिया के हिस्से आया है, लिहाजा अंतरराष्ट्रीय खिताब का सूखा समाप्त हुआ है। टीम इंडिया ने अपने हुनर, परिश्रम और जीत के जज़्बे के साथ यह खिताब हासिल किया है। फाइनल मैच में भारत ने श्रीलंका को मात्र 50 रनों पर ढेर कर दिया और 263 गेंदें शेष रहते यह टूर्नामेंट जीत लिया। एशिया कप में यह श्रीलंका की सबसे करारी हार रही, सबसे छोटा स्कोर बन पाया और टीम इंडिया सर्वाधिक 10 विकेट से चैम्पियन बनी। इस ऐतिहासिक जीत में सभी खिलाडियों के हिस्से की धूप है, लेकिन जीत के नायक रहे-मुहम्मद सिराज। इस नौजवान गेंदबाज की ऐसी सुनामी आई कि एक ही ओवर में श्रीलंका के अंतरराष्ट्रीय बल्लेबाज ढह गए। कुल 4 बल्लेबाज तो 'शून्य' पर ही आउट हुए। सिराज ने 21 रन देकर 6 विकेट धराशायी किए। एक ही ओवर में 4 विकेट का करिश्मा करने वाले सिराज प्रथम भारतीय गेंदबाज हैं। पहली बार ही 16 गेंदों पर 5 विकेट उखाड़े। यह वाकई करिश्माई और सबसे तेज उपलब्धि है। एकदिनी क्रिकेट में सबसे तेज 50 विकेट हासिल करने वाले सिराज विश्व में ऐसे दूसरे गेंदबाज हैं। कीर्तिमान श्रीलंका के अजंथा मेंडिस के नाम है। अब सिराज दुनिया के सर्वश्रेष्ठ 3 गेंदबाजों की जमात में शामिल भी होंगे। बेशक श्रीलंका विश्व चैम्पियन टीम रही है और अब भी अपने 'एशिया खिताब' का बचाव कर रही थी, लिहाजा ऐसी ताकतवर टीम के मुकाबले यह एकतरफा जीत विश्व कप से पहले टीम इंडिया के लिए बेहद शुभ संकेत है। एकदिनी क्रिकेट का विश्व कप 5 अक्तूबर से भारत में ही खेला जाना है। अब टीम इंडिया बेहतर फॉर्म और उत्साह में है। टीम दमदार लग रही है। इसका भी मनोवैज्ञानिक असर पड़ता है। चूंकि ये खिलाड़ी लंबे अंतराल से साथ-साथ खेल रहे हैं, लिहाजा उम्मीद की जा रही है कि 1983 और 2011 के बाद तीसरी बार भारत विश्व चैम्पियन भी बन सकता है। यह आकलन विश्व चैम्पियन रहे बल्लेबाज सुनील गावस्कर का है। यह कोई अतिशयोक्ति नहीं है। सिराज, कुलदीप यादव और हार्दिक पंड्या की गेंदबाजी ने कहर बरपाते हुए साबित किया है कि वे अपनी सटीक गेंदबाजी से किसी भी देश की टीम को धराशायी कर सकते हैं। 'चाइनामैन स्पिनर' कुलदीप ने पाकिस्तान की आधी टीम को आउट कर, सुपर 4 में श्रीलंका के 4 विकेट लेकर उनके हिस्से से जीत छीन ली थी। उन्हें 'प्लेयर ऑफ दि टूर्नामेंट' चुना गया है और 15,000 डॉलर के नकद इनाम से नवाजा गया है। सवाल यह भी सहज है कि सिराज की गेंदबाजी में ऐसा क्या हुनर है कि सबसे तेज 150 विकेट लेने वाले गेंदबाज मुहम्मद शमी सरीखे खिलाड़ी को 'प्रतीक्षारत गेंदबाज' के तौर पर बिठाया गया है। सिराज को 'विकेट की गारंटी' मान कर सबसे पहले चयन किया जाता है। दरअसल उन्होंने विख्यात गेंदबाज बुमराह के साथ ऐसी आउटस्विंग गेंदबाजी की कि धाकड़ बल्लेबाज भी चकमा खा गए, उनकी गिल्लियां बिखर गईं, नतीजतन श्रीलंका को सबसे बड़ी हार झेलनी पड़ी। सिराज ने अपनी गेंदबाजी के कोण, उसकी गति, दिशा और नियंत्रण को भी खूब तराशा है, लिहाजा आज वह विश्व विख्यात गेंदबाजों की जमात में खड़े हैं। सिराज ने पुराने वेस्टइंडीज के तूफानी गेंदबाजों की याद ताजा कर दी। गेंदबाजी के अलावा, टीम इंडिया की बल्लेबाजी में विराट कोहली, शुभमन गिल और केएल राहुल ने एशिया कप में शतक जड़े। रोहित शर्मा, ईशान किशन, पंड्या, अक्षर पटेल आदि ने बेहतर बल्लेबाजी कर संतुलन और शक्ति की व्याख्याएं कीं।

एशिया कप में यह श्रीलंका की सबसे करारी हार रही, सबसे छोटा स्कोर बन पाया और टीम इंडिया सर्वाधिक 10 विकेट से चैम्पियन बनी। इस ऐतिहासिक जीत में सभी खिलाड़ियों के हिस्से की धूप है, लेकिन जीत के नायक रहे-मुहम्मद सिराज। इस नौजवान गेंदबाज की ऐसी सुनामी आई कि एक ही ओवर में श्रीलंका के अंतरराष्ट्रीय बल्लेबाज ढह गए। कुल 4 बल्लेबाज तो 'शून्य' पर ही आउट हुए। सिराज ने 21 रन देकर 6 विकेट धराशायी किए। एक ही ओवर में 4 विकेट का करिश्मा करने वाले सिराज प्रथम भारतीय गेंदबाज हैं। पहली बार ही 16 गेंदों पर 5 विकेट उखाड़े। यह वाकई करिश्माई और सबसे तेज उपलब्धि है। एकदिनी क्रिकेट में सबसे तेज 50 विकेट हासिल करने वाले सिराज विश्व में ऐसे दूसरे गेंदबाज हैं। कीर्तिमान श्रीलंका के अजंथा मेंडिस के नाम है। अब सिराज दुनिया के सर्वश्रेष्ठ 3 गेंदबाजों की जमात में शामिल भी होंगे। बेशक श्रीलंका विश्व चैम्पियन टीम रही है और अब भी अपने 'एशिया खिताब' का बचाव कर रही थी, लिहाजा ऐसी ताकतवर टीम के मुकाबले यह एकतरफा जीत विश्व कप से पहले टीम इंडिया के लिए बेहद शुभ संकेत है। एकदिनी क्रिकेट का विश्व कप 5 अक्तूबर से भारत में ही खेला जाना है। अब टीम इंडिया बेहतर फॉर्म और उत्साह में है। टीम दमदार लग रही है। इसका भी मनोवैज्ञानिक असर पड़ता है। चूंकि ये खिलाड़ी लंबे अंतराल से साथ-साथ खेल रहे हैं, लिहाजा उम्मीद की जा रही है कि 1983 और 2011 के बाद तीसरी बार भारत विश्व चैम्पियन भी बन सकता है। यह आकलन विश्व चैम्पियन रहे बल्लेबाज सुनील गावस्कर का है।

## कुछ अलग


# वन विभाग की नागफनी

**पल** भर के लिए सोचें कि हिमाचल में विकास के रास्ते पर वन विभाग का डेरा न होता, तो गुजरना कितना आसान होता। मीडिया ने समाज की आंखों में पर्यावरण संरक्षण का सुरमा इस कद्र डाल दिया है कि समाज पौंगा पंडित बन गया है। अपने आसपास विकास दरख्वास्तों पर कभी वन संरक्षण कानून के नाखून देखना। अनुमतियों की हर फाइल पर वन विभाग की नागफनी इस कद्र चढ़ गई है कि हर अनापत्ति की कीमत इस राज्य को या तो अवसर गंवा कर चुकानी पड़ती या इसके बदले चढ़त चढ़ानी पड़ती है। अभी हालिया दौर में तीन परियोजनाओं का ही जिक्र कर लें। हेलिपोर्ट बनाने की महत्त्वाकांक्षी योजना के तहत हमीरपुर व रक्कड़ की जमीन के लिए सरकार को 65 लाख रुपए वन विभाग को देने पड़ेंगे, जबकि केंद्रीय विश्वविद्यालय के जदरांगल परिसर के लिए तीस करोड़ की व्यवस्था करने का फरमान अब सियासत को आगे आने का अवसर दे रहा है। सरकारों को विकास के लिए अपने ही राज्य के जंगल से डरना पड़ता है। 'एक तफतीश से गुजर के ही रह गया, तेरा वजूद इस जंगल की कैद में रह गया।' जंगल हिमाचल के वजूद, हिमाचल की आवश्यकता और हिमाचल की महत्त्वाकांक्षा से सौदा करता है। यही स्थिति पड़ोसी पंजाब और हरियाणा में भिन्न है। वहां सार्वजनिक जमीन पर विकास के नक्शे सरेआम बनते हैं, जबकि हिमाचल में हर कदम पर वन विभाग की बुर्जियां हैं। कल हो सकता है आपके गांव के शमशानघाट में जंगल उग आए या गांव के मैदान की निशानदेही में वन के बूटे खड़े हो जाएं। सडकों के किनारे खड़े सूखे पेड़ तो देखे होंगे। यह सडक तो वहां तक चौड़ी है, जहां जंगल का वारिस पेड़ खड़ा है। क्या पीडब्ल्यूडी में दम है कि इसे हटा पाए। किसी दिन गिरेगा यही पेड़ आपकी दुकान पर या कोई वाहन इसके नीचे आकर टूटेगा, तो खबर बन जाएगी। खबरें तो इस बार भी बनीं। पेड़ गिरे, लेकिन बदनाम हुई जनता। पेड़ गिरते रहेंगे और बदनाम शिमला होता रहेगा, क्योंकि राजधानी के जंगल में मंगल की छूट नहीं है। इधर वन विभाग न पेड़ उगाता है और न ही इसकी रक्षा करता है, बल्कि इन्हें गिन लेता है। गिन लेता है जंगल उन पेड़ों को जो चीड़ के बीजों की वजह से कहीं भी उग आते हैं। जरा सोचें कि अगर हमीरपुर के जंगल से हेलिपोर्ट की तरह दस परियोजनाओं को जमीन चाहिए, तो अकेले फोरेस्ट डिपार्टमेंट की जेब में 390 लाख रुपए डालने पड़ेंगे। परियोजनाएं इससे ज्यादा तादाद और आकार में हुईं, तो हमेशा उसी राज्य का खजाना खाली होगा, जिसने जंगल उगाए। हमने 70 फीसदी राज्य की जमीन को वन घोषित करके क्या हासिल किया। क्यों नहीं यह समझा या समझाया गया कि पड़ोसी पंजाब और हरियाणा अगर पांच प्रतिशत से भी कम जमीन को वनों के तहत लाकर केंद्रीय योजनाओं के चहेते बने, तो हिमाचल में जंगल का अर्थ अब विकास की जंजीर क्यों हो गया।

## भारतीय सनातन संस्कृति, परम्पराओं एवं मर्यादाओं का पालन करते हुए भारत ने आर्थिक क्षेत्र में अतुलनीय प्रगति की है

# भारत एक बड़ी आर्थिक महाशक्ति बनने की ओर अग्रसर

प्रह्लाद सबनानी



**वैश्विक** स्तर पर, विशेष रूप से आर्थिक क्षेत्र में, भारत आज अपने स्वर्णिम काल में प्रवेश कर गया है। जनसंख्या की दृष्टि से भी भारत आज विश्व में प्रथम स्थान पर आ गया है और भारत को वैश्विक स्तर पर सबसे युवा देश कहा जा रहा है। जबकि, भारत की तुलना में विश्व के कई अन्य विकसित देशों जैसे, जापान, जर्मनी, चीन, अमेरिका, फ्रान्स, इटली, ब्रिटेन, आदि में बुजुर्ग आबादी की संख्या तेजी से बढ़ रही है। इतिहास का यह खंडकाल भारत के लिए सबसे अधिक महत्वपूर्ण काल कहा जा सकता है क्योंकि एक तो भारत पूरे विश्व में सबसे तेज गति से आगे बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में गिना जा रहा है तो वहीं भविष्य को लेकर भी भारत के आर्थिक विकास के सम्बंध में लगभग समस्त वित्तीय संस्थान भव्य सम्भावनाएं व्यक्त करते हुए केवल यह दशक ही नहीं बल्कि यह शताब्दी ही भारत की बता रहे हैं। 1980 के दशक के मध्य, वर्ष 1985 में, भारत विश्व की 10 सबसे बड़ी वैश्विक अर्थव्यवस्थाओं में शामिल था, अमेरिका, सोवियत यूनियन, जापान, पश्चिमी जर्मनी, फ्रान्स, यूनाइटेड किंगडम, इटली, कनाडा, चीन और भारत। परंतु अगले दो दशकों से भी अधिक समय तक भारत उक्त सूची में से बाहर हो गया। फिर वर्ष 2014 आते आते भारत एक बार पुनः विश्व की 10 सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में शामिल हो गया। इसके बाद से तो भारतीय अर्थव्यवस्था ने तेज रफ्तार पकड़ ली है और वर्ष 2022 में भारत विश्व की 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। अब तो भरपूर सम्भावना व्यक्त की जा रही है कि वर्ष 2030 के पूर्व भारत अमेरिका एवं चीन के बाद विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। आर्थिक क्षेत्र में भारत के विकास की कहानी को केंद्र सरकार द्वारा आर्थिक एवं वित्तीय क्षेत्र में लगातार किए जा रहे सुधारों की सफल कहानी भी कहा जा सकता है। वैश्विक स्तर पर, विशेष रूप से आर्थिक क्षेत्र में, भारत के बढ़ते महत्व के चलते विभिन्न देश एवं वैश्विक संस्थान भारत की आवाज को अब गम्भीरता से लेने लगे हैं।

भारतीय सनातन संस्कृति, परम्पराओं एवं मर्यादाओं का पालन करते हुए भारत ने आर्थिक क्षेत्र में अतुलनीय प्रगति की है। आज भारत, विश्व की सबसे तेज गति से आर्थिक विकास करने वाली अर्थव्यवस्था बन गया है। भारत ने सकल घरेलू उत्पाद के मामले में पिछले 9 वर्षों के दौरान 5 बड़ी अर्थव्यवस्थाओं को पीछे छोड़ा है। वैश्विक स्तर पर जहां सकल घरेलू उत्पाद 3 से 3.5 प्रतिशत के बीच बढ़ रहा है वहीं भारत में यह 7 प्रतिशत से अधिक की गति से आगे बढ़ रहा है और यह आर्थिक विकास दर आगे आने वाले लम्बे समय तक बने रहने की भरपूर सम्भावना है क्योंकि भारत के पास बहुत बड़ी मात्रा में युवा, सक्षम एवं शिक्षित आबादी है, जो भारत के लिए एक 'पावर हाउस' बनकर उभर रही है। भारत के पास मजबूत बैंकिंग व्यवस्था है, जो उद्यमियों को पूंजी उपलब्ध कराने में हमेशा आगे रहती है। सरकारी क्षेत्र के बैंकों सहित निजी क्षेत्र के बैंकों में भी गैरनिष्पादन कारी आस्तियों को बहुत कम स्तर पर लाया गया है एवं इन लगभग सभी बैंकों का पूंजी पर्याप्तता अनुपात वैश्विक स्तर पर सबसे बड़ी बैंकों के समतुल्य पहुंच गया है।

भारत में हाल ही के समय में आधारभूत ढांचा खड़ा करने के लिए अभूतपूर्व कार्य सम्पन्न हुआ है। सड़क मार्ग, रेल यातायात, समुद्रीय मार्ग से यातायात में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। आधारभूत ढांचा में हुए जबरदस्त सुधार के चलते कई बहुराष्ट्रीय विदेशी कम्पनियां अपनी विनिर्माण इकाईयां भारत में स्थापित करने की ओर लालायित हो रही हैं। परिवहन सम्बंधी आधारभूत ढांचे के साथ ही संचार सम्बंधी आधारभूत ढांचे में भी अतुलनीय सुधार दृष्टिगोचर है। आज इंटरनेट की सुविधाएं भारत के सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों तक पहुंच गई हैं एवं ग्रामों में निवासरत नागरिकों के पास भी स्मार्ट फोन उपलब्ध हैं जिसके चलते सूचनाओं एवं जानकारी का आदान प्रदान तुरंत हो पा रहा है एवं इससे देश के दूर दराज इलाकों में भी आर्थिक व्यवहार करने में बहुत आसानी हो गई है। जनधन योजना के अंतर्गत 50 करोड़ से अधिक बैंक खाते खोले गए हैं एवं इन खातों में आज 2 लाख करोड़ रुपए से अधिक की राशि जमा हो गई है, जो देश के गरीब नागरिकों की ओर से भारत के आर्थिक विकास में उनके योगदान के रूप में देखी जा सकती है। बुनियादी ढांचे को विकसित करने के अलावा नागरिकों को घरेलू स्तर की सामान्य सुविधाएं जैसे शौचालय, पीने का पानी, खाना पकाने के लिए स्वच्छ ईंधन एवं बिजली आदि की सुविधाएं भी सफलता पूर्वक उपलब्ध कराई जा रही हैं।

भारत ने सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में अपनी धाक पूरे विश्व में ही जमाई है। इस क्षेत्र में भारत पूरे विश्व के लिए एक पावर हाउस की भूमिका अदा करता हुआ दिखाई दे रहा है। अब तो स्टार्ट अप के क्षेत्र में भी भारत विश्व में दूसरे स्थान पर आ गया है। भारतीय युवाओं ने इन क्षेत्रों में अपना लोहा वैश्विक स्तर पर मनवा लिया है।

भारत डिजिटल आधारभूत ढांचे को विकसित करने में भी सफल रहा है, जिससे देश की विशाल आबादी को प्रदान की जाने वाली तमाम सेवाओं का डिजिटलीकरण करने में आसानी हुई है, जैसे मनी ट्रांसफर, कैश ट्रांसफर आदि। भारतीय अर्थव्यवस्था में डिजिटल व्यवहारों का प्रतिशत बहुत बढ़ा है। इससे दूर दराज के क्षेत्रों में निवास कर रहे नागरिकों को प्रदान की जा रही सरकारी सुविधाओं को डिजिटल ढांचें के माध्यम से पहुंचाने में बहुत आसानी हुई है। भारत की देखा देखी वैश्विक स्तर पर अन्य देशों के नागरिकों को भी विभिन सेवाओं के डिजिटलीकरण का महत्व समझ में आया है। आज भारत टेक्नॉलाजी की दुनिया के कुछ सबसे बड़ी बहुराष्ट्रीय कम्पनियों के लिए एक महत्वपूर्ण स्थान बन गया है। एपल, गूगल एवं एमेजोन जैसी बहुराष्ट्रीय कम्पनियों ने भारत में अपनी गतिविधियां बढ़ाने की बात कही है।

बुनियादी ढांचे के विकास के साथ ही भारत के नागरिकों की रोजगार के लिए अब कृषि क्षेत्र पर निर्भरता धीरे धीरे कम हो रही है। अब सेवा के क्षेत्र में रोजगार के पर्याप्त अवसर उपलब्ध होने लगे हैं एवं साथ ही विनिर्माण इकाईयों के स्थापित होने से उद्योग के क्षेत्र में भी रोजगार के नए अवसर निर्मित होने लगे हैं। युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराना अब सरकार के लिए एक प्राथमिक कार्य की श्रेणी में आ गया है। भारतीय डॉक्टर, इंजीनीयर एवं प्रबंधन में विशेषज्ञता हासिल किये हुए युवाओं की विकसित देशों में भारी मांग है एवं इसके कारण कई भारतीय युवा अब रोजगार के लिए इन देशों की ओर भी रूख करने लगे है। फिर भी आज कुल मिलाकर 42.9 प्रतिशत नागरिक कृषि क्षेत्र में रोजगार प्राप्त करते हैं, 31.1 प्रतिशत नागरिक सेवा क्षेत्र में रोजगार प्राप्त करते हैं, (9.4 प्रतिशत नागरिक पब्लिक सेवा क्षेत्र में), 13.5 प्रतिशत नागरिक निर्माण (कन्स्ट्रक्शन) क्षेत्र में एवं 11.7 प्रतिशत नागरिक विनिर्माण क्षेत्र में रोजगार प्राप्त करते हैं।

आज जब विश्व के कई देश आर्थिक एवं सामाजिक क्षेत्र में कई गम्भीर समस्याओं से जूझ रहे हैं और वे इन समस्याओं को हल करने में अपने आप को सक्षम नहीं पा रहे हैं, इन गम्भीर परिस्थितियों के बीच भारतीय सनातन संस्कृति एवं परम्पराएं इन देशों के लिए आशा की किरण के रूप में दिखाई दे रही है।

जनसंख्या की दृष्टि से भी भारत आज विश्व में प्रथम स्थान पर आ गया है और भारत को वैश्विक स्तर पर सबसे युवा देश कहा जा रहा है। जबकि, भारत की तुलना में विश्व के कई अन्य विकसित देशों जैसे, जापान, जर्मनी, चीन, अमेरिका, फ्रान्स, इटली, ब्रिटेन, आदि में बुजुर्ग आबादी की संख्या तेजी से बढ़ रही है। जनसंख्या की दृष्टि से भी भारत आज विश्व में प्रथम स्थान पर आ गया है और भारत को वैश्विक स्तर पर सबसे युवा देश कहा जा रहा है। जबकि, भारत की तुलना में विश्व के कई अन्य विकसित देशों जैसे, जापान, जर्मनी, चीन, अमेरिका, फ्रान्स, इटली, ब्रिटेन, आदि में बुजुर्ग आबादी की संख्या तेजी से बढ़ रही है।

# रामगढ़ आस-पास की खबरें

## होमगार्ड जवानों के प्रतिनिधि मंडल ने धनंजय कुमार पुटूस को सौंपा ज्ञापन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** शुक्रवार को रामगढ़ जिला के होमगार्ड जवानों के प्रतिनिधि मंडल के कार्यकारी अध्यक्ष मो0 शाहिद रजा,उप सचिव राजकिशोर महतो,सदस्य राजेन्द्र महतो ने रामगढ़ विधानसभा के पूर्व विधायक प्रत्याशी धनंजय कुमार पुटूस से उनके कार्यालय पहुंचकर मुलाकात की। इस क्रम में जवानों ने उन्हें एक आवेदन देकर बताया है कि विभिन्न सरकारी कार्यालयों जैसे डीआरडीओ कार्यालय, प्रखंड कार्यालय,अंचल कार्यालय में प्रतिनियुक्ति होमगार्ड के जवानों को दिसंबर 2022 से अगस्त 2023 तक आठ महीनों से कर्तव्य भत्ता का भुगतान नही हुआ है।? जिस कारण उन्हें आर्थिक व मानसिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है एवं भुखमरी की स्थित बनती जा रही है। आवेदन के माध्यम से प्रतिनिधि मंडल ने धनंजय कुमार पुटूस से इसमे मदद कर जल्द से जल्द उनके भत्ते का भुगतान करवाने के लिए पहल करने की मांग की है। इस विषय पर धनंजय कुमार पुटूस ने कहा कि होमगार्ड के जवानों की मांग जायज है , जल्द ही संबंधित विभाग के पदाधिकारियों से मिलकर इनके आठ महीनों से लंबित कर्तव्य भत्ता दिलाने का प्रयास करूंगा।




## बरही में स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता का कांग्रेसियों ने किया स्वागत



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरही (हजारीबाग):** झारखंड के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री बन्ना गुप्ता का बरही में स्थानीय कांग्रेसियों ने स्वागत किया। कांग्रेस ओबीसी प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष दीपक गुप्ता के विशेष आग्रह पर रांची जाने के क्रम में मंत्री बन्ना गुप्ता कुछ देर लिए रुके थे। इस दौरान कांग्रेस जनों ने मंत्री को बरही अनुमंडलीय अस्पताल में डॉक्टरों की कमी से यहां के मरीजों को हो रही परेशानी से अवगत कराया और इसको लेकर आवेदन भी सौंपा। स्वास्थ्य मंत्री ने आश्वासन दिया है कि शीघ्र ही बरही अस्पताल में डॉक्टरों की कमी दूर की जाएगी। इससे पूर्व मंत्री बन्ना गुप्ता के बरही पहुंचने पर ओबीसी कांग्रेस जिलाध्यक्ष दीपक गुप्ता के नेतृत्व में कांग्रेस जनों ने बुके देकर उनका स्वागत किया। स्वागत करने वालों में कांग्रेस के उदय केसरी, सुनील साहू, राजू राणा, उस्मान अंसारी आदि मुख्य तौर पर शामिल थे।

## रामगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स के एक प्रतिनिधि ने कैंटोनमेंट सीईओ से की मुलाकात

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** रामगढ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इन्डस्ट्रीज का एक प्रतिनिधिमंडल अध्यक्ष विनय कुमार अग्रवाल की अध्यक्षता मे रामगढ के कैंटोनमेंट मुख्य अधिशासी अधिकारी अनंत आकाश से मिला एवं उन्हे रामगढ शहर की मूलभूत समस्याओ जैसे सडको, ईस्ट्रीट लाईट , आवारा जानवरो, डंपिंग यार्ड में कचरो को सड़क पर गिरने वहनो के पार्किंग आदि से अवगत कराते हुए उनके निराकरण हेतु पहल करने का निवेदन किया। मुख्य अधिशासी अधिकारी द्वारा उक्त समस्याओ का जल्द से जल्द निराकरण का आश्वासन दिया गया। प्रतिनिधिमंडल मे अध्यक्ष विनय कुमार अग्रवाल के साथ उपाध्यक्ष मंजीत सहानी, सचिव मानु चतुर्वेदी, कोषाध्यक्ष इन्द्रजाल सिंह सैनी तथा पुर्व अध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह सम्मलित थे।



## स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत प्रखंड विकास पदाधिकारी रामगढ़ की अध्यक्षता में हुआ कार्यक्रम का आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** नमामि गंगे योजना अंतर्गत 15 सितंबर 2023 से 2 अक्टूबर 2023 तक मनाए जा रहे स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी, रामगढ़ रीना कुजूर की अध्यक्षता में बारलौंग क्षेत्र में अमृत सरोवर के समीप श्रमदान एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी, रामगढ़ की अध्यक्षता में रामगढ़ प्रखंड कार्यालय के अधिकारियों व कर्मियों सहित बारलौंग क्षेत्र के निवासियों द्वारा अमृत सरोवर के समीप श्रमदान कर साफ सफाई व वृक्षारोपण किया गया वही प्रखंड विकास पदाधिकारी ने लोगों को नमामि गंगे योजना के उद्देश्यों यथा नदियों तथा अन्य जल स्त्रोतों के आसपास स्वच्छता बनाए रखने, नदियों तथा अन्य जल स्त्रोतों में कूड़ा कचरा ना फेंकने, सिंगल यूज़ प्लास्टिक का इस्तेमाल न करने, शौचालय का प्रयोग करने तथा नमामि गंगे योजना के उद्देश्यों को पूर्ण करने में अपना महत्वपूर्ण योगदान देने की अपील की।



## पिपरवार महाविद्यालय कारो में 24 को करम महोत्सव

**पिपरवार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पिपरवार महाविद्यालय कारो मे रविवार 24 सितम्बर को करमा पूर्व संध्या पर करम महोत्सव का आयोजन किया जाएगा।इसको लेकर सारी तैयारी की जा रही है।कॉलेज के सचिव बंसत नारायण महतो ने बताया कि समारोह के मुख्य अतिथि बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद और विशिष्ट अतिथि मे प्रमुख रीना कुमारी,जिला परिषद सदस्य नेहा उंराव,रैयत विस्थापित मोर्चा के केन्द्रीय उपाध्यक्ष इकबाल हुसैन शामिल होगे।वही सम्मानित अतिथि मे बहेरा मुखिया रेखा कुमारी, किचटो मुखिया संगीता देवी, पसंस बंसती देवी सहित कई गणमान्य लोग शामिल होगे।उन्होंने क्षेत्र के सभी लोगो से कार्यक्रम मे शामिल होने की अपील की है।

## पारा शिक्षकों व पंचायत सचिवालय कर्मियों की समस्याओं से रूबरू हुईं रानी कुमारी

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष व झारखंड प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह यादव के निर्देशानुसार शुक्रवार को झारखंड प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल (महिला प्रकोष्ठ) की अध्यक्ष रानी कुमारी राजभवन के समक्ष धरना पर बैठे झारखंड राज्य टेट सहायक अध्यापक समन्वय समिति और राज्यस्तरीय पंचायत सचिवालय स्वयंसेवक संघ के प्रतिनिधियों से बातचीत करने धरना स्थल पर पहुंचीं। रानी कुमारी उक्त दोनों संगठनों के प्रतिनिधियों से मिलकर उनकी समस्याओं से रूबरू हुईं। राज्यस्तरीय पंचायत सचिवालय स्वयंसेवक संघ के प्रतिनिधियों ने बताया कि राज्य में 18 हजार पंचायत सचिवालय कर्मी नियुक्त किए गए हैं।

## झामुमो ने रामगढ़ अंचल अधिकारी का किया स्वागत

**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ़ नये अंचल पदाधिकारी सत्येंद्र नारायण पासवान से भेंट करके गुलदस्ता भेट किया। झारखंड मोर्चा के जिला सचिव अरुण बनर्जी, रामगढ़ प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष कुंवर महतो ने गुरुवार को नए अंचल अधिकारी को गुलदस्ता देकर स्वागत किया। साथ ही रामगढ़ जिले की गतिविधियों पर बातचीत हुई ।

## फ्लाइओवर के बायलेन को सुगम बनाने की मांग

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रांची जिला दुर्गा पूजा समिति कार्यकारी, अध्यक्ष विक्की यादव आर.आर स्पोर्टिंग क्लब के,संरक्षक ने कहा ओवरब्रिज , पिस्का मोड़ से रातु रोड तक बन रहे फ़्लाइओवर के बायलेन को जल्द से जल्द सुगम बनाने की मांग की गई है । ने कहा कि सभी पूजा आयोजकों की चिंता है की निर्माणाधीन फ्लाईओवर के बायलेन को अगर ठीक नहीं किया गया तो पूजा के दौरान भारी जाम लगेगी और श्रद्धालुओं को काफ़ी परेशानी का सामना करना पड़ेगा ।कार्यकारी अध्यक्ष विक्की यादव ने कहा कि अभी ही जब रातू रोड -पिस्का मोड़ सड़क पर प्रत्येक दिन जाम लगता है तो जब दुर्गा पूजा के दौरान ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले और शहर के लाखों श्रद्धालु जब माता के दर्शन हेतु इस क्षेत्र में आयेंगे तो चक्का जाम की स्थिति हो जाएगी, इस क्षेत्र में कई पूजा पंडाल हैं तथा यह मुख्य मार्ग है।अतः पिस्का मोड़ से रातु रोड के दोनों तरफ़ के बायलेन सड़क को पूजा से पूर्व दुरुस्त किया जाये। दुर्गा पूजा से पूर्व दोनों तरफ़ की सड़क को दुरुस्त किया जाये ताकि श्रद्धालुओं को कोई परेशानी ना हो । प्रत्येक दिन ओवरब्रिज में जाम की स्थिति उत्पन्न हो जाती है।

# शिक्षकों को दिया गया गणित व विज्ञान लैब से संबंधित प्रशिक्षण




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** लातेहार झारखंड शिक्षा परियोजना लातेहार के तत्वाधान में जिला स्तरीय चिन्हित 22 विद्यालयों के दो-दो शिक्षकों को समेकित विज्ञान और गणित लैब से संबंधित प्रशिक्षण सह कार्यशाला मीथ इंटरप्राइजेज प्राइवेट लिमिटेड अहमदाबाद, गुजरात के सहयोग से दिया गया। उक्त प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर के रूप में अनिल कुमार सहायक शिक्षक मध्य विद्यालय रोल एवं विकास कुमार सीआरपी काली चंदवा द्वारा विज्ञान और गणित लैब और उसका उपयोग कक्षा में कैसे किया जाए उसकी बारीकी से बताया गया। जिसमें विज्ञान की शाखा भौतिक विज्ञान रसायन विज्ञान जीव विज्ञान के विभिन्न मॉडल और चार्ट द्वारा जानकारी उपलब्ध कराया गया। साथ ही गणित की विभिन्न सूत्र और संक्रियाओं का प्रयोग के माध्यम से सरलतम तरीका से बताया गया। सभी को बताया गया कि सभी चार्ट मॉडल में क्यूआर कोड दिया गया है, जिसे स्कैन कर आप सभी इससे संबंधित जानकारी विस्तृत रूप से प्राप्त कर सकते हैं। मीथ एंटरप्राइजेज द्वारा सभी 22 विद्यालयों को 492 विभिन्न विज्ञान और गणित के प्रयोग से संबंधित वीडियो पेन ड्राइव और बुकलेट हार्ड और सॉफ्ट कॉपी में उपलब्ध कराया गया। उक्त का उपयोग विद्यालय शिक्षण के दौरान सभी शिक्षकों के द्वारा किया जाना है, ताकि छात्रों को विज्ञान और गणित की बारीकियां से उनको सरलतम तरीका से शिक्षण दिया जा सके। सभी प्रशिक्षण प्राप्त शिक्षकों को परीक्षणों उपरांत प्रमाण पत्र भी दिया गया। प्रशिक्षण में मुख्य रूप से आशीष कुमार, विकास कुमार शर्मा, कन्हाई राम, गणेश पासवान, धर्मेंद्र सिंह, जयप्रकाश कुमार, सुनील कुमार पासवान, नीलम कुमारी, श्वेता कुमारी, अमृत प्रकाश, रिचा कुमारी, मंजू कुमारी, राकेश कुमार सहित जिले के 22 विद्यालयों के शिक्षक शिक्षिका उपस्थित हुए।

## सीआरपीएफ ने मेरी माटी-मेरा देश कार्यक्रम का किया आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कुंदा :** सीआरपीएफ ई 190 बटालियन के बैनर तले बौधाडीह में शुक्रवार को कमांडेंट मनोज कुमार के निर्देश पर अमृत कलस यात्रा महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमे मेरी माटी मेरा देश अभियान में दर्जनों गांव घूमकर शहीद जवानों के लिए मिट्टी एकत्रित किया गया।मुख्य अतिथि के रूप में उप सहायक कमांडेंट राम भरोसे उपस्थित थे। इस कार्यक्रम का नेतृत्व सहायक कमांडेंट राम भरोसे कर रहे थे। इन्होंने अपने संबोधन में कमांडेंट ने सीआरपीएफ की वीरता और बलिदान की गौरवशाली परंपरा और सेवा और वफादारी के इसके मूल मूल्यों को दोहराया। मट्टी एकत्रित कर शहीदो को नमन किया गया। यह अभियान शहीद वीरो के सम्मान के लिए शुरू किया गया है। इस मौके पर मुखिया अनिता देवी, इंस्पेक्टर सुखबीर सिंह मलिक, नागेश्वर पण्डित, सीआरपीएफ सुनील कुमार एवं कई जवान शामिल थे।

## दुर्गा सोरेन सेना ने एनटीपीसी समूह महाप्रबंधक को विस्थापितों के हित में पांच सूत्री मांग पत्र सौंपा



**टंडवा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** दुर्गा सोरेन सेना ने एनटीपीसी नॉर्थ कर्णपुरा सुपर थर्मल पॉवर प्रोजेक्ट के समूह महाप्रबंधक स्वप्नेदु कुमार पंडा को टंडवा एनटीपीसी पॉवर प्लांट प्रोजेक्ट भू-विस्थापित व प्रभावित छ गांव के रैयतों के हित में पांच सुत्री मांग पत्र सौंपा है। चतरा जिला से लेकर टंडवा प्रखंड के दुर्गा सोरेन सेना पदाधिकारीयों के द्वारा रैयतों के विभिन्न समस्याओं को लेकर एनटीपीसी टंडवा छः गांव के भू विस्थापित एवं प्रभावित रैयतों को रोजगार से जोड़ने का आग्रह किया। छ गांव के प्रभावित एवं विस्थापित रैयतों को शुद्ध पेयजल की व्यवस्था, एनटीपीसी में वर्कर है उन लोगों को हाई स्किल्ड श्रेणी में लाया जाय, एनटीपीसी में एजेंसी हो या कॉन्ट्रैक्टर सभी वर्कों को 8 घंटा ही ड्यूटी करवाया जाय, इस क्षेत्र में अकाल के प्रबल संभावना है इसीलिए 6 गांव के विस्थापित एवं प्रभावित रैयतों को अधिक से अधिक लाभ मिले, रोजगार उपलब्ध करवाया जाए। इसमें दुर्गा सोरेन सेना के जिला अध्यक्ष धनेश्वर गंझू, जिला महासचिव संतोष नायक, महिला जिला महासचिव गौरी देवी, टंडवा प्रखंड अध्यक्ष मिश्रा पासवान, रजनति देवी मोजूद थे।

## सांप काटने से एक वर्षीय बच्चे की मौत

**बालूमाथ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** एकीकृत बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के गोनिया ग्राम में शुक्रवार को विषैले सांप के काटने से एक वर्षीय बच्चे की मौत हो गयी। घटना के सबंध में मिली जानकारी के अनुसार मिथलेश कुमार एक वर्ष पिता राहुल गंझू ग्राम नवाडीह, गोनिया थाना बारियातु निवासी घर मे खेल रहा था। इसी दौरान एक विषैले सांप ने उसे काट लिया। जिससे बच्चा अचेत हो गया। जिसके बाद परिजनों ने आनन-फानन में बच्चे को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया। जहां डॉक्टर अमरनाथ प्रसाद ने जांचोंपरांत बच्चे को मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

## उन्नति फार्मर प्रोड्यूसर कम्पनी लिमिटेड का वार्षिक बैठक किया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** प्रखण्ड मुख्यालय के किसान भवन में शुक्रवार को उन्नति फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड सिमरिया की वार्षिक आमसभा किया गया। आम सभा कार्यक्रम को विधिवत उद्घाटन सिमरिया पूर्वी जिला परिषद सदस्य श्री देवनंदन प्रसाद साहू झारखंड राज्य मानवाधिकार आयोग के महिला अध्यक्ष झारखंड प्रदेश के श्रीमती प्रेमलता चंद्रा, कंपनी के चेयर पर्सन श्रीमती अनीता देवी, जेएसएलपीएस के बीपीओ सुरेंद्र कुमार प्रजापति, जिला से आए हुए जिला समन्वयक प्रिंस कुमार तथा सर्वेश कुमार के द्वारा संयुक्त रूप से विधिवत दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन किया गया । उन्नत कम्पनी लिमिटेड में मुख्य रूप से 951 सदस्य अभी तक जुड़ चुके हैं 951000 शेयर कैपिटल जमा किया गया है। जहां कम्पनी आगे कृषि और पशुपालन के क्षेत्र में बड़े पैमाने पर कार्य करेगी। मुख्य अतिथि प्रेमलता चन्द्र ने मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए बताया कि सिमरिया प्रखंड मे डेयरी फार्म लगाया जा सकता है जिसको बड़े पैमाने पर सभी लोग मिलकर डेरी फार्म में दूध का पैकेजिंग सेलिंग कर सकते हैं। वहीं जिला परिषद सदस्य देवनंदन प्रसाद साहू ने कृषि को बढ़ावा देने के लिए सभी को प्रोत्साहित किया। मौके पर जनिता देवी ,सोनी देवी को शेयर सर्टिफिकेट वितरित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में उपस्थित अनीता देवी चेयर पर्सन सुरेंद्र कुमार प्रजापति बीपीओ ऑर्गेनिकफॉर्मिंग विकास कुमार, सीईओ जितेंद्र कुमार, अकाउंटेंट रेणु देवी, एफटीसी कंचन देवी, एलसीआरपी आरती देवी, बीआरपी एलएच लवकुश कुमार, सुमित्रा देवी सीसी, इत्यादि सैकड़ो की संख्या में कंपनी के शेयरधारक कार्यक्रम में शामिल थे।

## जिले का निंदिर हेल्थ एंड वेलनेश सेंटर ने नेशनल क्वालिटी ऐसुरेनश स्टैंडर्ड में अव्वल स्थान प्राप्त किया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** स्वास्थ्य विभाग के निंदिर हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर केंद्र ने बढ़ाया जिले का मान बेहतर गुणवत्ता युक्त स्वस्थय सेवा प्रदान को लेकर लातेहार स्वास्थ्य विभाग का गौरव बढ़ाया है। हेल्थ वेलनेस सेंटर नेशनल क्वालिटी ऐसुरेनश स्टेंडर्ड में अव्वल स्थान प्राप्त किया है।सर्टीस्फाइटेड लक्ष्य कार्य से सम्मानित होने पर सीएचसी स्वास्थ्य विभाग में अपार खुशी व्यक्त किया जा रहा है। निंदिर हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर का उद्देश्य है सरकार द्वारा संचालित स्वास्थ्य सुविधाओं को आमजनों तक बेहतर ढंग से उपलब्धता सुनिश्चित करना ताकि , मरीज को अच्छी स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ पहुंचाया जा सके। चयनित हेल्थ वेलनेस सेंटरों का प्रत्येक छः माह पर जांच सेंट्रल टीम एवं राज्यस्तरीय टीम द्वारा कि जायेगी सरकार द्वारा संचालित स्वास्थ्य सुविधाओं को निरंतरता के साथ गुणवत्ता पूर्ण बनाये रखना ही एक मात्र उद्देश्य है। बताते चलें कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लातेहार के अंतर्गत हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर निंदिर का हक्क्स संबंधी नेशनल एसेसमेंट का कार्य दिनांक 26.8.23 को एनएचएम द्वारा निर्धारित टीम द्वारा किया गया था। हक्क्स राष्ट्रीय स्तर पर स्वास्थ्य सेवा में उच्चस्तरीय गुणवत्ता हेतु दिया जाने वाला सर्टिफिकेशन कार्यक्रम है। वहीं प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ शंभू नाथ चौधरी ने कहा जिले के लिये यह बहुत ही हर्ष की बात है की जिले में अब तक दो - दो हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर हक्क्स सर्टिफाइड का मान्यता प्राप्त कर चुके है।

## पिछले कई वर्षो से आवास के आस में हजारों गरीब परिवार जर्जर घर में रहने को मजबूर



**कुन्दा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** व्यवस्था की मार कहें या कर्मियों व अधिकारियों की लापरवाही, आवास के लिए वर्षो से इंतजार में कुन्दा प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में आज भी लगभग हजारों गरीब परिवार प्रधानमंत्री आवास योजना की आस में टकटकी लगाए बैठे हैं। हालांकी फिलहाल प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ रोक दिए जाने के कारण सभी योग्य एवं पात्र लाभुक अपने घर के सपने को पूरा करने में सक्षम नहीं हो पा रहे हैं। ज्ञात हो की वित्तीय वर्ष 2016-17 से लेकर 2021-22 तक कुंदा प्रखंड में 2883 आवास बनाने का लक्ष्य रखा गया था।जिसमें 2786 आवास को सफलतापूर्वक पूर्ण कर लिया गया है। जबकि 97 आवास फिलहाल प्रखंड क्षेत्र में अपूर्ण स्थिति में है इसके बावजूद भी आगे प्रधानमंत्री आवास योजना का लक्ष्य नहीं मिलने के कारण हजारों परिवार कच्चे जर्जर आवास में रहने को विवस है।ज्ञात हो की प्रखंड क्षेत्र से लगभग 1500 परिवार जिनका एसईसीसी डाटा में नाम रहने के बावजूद प्रधानमंत्री आवास योजना लाभ से वंचित है। ज्ञात हो की बारिश में प्रत्येक वर्ष कई गरीब परिवारों का आशियाना कच्चा व वर्षो पुराना होने के कारण दम तोड़ देता है। वही ग्रामीणों ने आवास योजना का लाभ ससमय न मिलने पर केंद्र सरकार के प्रति नाराजगी जाहिर किया है। अब वर्षों से आवास के आस में ग्रामीणों की उम्मीदें अब टूट चुकी है।

## जल मीनार खराब पेयजल की गंभीर समस्या



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह :** प्रखंड अंतर्गत छिपादोहर पंचायत के ग्राम जुरुहार के उपर टोला इंद्रदेव सिंह घर पास में सोलर जल मीनार एवं चपाकल खराब होने से ग्रामीणों को पेयजल आपूर्ति की गंभीर समस्या बन गई है। जहां उक्त स्थल के ग्रामीण काफी दूर से पानी लाकर अपनी प्यास बुझा रहे हैं। जबकि यहां के ग्रामीणों ने सोलर जल मीनार एवं चापाकल दोनों बनवाने को विभाग से कई दिनों से लगातार मांग कर रहे हैं, लेकिन अबतक कोई भी पदाधिकारी संज्ञान नहीं ले रहे हैं। वहीं ग्रामीणों ने जल मीनार बनवाने के लिए जिले के उपायुक्त हिमांशु मोहन से गुहार लगाई है ।मौके पर शंभू लोहरा सुकून भुइयां, चिंता देवी जतन भुइयां, कुंती देवी सूट सिंह प्रकाश भुइयां, संगीता देवी ,सरिता देवी फूलिता देवी, चंदन देवी, झालो देवी, बबिता देवी समेत काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## बालूमाथ सीएचसी में समीक्षा बैठक का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** बालूमाथ प्रखण्ड मुख्यालय स्तिथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में शुक्रवार को समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए चिकित्सा प्रभारी ने सरकार द्वारा चलाई जा विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं के बारे में विस्तार पूर्वक चर्चा किया। इसके अलावा टीकाकरण, एएनसी, संस्थागत प्रसव पर चर्चा किया गया। वही जानकारी देते हुए बताया कि आयुष्मान भवः कार्यक्रम के तहत जिन लोगो का आयुष्मान कार्ड नही बना है। उन सभी लोगो के घर-घर जाकर स्वास्थ्य सहिया द्वारा कार्ड बनाया जाएगा। या फिर लोग बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र या प्रज्ञा केंद्र जाकर कार्ड बना सकते है। मौके पर बीपीएम मृत्युजंय कुमार, एमपीडब्ल्यू मिथलेश कुमार, अनिल कुमार, दीपांशु कुमार, गुलाम कुरेशी, संदीप कुमार, कमन्युटी हेल्थ ऑफिसर विनीता कुजूर, प्रतिमा कुजूर, अल्का कुजूर, अनु किरण नगेशिया, वेल्टीना कुजूर समेत कई स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थे।

## श्री गणेश पूजा समिति ने पत्रकारों को किया सम्मानित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**


**टंडवा :** टंडवा के सुप्रसिद्ध सूर्य मंदिर (चुन्दरु धाम) में 19 सितंबर से आयोजित दस दिवसीय श्री गणेश पूजा महोत्सव के शुभ अवसर पर गुरुवार को संध्या काल में पत्रकारों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर टंडवा प्रखंड के सभी पत्रकारों को पूजा समिति के अध्यक्ष जागेश्वर दास, सचिव रामदेव पासवान, कोषाध्यक्ष सह पत्रकार कुंदन पासवान एवं पूरे समिति के पदाधिकारीयो के द्वारा सभी पत्रकारों को अंग वस्त्र एवं उनके कार्यभार का प्रपत्र देखकर सम्मानित किया गया। समिति के अधिकारियों ने पत्रकारों से पूरे महोत्सव का समाचार को विस्तृत एवं विषेश रूप से लिखने के लिए धन्यवाद दिया। साथ ही पत्रकारों ने पूजा समिति के अधिकारियों से महोत्सव को लेकर पूर्व एवं स समय सूचना देने की बातें कही। इस मौके पर जागेश्वर दास, कुंदन पासवान, रामदेव पासवान, नंदा थापा, सरोज गुप्ता, उपेंद्र पांडे, कृष्णा गुप्ता, मनोज गुप्ता सहित और भी कई गन्यमान उपस्थित थे।

## सतर्कता जागरूकता सप्ताह के तहत चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन




**टंडवा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** आम्रपाली चंद्रगुप्त सीसीएल कोल परियोजना के द्वारा सतर्कता जकरुकता सप्ताह कार्यक्रम 2023 के तहत शुक्रवार को उत्क्रमित उच्च विद्यालय सराढू में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में विद्यालय के कुल 15 छात्र/छात्राओं ने भाग लिया। वर्ष 2023 के इस सतर्कता जागरूकता सप्ताह का थीम है भ्रष्टाचार का विरोध करे ; राष्ट्र के प्रति समर्पित रहे÷आपको बताते चले की सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2023 के अंतर्गत परियोजना क्षेत्र के विभिन्न विस्थापित एवं प्रभावित स्कूलों में प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा हैं।

## विद्यालय का ताला तोड़, चोरों ने बैटरी व इनवर्टर चुराया



**टंडवा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** टंडवा प्रखंड मुख्यालय स्थित राजकीय कन्या मध्य विद्यालय में बीते रात अज्ञात चोरों ने उत्पात मचाया। शुक्रवार के सुबह जब विद्यालय के शिक्षकों एवं बच्चों ने स्कूल पहुंचा तो देखा कि ताले की कुंडी टूटा हुआ है। शिक्षक एवम् बच्चों ने जब कमरा के अंदर प्रवेश किया तो देखा कि विद्यालय में रखें कागजात इधर-उधर बिखरे पड़े हैं। साथ ही देखा कि विद्यालय में लगाए गए दो पीस बड़ा साइज के ल्यूमिनस कम्पनी का बैट्री एवम् इनवर्टर गायब है। इस मामले को लेकर विद्यालय के प्रबंधन समिति के द्वारा टंडवा थाना में लिखित आवेदन देकर अज्ञात चोरों के विरुद्ध समुचित कार्रवाई करने की मांग की गई है।


## टंडवा के मदरसा बुरहानुल उलूम में उलमा ए कराम की एक अहम बैठक संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टंडवा :** चतरा जिला के ब्लैक डायमंड की नगरी कहे जाने वाला टंडवा के ग्राम कमता स्थित मदरसा बुरहानुल उलूम में उलमा ए कराम, हुफ्फाज ए कराम और बुद्धि जीवियों की एक अहम बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता मौलाना नेसार कादरी एवं संचालन कारी मुमताज ने किया।इस बैठक का शुभ आरंभ कुरान ए पाक की तिलावत से किया गया। नात ए पाक भी पढ़ी गई।बैठक को सम्बोधित करते हुए उलमाओं ने देश के अल्पसंख्यकों के साथ हो रहे भेद भाव पर चिंता जताया।आगे कहा गया की देश के स्वतंत्रता आंदोलन में हमारे पूर्वजों एवं देश के हजारों उलमाओं ने शहादत देकर अंग्रेजों की गुलामी की जंजीरों से आजादी दिलाया।आजादी के बाद से राष्ट्र के विकास में अल्प संख्यक मुसलमानों ने महती भूमिका निभाई। देश की आजादी का पचहत्तर वर्ष बीत जाने के बावजूद मुसलमानों की राजनीतिक, शैक्षणिक, आर्थिक और सामाजिक स्तर पर दिन ब दिन पिछड़ते जाना चिंता का विषय है।देश की राजनीतिक पार्टीयों के द्वारा इस समुदाय के उत्थान के लिए अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया।सिर्फ इसे वोट बैंक के रूप में इस्तेमाल किया गया।लोक सभा, राज्य सभा, विधान सभा, विधान परिषद में मुस्लिम अल्प संख्यकों की तादाद घटते जा रही है जो काफी चिंता का विषय है। आर्थिक रूप से भी पिछड़ा हुआ है। शैक्षणिक हालत भी अच्छे नही हैं। जिस समुदाय ने देश की आजादी में अपना खून पसीना बहाया घर द्बार लुटाए अपने सुहाग और बेटे खोए उसे ही मावलिंचिग कर मौत के घाट उतारा जा रहा है उन्हीं के दुकान और मकान लूटे जा रहे हैं।उनके इबादत गाहों, मजारों और मदरसों को टारगेट किया जाना देशहित में नही कहा जा सकता है।लोग इस भय से पलायन करने पर मजबूर हो रहे हैं जो काफी अफसोस की बात है।इस तरह के शांति और सद्भावना बिगाड़ने वाले भय मुक्त हो कर घुम रहे हैं।जिसे कानून के लिए चैलेंज ही कहा जा सकता है। उलमाओं ने आगे कहा कि लड़कियों की शादी विवाह को आसान बनाया जाए। दहेज मुक्त समाज बनाने में हम सब का प्रयास किया जाना सार्थक होगा।दहेज समाज में कोढ़ का रूप लेते जा रहा है जिस से गरीब लड़कियों की शादी विवाह नही हो पा रही है।

## सदर थाना के आठ कांडों के वांछित अभियुक्त मो आकिब समेत दो गिरफ्तार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** एसपी राकेश रंजन के कुशल नेतृत्व का नतीजा है कि रोज आए दिन अपराधी और वांछित कांडों के अभियुक्त न्यायिक हिरासत में जेल भेजे जा रहे हैं। आज शुक्रवार को आठ कांडों के अभियुक्त मो आकिब समेत तीन लोगों को पुलिस गिरफ्तार कर जेल भेजने में सफल रही। इस बाबत एसडीपीओ अविनाश कुमार ने मीडिया को जानकारी साझा करते हुए बताया की एस पी के निर्देशन में एक एसआईटी टीम गठित कर त्वरित कार्रवाई करते हुए लूट कांड के अभियुक्तओ गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने आगे बताया की एसपी को खुफिया खबर मिली कि शहर के शहादत चौक के पास तीन व्यक्ति चोरी के मोटरसाईकिल से घूम रहें हैं।इस सूचना के सत्यापन को लेकर एसडीपीओ अविनाश कुमार के नेतृत्व मे एक छापामारी टीम के द्वारा शहादत चौक के पास से एक काला रंग R15 YAMAHA COMPANY का मोटरसाईकिल नं0-जेएच 02 बीई-8945 से तीन लडके को पकड़ कर पुछताछ किया गया। पूछताछ के क्रम में पुलिस की गिरफ्त में आए व्यक्तियों के द्वारा बताया गया कि यह मोटरसाईकिल हजारीबाग के लोहसिंघना क्षेत्र से चोरी कर लाया गया है। इस संबंध में प्राथमिकी दर्ज कर अग्रतर कार्यवाई की जा रहीं है।गिरफ्तार व्यक्तियों के पास से एक काला रंग R15 YAMAHA COMPANY का मोटरसाईकिल नं0-जेएच 02 बीई-8945 जब्त किया गया है। गिरफ्तार अपराधियों में मो0 आकिब और मो0 दानिश दोनों पिता मो0 मोहसीन ग्राम लाईन मोहल्ला महुआ चौक सदर थाना जिला चतरा,आर्यण खान पिता मो0 अफताब आलम ग्राम पगमील थाना सदर (ओ0 पी0 पेलावल) जिला हजारीबाग के रहने वाले बताए जा रहे हैं । गिरफ्तार मो0 आकिब का अपराधिक इतिहास के पन्नों में आठ संगीन अपराध के वांछित अभियुक्त बताया जा रहा है।

## आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम मयूरहंड की समीक्षा बैठक

**चतरा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** उपायुक्त श्री अबु इमरान के निर्देशानुसार समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम मयूरहंड की समीक्षा बैठक की गई। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम के तहत ब्लॉक विकास योजना तैयार करना है। बैठक में उपस्थित संबंधित पदाधिकारी को प्रखंड विकास योजना का प्लान तैयार कर जिला को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी मयूरहंड, साकेत कुमार सिन्हा, प्रखंड विकास पदाधिकारी इटखोरी सोमनाथ बामकिया, बीपीआरओ मयूरहंड, एमओआईसी मयूरहंड सुमित जयसवाल, बीपीओ राहुल कुमार, कृषि विभाग से चंदन कुमार राम, एचएम स्वामी विवेकानंद, एमएस पुरैना विकास कुमार सिंह, पीरामल टीम से अमृता प्रजापति एवं ऋषभ कुमार समेत अन्य संबंधित उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### अरगड्डा क्षेत्रीय प्रबंधन के खिलाफ 26 सितंबर को संयुक्त मोर्चा का एक दिवसीय धरना

**गिद्दी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** संयुक्त मोर्चा की बैठक अरगड्डा क्षेत्रीय प्रबंधन के खिलाफ गिद्दी ए सामुदायिक भवन में हुई जिसमें क्षेत्रीय प्रबंधन के तुगलक की फरमान बिना कंपनी के नियमों का पालन किए और नीतिगत फसलों में यूनियन नेताओं से चर्चा किए बिना लिए जा रहे निर्णय जिससे पूरे क्षेत्र में भय एवं अशांति का वातावरण का निर्माण हो रहा है, साथ ही औद्योगिक शांति एवं सामाजिक शांति बिगड़ रही है ,की कड़ी निंदा की गई एवं प्रबंधन के हितालशाही फरमान को खत्म करने के लिए यूनियन नेताओं ने अरगड्डा क्षेत्रीय प्रबंधन के खिलाफ एक दिवसीय धरना प्रदर्शन का निर्णय लिया गया। उपस्थित नेताओं ने कहा कि अरगड्डा क्षेत्रीय प्रबंधन बिल्कुल निरंकुश हो गई है औद्योगिक शांति को साथ ही साथ सामाजिक सौहार्द को बिगड़ने पर तुली हुई है जिसके कारण पूरे क्षेत्र में भय का वातावरण व्याप्त है।आपको बताते चलें की महाप्रबंधक के द्वारा लिए गए तुगलक्की फरमान के पहले ना ही यूनियन से और ना ही सामाजिक रूप से कोई भी सहमति बनाई गई जो कंपनी के नियमों के बिल्कुल भी विरुद्ध है । ऐसी स्थिति में यूनियन के सभी नेताओं ने मिलकर के अरगड्डा महाप्रबंधक को एक पत्र प्रेषित किया की आप इस संदर्भ में यूनियन से वार्ता करें और प्रबंधन को जो सहयोग चाहिए वह यूनियन अपने दायित्व का निर्माण करेगी लेकिन महाप्रबंधक अरगड्डा अपने तानाशाही रवैया को दिखाते हुए बात करने से इनकार कर गए और अपने निर्णय को अमली जामा पहनाने के लिए अपने अधिकारियों को लगा दिए !! ऐसी स्थिति में यूनियन के पास दूसरा विकल्प नहीं बचता था अंततः सभी श्रमिक संगठन ने मिलकर के यह निर्णय लिया कि ऐसे तानाशाही एवं हिटलर शाही प्रबंधन के खिलाफ आवाज बुलंद करनी होगी और उनके खिलाफ आंदोलन की रूपरेखा तय करनी होगी इस स्थिति का परिणाम स्वरूप आज हम लोगों ने महाप्रबंधक कार्यालय के समक्ष दिनांक 26 सितंबर को एकदिवसीय धरना का निर्णय लिया है !!साथ ही साथ इस आंदोलन को तीखा करने के लिए बहुत सारे निर्णय लिए गए और इस एकदिवसीय कार्यक्रम को सफल करने के लिए इस तीन दिनों के अंदर सभी पीट पर जाकर के यूनियन नेता मजदूरों का समर्थन और साथ ही साथ आम जनमानस का समर्थन प्राप्त करने के लिए आज 22 सितंबर को रैलीगड़ा चांदनी चौक पर नुक्कड़ सभा रखी गई है ,23 सितंबर को गिद्दी ए हॉस्पिटल चौक पर नुक्कड़ सभा होगी, 24 सितंबर को अरगड्डा मार्केट में नुक्कड़ सभा की जाएगी एवं 25 सितंबर को गिद्दी सी चौक पर नुक्कड़ सभा करने का निर्णय लिया गया!! जिसमें सारे मजदूर नेता ,मजदूर साथियों के साथ-साथ, कॉलोनी में रहने वाले आम जनमानस को आह्वान करेंगे कि वह ज्यादा से ज्यादा संख्या में धरना स्थल पर 26 सितंबर को पहुंचे ताकि इस धारणा की आवाज और धमक से प्रबंधन की चूल हिल जाए और प्रबंधन अपने हिटलर शाही और तुगलक की फरमान को वापस ले !! इस बैठक में मुख्य रूप से मिथिलेश सिंह, कन्हैया सिंह, बैजनाथ मिस्त्री, पुरुषोत्तम पांडे, अरुण कुमार सिंह, गौतम बनर्जी, जन्मजय सिंह, शशि सिंह ,दीपक कुमार, प्रशांत बिल्थरिया, गुड्डू यादव, विजेंद्र प्रसाद, धनेश्वर तुरी ,मनोज पाल, अजय सिंह, चंदन सिंह, जगदीश चंद्र बेदिया ,सांवरमल शर्मा, पवन कुमार, रविंद्र सिंह इत्यादि उपस्थित थे

### एक्सपोजर विजिट के लिए राजस्थान जाएंगे चयनित प्रखंड प्रमुख

**चरही (प्रभात मंत्र संवाददाता):** चरही झारखंड सरकार पंचायती राज विभाग ने विशेष आवश्यकता के उद्देश्य से राज्य के विभिन्न प्रखंड के जनप्रतिनिधियों को राजस्थान के एक्सपोजर विजिट के लिए चुना है.राज्य सरकार द्वारा जारी सूची में हजारीबाग़ जिला के चुरचू प्रखंड प्रमुख निरंजन प्रसाद नायक, एवं दारू प्रमुख कुमारी सवेता, बड़कागांव प्रमुख फुलवा देवी, चलकुशा प्रमुख नीतू कुमारी, सदर बीना देवी चयनित किया गया है. सूची में 26 से 30 सितंबर 2023 तक चयनित प्रखंड प्रमुख के राजस्थान का एक्सपोजर विजिट निर्धारित किया गया है. विभागीय सूत्रों के अनुसार राजस्थान में प्रखंड स्तर पर हुए विशेष कार्यो से जनप्रतिनिधियों को अवगत कराया जाएगा. इसके बाद झारखंड पंचायती राज्य विभाग राज्य स्तर पर इसका लाभ लेगा.

### चिंतपूर्णी स्टील प्लांट लिमिटेड के द्वारा श्रध कार्य के लिए चालीस हजार रुपये उनके पुत्र को दिया गया

**चरही (प्रभात मंत्र संवाददाता):** चरही थाना क्षेत्र के 15 माईल में स्थित चिंतपूर्णी स्टील प्लांट लिमिटेड के कार्यरत कर्मी करीब 45 वार्षिये मजदूर खेदन महतो पिता निर्मल महतो की मौत हो गयी। वही चिंतपूर्णी स्टील प्लांट लिमिटेड के मैनेजर चन्द्रमणि सिंह एवं पूर्व मुखिया दशरथ महतो और 20 सूत्री अध्यक्ष बालकुमार महतो के हाथों श्रध कार्य के लिए ?40000 उनके पुत्र टिकेश्वर महतो को दिया गया । वहीं प्लांट के प्रबंधक ने बताया की बाकी जो 6 लाख रुपये श्रध कार्य के बाद में दिया जाएगा । साथ ही मृतक के पत्नी को आजीवन पेंशन दिया जाएगा और उनके पुत्र को 21 वर्ष तक पेंशन और उसके बाद नौकरी दिया जाएगा। वहीं मुख्य रूप से उपस्थित वार्ड सदस्य चंद्रदेव महतो समाजसेवी किसुन महतो गोपाल महतो राजेंद्र महतो इत्यादि लोग उपस्थित थे

### संतुलन खोकर सड़क किनारे गिरा बाइक सवार युवक

**उरिमारी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सयाल पोडा गेट के समीप सुबह करीब ग्यारह बजे सयाल पोडा दोतल्ला निवासी युवक कैला चमार उम्र 28 वर्ष पिता स्व.जोगिंदर चमार अपने बाइक से पोडा दुर्गा मंडप की ओर जा रहा था। इस बिच पोडा गेट के समीप वह असंतुलित होकर सडक किनारे गिर गया जिससे उसके बाये कान के समीप गहरी चोट लग गयी।वही स्थानीय एक युवक ओम दूबे ने घायल कैला चमार को अपने मित्र के साथ सयाल अस्पताल पहुचाया। जहा उसकी प्राथमिक उपचार कर घर भेज दिया गया।

### सांडी में 48 घंटे का अखंड हरी कीर्तन प्रारंभ

**कुजू (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सांडी में शुक्रवार से 48 घंटे का अखंड हरी कीर्तन प्रारंभ हुआ।इस दौरान राधा अष्टमी को लेकर शुक्रवार को बजरंग क्लब भरेचनगर सांडी द्वारा भव्य कलश यात्रा निकाली गई। अखंड हरी कीर्तन रविवार को अटूट भंडारे के साथ संपन्न होगा। क्लब द्वारा गाजे बाजे के साथ निकाली गई इस भव्य कलश यात्रा में 201 कलशधारी शामिल हुए। कलश यात्रा मंडप परिसर से निकल कर आसपास के क्षेत्र का भ्रमण करते हुए प्राचीन शिव मंदिर टूटी झरना पहुंचा। जहां पंडित राकेश पांडेय ने यजमान बने द्वारिका महतो एवं उमेश महतो सपत्नीक को विधिवत पूजा- अर्चना कराया। जिसके बाद सभी कलशधारी अपने-अपने कलश में पवित्र जल को भरते हुए पुनः मंडप परिसर पहुंचें।. जहां कलश को स्थापित किया गया ।बाद गांव के बुजुर्ग बिगू महतो एवं सुरजन महतो के द्वारा कीर्तन मंडप का फीता काटकर उद्घाटन किया गया। तत्पश्चात हरे राम, हरे कृष्णा का अखंड हरी कीर्तन प्रारंभ हुआ । मौके पर भुनेश्वर महतो भुन्नू, भोला पासवान, परमेश्वर महतो, विजयमल महतो, महेंद्र प्रसाद, चंद्र देव महतो, नागेश्वर प्रसाद, हरि प्रसाद, रेवा लाल महतो, पवन महतो, शंकर प्रसाद गुप्ता, भुवन प्रसाद, उमेश प्रसाद, आनंद महतो, मुकेश मुंडा, सुनील कुमार, मुरली प्रसाद, मुन्ना महतो, इंद्र महतो, प्रयाग महतो, दर्शन महतो, दिनेश महतो, सरयू महतो, बाबूलाल महतो, विकेश महतो, धर्मनाथ मुंडा, विजय पासवान, सोनू कुमार, कृष्ण कुमार, संजय कुमार,विनोद महतो, रामसहाय बेदिया, गोविंद कुमार, श्यामलाल, अनिल, सुनील, नरोत्तम, कमलेश, ओमप्रकाश, अनीश, मणिलाल, गौतम, वीरू, महेश, कुलदीप, रंजन, पंकज, धीरज, मनीष, आशीष समेत बड़ी संख्या में लोग शामिल थे.

# देवकुली पंचायत पहुंचे डॉ. आरसी मेहता कहा... आबादी के अनुरूप हो आरक्षण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** कांग्रेस प्रमंडलीय नेता डॉ आरसी प्रसाद मेहता ने देवकली पंचायत भ्रमण के दौरान कहा की बिहार की तर्ज पर संपूर्ण देश में जातीय जनगणना हो और जिसकी जितनी आबादी उसकी इतनी भागीदारी के तहत आरक्षण नीति सरकार लागू करे। लुंदरू बरिया गांव का दौरा कर सैकड़ो लोगों से संपर्क करते हुए उन्होंने लोगों की समस्याएं सुनी। मंडलीय



प्रवक्ता प्रो ब्रजकिशोर मेहता ने कहा की जन जन कि इच्छा है कि मध्यान्ह भोजन के साथ गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिले ,5 किलो अनाज की जगह रोजगार मिले महंगाई कम हो। निजीकरण की जगह सरकारी संस्थान खुले और बेरोजगारों को नौकरी मिले ,सबसे ज्यादा बेरोजगार हताश है भ्रष्टाचार कम करने का कानून बने भ्रष्टाचार से सभी त्रस्त है ।कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष गिरधारी महतो जलेश्वर यादव प्रोफ़ेसर दीपक कुशवाहा अध्यक्ष लालमोहन रविदास अजय वर्मा पंचायत सचिव मनोज मेहता एआईपिसी कोऑर्डिनेटर संदीप धवन सहित सेकडो लोग क्षेत्र भ्रमण में शामिल रहे।

# महिला बिल पास होने की खुशी में भाजपा महिला मोर्चा ने उड़ाया गुलाल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** बुधवार को लोकसभा से महिला बिल पास होने की खुशी में झंडा चौक पर भाजपा महिला मोर्चा की सैकड़ो महिलाओं ने जिलाध्यक्ष रेणुका साहू के नेतृत्व में जमकर गुलाल उड़ाया तथा एक दूसरे को मिठाई खिलाकर हर्ष जताया। महिलाएं बिधायक कार्यालय से हाथों में पार्टी का झंडा लिए प्रधानमंत्री जिंदाबाद, भाजपा जिंदाबाद का नारा लगाते हुए झंडा चौक पर आतिशबाजी की तथा एक दूसरे को गुलाल व अबीर लगाकर बहनों को मिठाइयां खिलाकर अपनी खुशियों का इजहार किया । इस मौके पर महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष रेणुका साहू ने कहा कि महिला आरक्षण बिल लोकसभा से पास होने से हम महिलाओं की खुशी दुगुनी हो गयी। ऐसे में होली पर्व की तरह अबीर और गुलाल से खेलकर मिठाई खाना तथा लोगो को खिलाना तो लाजमी था। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महिलाओं के प्रति जो उदारवादी विचारधारा को परिलक्षित किया है उसे देशभर की महिलाएं सुद समेत वापस करेंगी। जिलाध्यक्ष रेणुका साहू ने कहा कि लगभग 30 वर्षो से पूर्ववर्ती कांग्रेस नीत सरकार ने महिलाओं को झांसे में रखकर सिर्फ ठगा है। उन्होंने कहा कि अब 33 प्रतिशत आरक्षण मिलने से महिला जनप्रतिनिधियों की संख्या लोकसभा में 181 सांसद के रूप में हो जायेगी।

# गणेश पूजा महोत्सव पर अरगड्डा में जागरण का भव्य आयोजन


**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिरका :** प्रथम पूज्य विघ्नहर्ता गणेश महोत्सव को लेकर बीती रात्रि गुरुवार को सत्यम क्लब के पंडाल में भव्य जागरण का आयोजन किया गया। जागरण मंडली में महिला, पुरुष कलाकारों के द्वारा एक से बढ़कर एक गणेश के मम्मी, विघ्नहर्ता, झूला झूले सात बहिनिया, बड़ा सुंदर है मां का भवन जैसे अद्भुत लोकप्रिय गानों व भजनों का प्रस्तुतीकरण किया। जिसके धुन पर महिला भक्तजन, बच्चे, युवा झूम उठे। सभी ने जागरण के दरबार में हाथ उठाकर भगवान श्री गणेश, रिद्धि- सिद्धि के दाता, भोले शंकर, माता पार्वती सहित अन्य देवी देवताओं के गगन भेदी जयकारे लगाए। सभी ने अपने क्षेत्र की सुख शांति की कामना किया। मौके पर पूजा समिति के अनिल भुईयां, अजय चौधरी, अमित भुईयां, आनंद कुमार, कन्हैया मुंडा, लवली कुमारी, अभिषेक, मनमीत, मलिंगा, कीर्ति कुमारी आदि उपस्थित थे।

# दुर्घटना को बुलावा दे रहा हैं गोला मुरी पुल, देखने वाला कोई नहीं

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गोला :** रामगढ़ जिले के गोला थाना क्षेत्र से मुरी सिल्ली पथ को जोड़ने वाली मार्ग पुरी तरह से जर्जर हो गई है। बारिश के इस मौसम में रुक रुक कर हो रही लगातार बारिश से सड़क का हाल बेहाल हो चुका हैं। इसी सड़क से प्रतिदिन सैंकड़ों वाहन का आवागमन होता है।जबकि डीभीसी चौक से मुरी पथ पर बनी पुल की स्थिति भी धीरे धीरे जर्जर होते जा रही है। इस पुल की सड़क पर जगह जगह गढ्ढे हो गए हैं जिससे सड़क पर पानी भर जाती है और



वाहन चालकों को इसका अंदाजा नहीं लगा पाते हैं जिससे सड़क पर वाहन फंसने की स्थिति पैदा हो जाती है। आए दिन वाहनों के फंसने से गाड़ियों की लम्बी कतार लग जाती है। साथ ही कभी भी आस्कमिक दुर्घटना ग्रस्त तथा इमरजेंसी वाहनों आवागमन में बहुत सारे परेशानियों का सामना करना पड़ रहा हैं।पथ निर्माण से संबंधित पदाधिकारीगण का ध्यान इस ओर नहीं है।वहीं समाजसेवी सह आजसू पार्टी के युवा नेता प्रभात कुमार ने कहा कि यहां पर सड़क का जाम होना अब आम बात हो चुकी हैं। मरीज ले जा रहे इमरजैंसी के समय वाहनों की लम्बी लाईन होने के कारण परेशानियों का सामना करना पड़ता हैं। आए दिन यहां सड़क हादसा होते रहता है जो बहुत ही दुखदाई है। यह मार्ग कई सुदूरवर्ती गांव को जोड़ती हैं। में लगे हुए हैं। प्रभात कुमार ने कहा कि अगर समय रहते पथ निर्माण विभाग इसकी मरम्मत नहीं करता है तो आए दिन कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है।

# 08 अक्टूबर को चौपारण में बुलंद होगी झारखंडी आवाज

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** 08 अक्टूबर को सुबह दस बजे से चौपारण प्रखंड मैदान में बदलाव संकल्प सभा का आयोजन होगा। सभा में झारखंडी हक अधिकारों की आवाज बुलंद होगी।इस सभा के माध्यम से यह संदेश दिया जाएगा की झारखंड के सौ प्रतिशत सीटों पर झारखंडी माटी के बेटा - बेटी को सांसद - विधायक बनाना होगा तभी झारखंड की माटी बच पाएगी। संकल्प सभा को जयराम महतो, संजय मेहता, भुनेश्वर यादव संबोधित करेंगे। राज्य स्तर से मोतीलाल महतो, देवेंद्र महतो, राजदेश रतन का भी आगमन



सभा में होगा।सभा में मुख्य तौर पर बरही विधानसभा क्षेत्र के लोग सम्मिलित होंगे। इस सभा में लगभग 50 हज़ार लोग सम्मिलित होंगे।सभा के सफल आयोजन को लेकर चौपारण के बसरिया, चतरा मोड़, इटखोरी, मयूरहंड, वृंदावन, सरैया, पदमा आदि क्षेत्रों में जनसंपर्क अभियान चलाया गया। इस दौरान लोगों ने सर्वसम्मति से भारी संख्या में सभा में शामिल होने पर सहमति जताई। सभा में झारखंड की स्थानीय नीति, नियोजन नीति, पुनर्वास नीति, निजी क्षेत्रों में स्थानीय को रोजगार में प्राथमिकता आदि मुद्दों पर भी वक्ता अपनी राय रखेंगे।

# सांसद जयंत सिन्हा का धनहारा चौक पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कुजू :** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद जयंत सिन्हा का शुक्रवार को धनहारा चौक पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी के साथ फूलमाला पहनाकर स्वागत किया।यह स्वागत कार्यक्रम सांसद जयंत सिन्हा को पांचवीं बार वित्त संबंधी स्थाई समिति के अध्यक्ष बनाए जाने की खुशी में भाजपा रामगढ़ नगर परिषद अध्यक्ष मनोज गिरी के नेतृत्व में किया गया।श्री सिन्हा वित्त संबंधी अस्थाई समिति के



पांचवीं बार अध्यक्ष बनाए जाने के बाद दिल्ली से हजारीबाग लौट रहे थे। स्वागत करने वालों में भाजपा नगर परिषद अध्यक्ष मनोज गिरी के साथ महामंत्री सुनील प्रसाद साहू,मंत्री विजय गिरी, भाजपा युवा नेता संतोष शर्मा, युवा मोर्चा रामगढ़ नगर परिषद अध्यक्ष मुकेश ठाकुर, भाजपा नेत्री सुभद्रा अग्रवाल, रंजीत प्रसाद साहू, गौतम राम, नंदकिशोर ठाकुर, देवेंद्र गिरी,

# रामगढ़ में संपन्न हुई भाजपा की प्रदेश स्तरीय सोशल मीडिया कार्यशाला, दर्जनों कार्यकर्ता हुए उपस्थित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** रामगढ के थाना चौक स्थित होटल ट्रीट के सभागार में शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश शोशल मीडिया कार्यशाला संपन्न हुई।आगामी आम चुनाव के मद्देनजर भाजपा का देशव्यापी ÷शंखनाद अभियान÷ के निमित इस कार्यशाला की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता ने किया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश आईटी सेल प्रभारी भानु जालान एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रवेश सोशल मीडिया प्रभारी राहुल अवस्थी उपस्थित हुए । मंच संचालन एवं विषय प्रवेश करवाते हुए संतोष शर्मा ने मुख्य अतिथियों को रामगढ़ जिले में शोशल मीडिया टीम का गठन मंडल स्तर पर होने की जानकारी के साथ प्रत्येक बूथ को व्हाट्स एप ग्रुप के माध्यम से प्रदेश को जोडने की जानकारी दी गई।

मुख्य अतिथि राहुल अवस्थी ने



आज के सामाजिक परिवेश में शोशल मीडिया की उपलब्धियों का जिक्र करते हुए बताया की जनसमस्याओं को उठाने के अलावा भाजपा सरकार के द्वारा उठाए गए राष्ट्रनिर्माण में उपयोगी कदमों को भी विस्तृत रूप से शेयर किया जाना चाहिए।कार्यक्रम के मध्याह्न में दिल्ली से लोकसभा के विशेष सत्र में हिस्सा लेकर लौटे हजारीबाग लोकसभा सांसद जयंत सिन्हा ने भी हिस्सा लिया जहां उन्होंने उपस्थित कार्यकर्ताओं को अपने अपने पारिवारिक सदस्यों और रिश्तेदारों से भी तीस सेकेंड का वीडियो सरकार की उपलब्धियों को इंगित करते हुए रिकॉर्ड कर शोशल मीडिया पर शेयर करने की नसीहत देते हुए इसे सरकार के कामों को प्रचारित करने का सबसे आसान और उत्तम माध्यम बताया। उन्होंने जॉन एफ केनेडी के उस भाषण का जिक्र करते हुए कहा जिसमे उन्होंने कहा था की हम चांद पर जाना चाहते है और हम जानते है की ये आसन नही बल्कि मुस्किल है और इसी लिए हमने ये चुना है।

अर्थात बड़े संघर्ष के बाद हीं बड़ी मंजिल मिलता है ये बताते हुए जयंत सिन्हा ने बताया की देश को विश्वगुरु बनाने हेतु इसी तरह के कड़े संघर्ष हमारे मोदी जी और आज भाजपा का कार्यकर्ता कर रहा है और ये मुश्किल है ये बात भी हम और हमारे प्रधानमंत्री जी भी जानते है पर मजबूत इच्छा शक्ति हीं कुछ बड़ा मंजिल दिलवाती है उपस्थित आईटी सेल प्रभारी भानु जालान एवं प्रदेश प्रवक्ता अविनेश कुमार ने भी अपना वक्तव्य दिया। इस मौके पर चुनाव के देखते हुए शोशल मीडिया के प्रभारी बनाए गए वरिष्ट उपाध्यक्ष राजू चतुर्वेदी ने कहा की शोशल मीडिया सिर्फ एक मनोरंजन का माध्यम न रह कर आज एक आंदोलन जागृत करने का प्लेटफार्म बन चुका है जिसके अन्ना आंदोलन से लेकर इस जैसे कई उदाहरण मौजूद है और हम सब कार्यकर्ता को अपना दायित्व निभाते हुए ऊर्जा के साथ भाजपा सरकार की उपलब्धियों को जनता तक पहुंचाने में लगना होगा।

# यदुनाथ पांडेय ने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से की मुलाकात

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** भाजपा झारखंड के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व सांसद डा. यदुनाथ पांडेय पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे. पी. नड्डा से लोकसभा के कार्यालय में मिलकर संगठन और सरकार की उपलब्धियों पर चर्चा की । प्रधानमंत्री मोदी जी के कुशल नेतृत्व में देश की नारी शक्ति को सम्मान और अधिकार देने के लिए ऐतिहासिक बिल है नारी शक्ति वंदन अधिनियम । इस अधिनियम की जितनी भी प्रशंसा की जाय वो कम होगा क्योंकि समाज में महिलाओं के लिए एक तिहाई सीटें आरक्षित करने की व्यवस्था करने वाला 128 वां संविधान संशोधन विधेयक लोकसभा में लगभग सर्वसम्मति से पारित हो चुका है। इस अपार समर्थन से यह प्रतीत होता है कि अब आगे किसी अड़चन की संभावना नहीं है । पीएम मोदी की कैबिनेट ने महिलाओं के लिए लोकसभा और विधानसभाओं में सीटें आरक्षित करने की बर्षो से जारी मांग पर पहल करते हुए लोकसभा में मोहर लगा दी गई है ।

डा. पांडेय ने कहा कि इस ऐतिहासिक बिल को राज्यसभा के साथ साथ राज्य के विधानसभाओं में सर्वसम्मति से पारित कर भारतीय संसदीय इतिहास के स्वर्णिम इतिहास बनाने में हर दल का योगदान अपेक्षित है । समाज में महिलाओं को आरक्षण मिलने से निश्चित तौर पर बहुत बड़ा बदलाव देखने को मिलेगा । इस प्रकार मातृशक्ति को नेतृत्व शक्ति प्रदान करने वाले और महिला आकांक्षाओं को नारी सशक्तिकरण के प्रमुख कारक पीएम मोदी सरकार की दूरदर्शी नेतृत्व है यही कारण है कि मोदी सरकार की इस ऐतिहासिक बिल का समर्थन विपक्ष भी कर रहा है । साथ ही इस बिल की विशेषता है कि हर दल के शीर्ष नेतृत्व और सांसद व विधायक इसके महत्व को दिल से स्वीकार करता है ।

# रामगढ़ महाविद्यालय उर्दू विभाग के विद्यार्थियों का बेहतरीन प्रर्दशन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** विनोबा भावे विश्वविद्यालय, हज़ारीबाग स्नातक सत्र 2020-23 परिणाम जारी हो चुका।जिसमें रामगढ महाविद्यालय , रामगढ उर्दू विभाग के छात्र-छात्राओं ने बेहतरीन परिणाम प्राप्त किया है। दो को छोड़कर बाकी सभी विद्यार्थी प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए हैं। इन छात्राओं में रेहाना परवीन पहले, गुलबनफशा दूसरे और शाइस्ता नाज तीसरे स्थान पर रहीं। इन तीनों के उत्कृष्ट परिणाम के साथ लगभग सभी विद्यार्थियों को अच्छे अंक मिले हैं। उर्दू विभागाध्यक्ष प्रो शाहनवाज खान ने उपरोक्त तीनों छात्रों के अतिरिक्त अच्छे अंकों के साथ प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण होने वाले सभी विद्यार्थियों को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि अधिक कक्षाएं लेने और मेहनत से पढ़ाई करने के कारण अच्छे परिणाम आए हैं। उन्होंने कहा कि इसे अंतिम पड़ाव या लक्ष्य नहीं माना जाना चाहिए, बल्कि उच्च शिक्षा प्राप्त करने, व्यावसायिक शिक्षा के लिए कहीं प्रवेश लेने या रोजगार के लिए प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने का प्रयास होना चाहिए। सेमेस्टर तीन और सेमेस्टर पांच के विद्यार्थियों ने भी अपने बड़े भाइयों और बहनों के परिणामों पर प्रसन्नता व्यक्त की है और इसी तरह अधिक कक्षाएं करने और कड़ी मेहनत करने की संकल्प लिया है। उपरोक्त दोनों सेमेस्टर के छात्रों ने अपने बड़े भाई-बहनों के उत्तीर्ण होने और विदा होने के सम्मान में और उर्दू विभाग में नए प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों के स्वागत में 30 सितंबर को एक भव्य समारोह आयोजित करने का निर्णय लिया है।

# अलग-अलग घटनाओ में दो राज्यो में, दो प्रवासी मजदूरों की मौत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** झारखंड राज्य खनिज संपदा से भरा-पूरा प्रदेश है। इस बात को कोई नकार नही सकता भारत की जीडीपी में करीब 40 प्रतिशत का योगदान देने वाले झारखंड के मजदूरों की किस्मत में अपने परिवार से दूर जाकर सिर्फ मरना हीं लिखा है।इस बात की पुष्टि दूसरे राज्यो में जाकर असमय काल के गाल में समाने वाले मजदूरों से हुई है। अभी कल गुरुवार 21सितम्बर की है,जिसमे विष्णुगढ़ के सारूकुदर पंचायत के मनीजर अंसारी के 30 वर्षीय पुत्र जसीम अंसारी की दुखद मृत्यु मुम्बई के कोल्हापुर में सड़क हादसे में हो गई। प्राप्त जानकारी में अनुसार मृतक जसीम अंसारी बाइक से जा रहा था,पीछे से आ रही अनियंत्रित वाहन के चपेट में आने से उसकी जान चली गई।मृतक अपने पीछे पत्नी यासमीन खातून,पुत्र असलम अंसारी उम्र 10 वर्ष,सलमान अंसारी उम्र 03 वर्ष,पुत्री हिना प्रवीन उम्र 08 वर्ष,सहिस्ता प्रवीन उम्र 06 वर्ष, को छोड़ कर असमय इस दुनिया से रुखसत हो गया। मौत की सूचना पाकर उसके परिजन सकते में है,वहीं दूसरी घटना में विष्णुगढ़ प्रखण्ड के मडमो के बेलियाटांड़ खेसर रूपलाल टुड्डू के 30 वर्षीय पुत्र कैलाश टुड्डू की मौत टॉवर से गिरने से इलाज के दौरान बीती रात को करीब 02 बजे ओडिशा में हो गई। बताया जाता है,कि कैलाश टुड्डू ओडिशा के झासुगोंडा मे जिन्दल कंपनी में कार्यरत था।यह घटना 15 सितंबर 23 को टॉवर से गिर गया था,इलाजरत कैलाश टुड्डू ने करीब 06 दिनों तक मौत से जंग लड़ी आखिर में जीत मौत की हुई। इस जंग में कैलाश टुड्डू अपनी जिंदगी हार गया,और अपने पीछे अपनी पत्नी सरिता देवी,पुत्र अजित टुड्डू उम्र 06 वर्ष और तीन साल की बेटी को बेसहारा छोड़ कर इस दुनिया से चला गया। इन दोनों घटनाओ में उसके परिवारों का रो-रोकर बुरा हाल है, वहीं सरकार अपनी चिरनिद्रा से कब जागेगी ये सवाल बदस्तूर जारी है। प्रवासी मजदूरो के हित में कार्य करने वाले समाजसेवी सिकंदर अली ने लगातार होती मौतों से काफी आहत दिखे।उन्होंने कहा कि यह इस साल की पहली और दूसरी घटना नही है। पूर्व में भी करीब दर्जनों प्रवासी मजदूर असमय काल के गाल में समा चुके है। सरकार स्थानीय स्तर पर रोजगार एवं प्रवासी मजदूरो के लिए ब्लॉक स्तर पर जानकारी के साथ ही जाने की व्यवस्था सरकार के द्वारा किया जाना अतिआवश्यक है।

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## पिपरवार के कल्याणपूर में एतिहासिक जितिया मेला को लेकर हुई बैठक

**पिपरवार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के कल्याणपूर सरना क्लब मे तीन दिवसीय जितिया जतरा मेला के आयोजन को लेकर एक बैठक हुई।बैठक की अध्यक्षता निर्मल उरांव और संचालन शिवशंकर साव ने किया।बैठक में आगामी 8 अक्टुबर से 10 अक्टुबर तक कल्याणपूर मे लगने वाले तीन दिवसीय जितिया जतरा मेला को लेकर चर्चा किया गया।बैठक में इसकी तैयारी को लेकर विचार विमर्श किया गया,साथ ही मेला के सफल आयोजन को लेकर गठित समिति के लोगो को अलग-अलग जिम्मेवारी दी गई।बैठक मे प्रमुख रीना कुमारी,निर्मल उरांव,बालेश्वर उरांव,क्युम अंसारी,शिव शंकर साव,कासिम उर्फ मुन्ना,बालकंत उरांव,मानेश्वर भगत,सचिन पासवान,अरुन उरांव,रामू मिंज सहित कई लोग मौजुद थे।

## अशोका और पिपरवार में संयुक्त मोर्चा ने किया गेट मिटिंग

**पिपरवार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के अशोक परियोजना पीट ऑफिस और पिपरवार वर्कशॉप मे संयुक्त मोर्चा के द्वारा गेट मिटिंग की गई।इस गेट मिटिंग की अध्यक्षता एटक के मुंद्रिका प्रसाद और संचालन सीटू के इस्लाम अंसारी ने किया।गेट मीटिंग में आगामी 5 अक्टूबर से 7 अक्टूबर तक कोयला उद्योग में होने वाले तीन दिवसीय हड़ताल को पिपरवार क्षेत्र में सफल बनाने का आह्वान किया गया।गेट मीटिंग को संबोधित करते हुए श्रमिक प्रतिनिधियों ने कहा कि कोयला उद्योग में काम करने वाले मजदूरों का 11वां वेतन समझौता ऐतिहासिक हुआ है।लेकिन ऑफिसर एसोसिएशन के द्वारा कोर्ट में याचिका दायर कर इसे रोकने का काम किया गया है।जिसे किसी भी कीमत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।ऑफिसर एसोसिएशन के इस कार्रवाई का संयुक्त मोर्चा ने कड़े शब्दों में निंदा की है,साथ ही कोयला उद्योग में तीन दिवसीय हड़ताल की घोषणा की है।वक्ताओं ने कहा कि कोल इंडिया में अधिकारियों को भी कई सुविधा मिल रहा हैं,जिसका कर्मियों ने कभी भी विरोध नही किया है,ऐसे में मजदूरों के वेतन समझौते पर ऑफिसर एसोसिएशन के द्वारा दायर की गई याचिका काफी निंदनीय है।कोयला उद्योग में मजदूरों के बलबूते कोल इंडिया शिखर पर पहुंची है और मजदूरों के हक और अधिकार पर हमला करने पर किसी भी कीमत मे बर्दाश्त नही किया जाएगा। गेट मीटिंग में सभी कोयला मजदूरों को एकजुट होकर तीन दिवसीय हड़ताल को सफल बनाने की अपील की गई।इस दौरान कोयला मजदूरों ने ऑफिसर एसोसिएशन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। मौके पर मुंद्रिका प्रसाद, रविंद्रनाथ सिंह,एसके चौधरी,इस्लाम अंसारी, कासिम उर्फ मुन्ना, गुरूदयाल सिंह, दिलिप कुमार गोस्वामी, बाबूलाल राम, रामू गोप, बिजेंद्र सिंह, समसूल होदा, अमानत हुसैन, संजीव चन्द्रा,कयूम अंसारी सहित आदि थे ।

## धारा फॉल को पर्यटक स्थल के रुप में विकसित करने को लेकर बीडीओ को दिया आवेदन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गोला :** प्रखंड क्षेत्र के चोकाद पंचायत के खांखरा गांव में स्थित धारा फॉल धोरधोरवा को धारा फॉल विकास समिति के द्वारा इसे पर्यटक स्थल के रुप में विकसित करने को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी संतोष कुमार को आवेदन दिया है। यह स्थल एन एच 24 दुर्गा मंदिर चक्रवाली से 4किलो मीटर की दुरी पर स्थित है। यह स्थान काफी प्रचलित है तथा आदिवासी बहुल क्षेत्र से घिरा हुआ है। यहां के जानकारों का कहना है कि प्राचीन काल में वर्षा न होने के कारण आकाल हो गया था उस समय खांखरा गांव के तीनों टोलों के लोग धोरधोरवा में इक्ट्ठा होकर सातों वाहिनी मां व बंजारी मां का तीन दिनों तक अराधना करने से वर्षा होने लगा था। उसी समय से पूर्वज लोग यहां पूजा पाठ करना शुरु कर दिए और अभी भी पहान के माध्यम से प्रति वर्ष 15 जनवरी को पूजा पाठ करते आ रहे हैं। गांव में जब भी जानवरों को किसी भी तरह की महामारी होती है ।

## 24 सितंबर को इस्लामिक क्वीज की तैयारी हुई पूरी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** मिल्लत ए इस्लामिया मरकज, बरकाकाना एरिया कमेटी की बैठक आज एदारा ए शरिया रामगढ़ अंसाराबाद दुर्गी, नया नगर बरकाकाना में सम्पन्न हुई। जिसमें 24 सितंबर को होने वाला इस्लामिक क्वीज की तैयारी का जायजा लिया गया। मरकज के पदाधिकारियों ने बताया कि तैयारी पूरी हो चुकी है। इस मौखिक सवालों जवाब मुकाबला अर्थात क्विज में रामगढ़ जिले के कई मदरसे के अध्यनरत विद्यार्थियों के भाग लेने की पुष्टि हो चुकी है। साथ ही क्षेत्र के सभी गांव के मकतब में पढ़ने वाले विद्यार्थी भाग ले रहे हैं। मदरसा और मकतब के बच्चों का अलग-अलग मुकाबला होगा। इस्लामिक क्वीज मदरसा अहले सुन्नत नुरुल इस्लाम अंसाराबाद दुर्गी, नया नगर बरकाकाना 10-00 से शुरू होगा। रिपोर्टिंग टाइम 9-00 बजे ही रखा गया है।

## अरगड्डा के एक युवक ने हजारीबाग में व सिरका में एक युवक ने किया आत्महत्या, क्षेत्र में मची सनसनी

**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कोयलांचल अरगड्डा- सिरका में दो युवकों के द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या करने की खबर ने शुक्रवार को सनसनी मचा कर रख दिया। जानकारी के मुताबिक बीते गुरुवार देर संध्या अरगड्डा से हजारीबाग जाकर रहने वाले युवा आर्यन दास उम्र करीब 18 वर्ष पिता विजय दास का नाम सामने आया हैं। मृतक आर्यन पढ़ाई करने के लिए हजारीबाग हॉस्टल गया हुआ था। यही आत्महत्या की घटना घटी। सूचना मिलने के बाद अरगड्डा से परिजन हजारीबाग गए और घटना के संबंध में जानकारी लिया। वहीं दूसरी घटना सिरका चितरपुरिया मोहल्ला के समीप एक युवक विकास कुमार महतो उम्र करीब 17 वर्ष पिता छोटका महतो के द्वारा भी अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली गई। सूचना के बाद रामगढ़ पुलिस जांच पड़ताल कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रामगढ़ ले गए। बताया जाता है कि मृतक प्यार मोहब्बत के चक्कर में डिप्रेशन में था। घटना के बाद से ही दोनों परिवारों के परिजनों का रो-रोकर बुरा हांल हैं। वही लोग काफी सकतें में हैं।

## श्री गणेश महोत्सव के चौथे दिन तूफान चौक में हवन के साथ पूजा संपन्न

**गिददी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कोयलांचल गिददी ए तूफान चौक में शुक्रवार को श्री गणेश महोत्सव के चौथे दिन पूजन व हवन का आयोजन किया गया। विधिवत मंत्रो उच्चारण के साथ ब्राह्मण ने यजमानों की पूजा पूरी करवाई। फल फूल मिष्ठान भोग निवेदन कर पुष्पांजलि आरती के बाद प्रसाद का वितरण हुआ। पूजा समिति के द्वारा चतुर्थ दिन भगवान श्री गणेश को हर वर्ष की भांति खिचड़ी का भोग निवेदन किया गया हैं।

## किरीगड़ा गांव में केंद्रीय महाधिवेशन को लेकर हुई आजसु पार्टी की बैठक

**पिपरवार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कोयलांचल क्षेत्र के निकट बुण्डु पंचायत के किरीगढ़ा गांव मे आजसू पार्टी की एक बैठक हुई।जिसमे एक महिला ग्राम प्रभारी तथा एक पुरुष ग्राम प्रभारी का चयन किया गया। महिला ग्राम प्रभारी के रूप में नमिता देवी पति कौलेश महतो तथा पुरुष ग्राम प्रभारी के रूप गणेश महतो पिता स्व.धनु महतो का चयन किया गया।चयन ग्राम प्रभारी मोराहबादी मे आजसू पार्टी द्वारा होने वाले केन्द्रीय महाधिवेशन मे भाग लेंगे। इस मौके पर केरेडारी प्रखंड सचिव मोहन कुमार,महिला प्रकोष्ठ की केरेडारी प्रखंड सचिव आशा देवी,काशीनाथ महतो,राजकुमार महतो, विनोद महतो,गणेश महतो, मनिता देवी,यशोदा देवी, नुनिता देवी,गीता देवी,भारती देवी,मालती देवी,गंगाधर महतो,डालचंद महतो, कमलेश कुमार,विनोद कुमार, छोटू कुमार,राकेश कुमार सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## बरही अनुमंडलीय अस्पताल में सेवा पखवाड़ा के तहत निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में पहुंचे सांसद जयंत सिन्हा

**बरही(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सेवा पखवाड़ा के तहत निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में हजारीबाग सांसद जयंत सिन्हा बरही अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचे। जिनका स्वागत भाजपाइयों ने बुके देकर किया। इसके बाद उन्होंने स्वास्थ्य शिविर में शामिल होकर बीपी की जांच करवाई। इस दौरान सांसद ने लैब भवन आदि का भी निरीक्षण किया। वहीं आयोजित निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में लगे डेंगू, चिकनगुनिया, मलेरिया, टाइफाइड, टीवी, एचआईवी, बीपी, शुगर, लेप्रोसी, एनपीजीपी के नेत्र जांच आदि काउंटर का निरीक्षण किया। शिविर कार्यक्रम में डीएस डॉक्टर प्रकाश ज्ञानी, डॉ एजाज, डॉ मेराजुल , डॉ परवीन, डॉ अंकुर विहान व एएनएम साहस स्वास्थ कर्मी उपस्थित थे। मौके पर संसद जयंत सिन्हा ने कहा कि यह अस्पताल पूरे अनुमंडल में समस्याओं का बड़ा केंद्र है। इसमें हम लोग निरंतर नए-नए उपकरण और नई-नई सेवाएं लाएं हैं।

## दुलमी प्रखंड कार्यालय के सभागार में दुलमी प्रखंड स्तरीय सिद्धू कान्हू युवा खेल क्लब का गठन किया गया

**रजरप्पा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** दुलमी प्रखंड कार्यालय के सभागार में शुक्रवार को दुलमी प्रखंड स्तरीय पर सिद्धू कानहू युवा खेल क्लब के गठन को लेकर दुलमी प्रखंड के सभी गांव से आए मतदाताओं ने अपना समर्थक को वोट दिया जिसमें सिद्धू कानहू युवा खेल क्लब के अध्यक्ष ,सचिव, उपाध्यक्ष की के लिए तीन पद पर चुनाव संपन्न हुआ प्रखण्ड विकास पदाधिकारी रविंद्र कुमार के निगरानी एवं देखरेख में वोटिंग संपन्न हुआ चुनाव के माध्यम से दुलमी प्रखंड स्तरीय सिद्धू कानहू युवा खेल क्लब का गठन किया गया। अध्यक्ष देवेंद्र महतो बेयाँग सचिव लखेंद्र महतो इचातु, उपाध्यक्ष मनोज कुमार महतो उसरा निर्वाचित हुए है। जीत के बाद पूर्व अध्यक्ष जिला परिषद के ब्रह्मदेव महतो द्वारा मिठाई खिलाकर बधाइयां दी और पूरे प्रखंड क्षेत्र में खेलकूद को बढ़ावा देने और बेहतर कार्य करने की सलाह दिया जीत पर पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष ब्रह्मदेव महतो, सचिव सुरेश पटेल सहित पार्टी के दर्जनो लोगों द्वारा बधाई दी।

## फुटबॉल प्रतियोगिता के फाइनल मैच में जयराम क्लब बना विजेता

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**अनगड़ा :** अनगड़ा प्रखण्ड स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था फाइनल मैच प्रखंड सह अंचल कार्यालय मैदान में खेला गया । मुख्य अतिथि खिजरी विधायक राजेश कच्छप विशिष्ट अतिथि सिल्ली डीएसपी क्रिस्टोफर केरकेट्टा अनगड़ा थाना प्रभारी दिलेश्वर कुमार प्रखंड पदाधिकारी उतम प्रसाद प्रखंड प्रमुख दीपा उरांव उपप्रमुख जयपाल हजाम विधायक प्रतिनिधि राजेन्द्र मुंडा एवं अब्दुल ईमाम अंसारी रहें । मैच प्रारम्भ अतिथियों ने विधिवत खिलाडियों से परिचय प्राप्त कर व बॉल को किक मारकर उद्घाटन किया। फाइनल का मैच जयराम क्लब बिसा एवं एफ सी क्लब मासु के बीच खेला गया।जिसमें जयराम क्लब ने प्रथम स्थान प्राप्त किया और द्वितीय स्थान पेप्सी क्लब मासु प्राप्त किया जीते खिलाड़ियों को ट्राफी दिया गया।मौके पर विधायक राजेश कच्छप ने कहा कि खेल जीवन का एक हिस्सा है खेल से हम अपने जीवन को बदल सकते हैं।और अपने गांव समाज राज्य का नाम रोशन कर सकते हैं।इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि राजेन्द्र मुण्डा पूर्व प्रखण्ड अध्यक्ष एतवा उरांव पूर्व सैनिक सह प्रमुख प्रतिनिधि प्रेम उरांव विधायक प्रतिनिधि शिक्षा विभाग सकीर असांरी वार्ड सदस्य संजय नायक श्रद्धा सरना समिति अध्यक्ष सह समाजसेवी अजय उरांव जिला कांग्रेस कमेटी सचिव फारुक खान समीम खान प्रखण्ड महिला अध्यक्षा सरीता देवी उपाध्यक्ष संगीता कैथा पंचायत अध्यक्षा यशोदा देवी सिरका पूर्व मुखिया अनीता देवी सिरका अध्यक्ष समीम खान सचिव दशरत पाहन प्रवक्ता शिवदास गोस्वामी कांग्रेस के यंग कार्यकर्ता यूनुस अंसारी, मिन्हाज आलम छोटेलाल महतो जीतेन्द्र महतो रोहित नायक भोला करमाली , बादल करमाली, अजय आर्य कुलेश्वर मुण्डा प्रवक्ता एवं अन्य शामिल रहें ।

## शपथ पत्र



में फकनी महताईन पति लूसा महतो ,उम्र लगभग 54 वर्ष, धर्म हिंदू ,पेशा ग्रहणी, ग्राम कांड्रा बस्ती ,पोस्टड्ड रामनगरगढ़, थानाड्ड महुदा, जिलाड्ड धनबाद, झारखंड शपथ पूर्वक बयान करती हूं किन्ड्ड 1. यह कि मेरा आधार कार्ड संख्या 493206 38 7 133 में मेरा नाम फकनी महताईन एवं जन्म तिथि 01.04. 1969 दर्ज है।2. यह कि भारत निर्वाचन आयोग पहचान पत्र संश्ड्डजेएसएच 13 79 890 में मेरा नाम डेगनी देवी दर्ज है जिसके आधार पर पूर्व में निर्गत आधार कार्ड में मेरा नाम डेगनी देवी दर्ज था। 3. यह की उक्त आधार कार्ड के आधार पर मेरा बचत खाता संख्या 4740 101 00002063 बैंक ऑफ़ इंडिया तेलमच्चो शाखा में डेगनी देवी के नाम पर खोला गया है । 4.यह की फकनी महताईन तथा डेगनी देवी एक ही व्यक्ति/ महिला है जो मैं ही हूं।5. यह की मैं अपने उपरोक्त बचत खाता संख्याड्ड 4 7401010000 2063 में डेगनी देवी के स्थान पर फकनी महताईन सुधार करवाना चाहती हूं।6. यह की उपरोक्त सारी बातें मेरी जानकारी में सही एवं सत्य है। तथा कोई भी बात छिपाई नहीं गई है। 7.यह की मैं यह शपथ पत्र सक्षम पदाधिकारी के समक्ष दाखिल करने हेतु बना रही हूं । जो श्री बी के साव ,अधिवक्ता धनबाद के द्वारा पहचान किया गया। उपरोक्त लिखित सारी बातें सही एवं सत्य है , जिसे आज दिनांक ड्ड12 .9.2023 को अपनी ह0 /टीप का निशान बना दी।

**आरटीआई ऑफ फकनी महताईन**
**शपथकर्ता**

## कार्यालय नगर पंचायत, कोडरमा

(Mail Id – kodermanagarpanchayata@gmail.com)

–: आवश्यक सूचना :–

एतद् द्वारा निम्न आवंटियों को सूचित किया जाता है कि आपको प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के तृतीय घटक के अन्तर्गत बोनाकाली में निर्मित 90 आवासों में से 07 आवासों का आवंटन लॉटरी के माध्यम से दिनांक–09.02.2021 (प्रथम चरण), दिनांक–05.08.2021 (द्वितीय चरण) एवं दिनांक–01.11.2021 (तृतीय चरण) को किया गया है तथा आवंटन पत्र भी दिया गया है। वर्तमान में परियोजना स्थल पर निर्मित आवासों का निर्माण लगभग पूर्ण हो गया है, परन्तु निम्न आवंटित लाभुकों के द्वारा लगभग 15 से 30 माह के पश्चात भी लाभुक अंशदान की द्वितीय किस्त की राशि रू0 71,750 जमा नही की गई है। जिसकी सूची निम्नवत् है –

| Sl. No. | Survey ID | Name | Father/Husband Name |
|---|---|---|---|
| 1 | 5926066 | Krishna Kumar Sharma | Mantu Sharma |
| 2 | 5903623 | Nipa Singh | Neeraj Singh |
| 3 | 5912524 | Rubi Devi | Ravindra Prasad |
| 4 | 5961127 | Sanket Kumar Sinha | Krishna Kumar Sinha |
| 5 | 5955638 | Vinod Yadav | Vashudeo Yadav |
| 6 | 5624637 | Anand Kumar | Kuldeep Singh |

अतः उपरोक्त सूची के लाभुकों को निदेश दिया जाता है कि दिनांक–30.09.2023 तक द्वितीय किस्त की राशि 71,750 रू0 कैनरा बैंक खाता सं0–110006635910, IFSC Code –CNRB0003376 में अनिवार्य रूप से जमा कर दें अन्यथा निर्धारित अवधि में राशि जमा नहीं किये जाने पर आपके आवंटित आवास को रद्द कर दी जायेगी। आवास रद्द किए जाने के पश्चात कोई भी दावा मान्य नहीं किया जायेगा एवं प्रतीक्षारत / योग्य लाभार्थी को आवास आवंटन करने की कार्रवाई की जायेगी।

PR.NO.307486 Urban Development(23-24):D — ह0/– प्रशासक, नगर पंचायत कोडरमा

## कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग
## पशुपालन विभाग, झारखण्ड
## कार्यालय प्रबंधक, राजकीय पशु प्रक्षेत्र, गौरियाकरमा (हजारीबाग)

**निलामी सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि गौरियाकरमा अन्तर्गत राजकीय पशु प्रक्षेत्र, सांढ पोषण प्रक्षेत्र एवं सूकर प्रजनन प्रक्षेत्र के खाली बोरों की निलामी 07.10.2023 को पूर्वाहन 11:00 बजे राजकीय पशु प्रक्षेत्र गौरियाकरमा के कार्यालय कक्ष में गठित समिति द्वारा की जायेगी। इच्छुक व्यक्ति निलामी में शामिल हो सकते हैं। डाक बोलने वाले को निर्धारित सुरक्षित राशि जमा करना अनिवार्य है। विशेष जानकारी हेतु कार्यावधि में कार्यालय से सम्पर्क किया जा सकता है।

नियम एवं शर्तें :–

1. डाक बोलने के लिए सुरक्षित राशि 10000/– (दस हजार) रूपये जमा करना अनिवार्य है।
2. निलामी तिथि को 10 बजे पूर्वाह्न से सुरक्षित राशि जमा ली जायेगी।
3. जिनका सुरक्षित राशि जमा रहेगा वही व्यक्ति डाक बोलने के लिए अधिकृत होगें।
4. अधिकतम बोली गई डाक पर खाली बोरों की निलामी की स्वीकृति दी जायेगी एवं स्वीकृति के पश्चात राशि जमा कर खाली बोरों का उठाव कर लेना होगा।
5. संतोशप्रद डाक नही बोले जाने पर निलामी को रद्द करने का अधिकार समिति को सुरक्षित रहेगा।
6. अन्य जानकारी हेतु कार्यालय अवधि में सम्पर्क किया जा सकता है।
7. जिस व्यक्ति का निलामी स्वीकृत हो जाता है और वे खाली बोरों का उठाव नही करते है तो उनका जमा राशि जब्त कर लिया जायेगा।

प्रबंधक
राजकीय पशु प्रक्षेत्र, गौरियाकरमा हजारीबाग।

PR.NO.307480 Animal Husbandry(23-24):D

## Deputy commissioner-cum- District Magistrate Office

**Zila Parishad, Gumla**
**Ground Floor, zila Parishad Office Gumla- 835207**
**Email: ddcgumla2014@gmail.com Website: www.gumla.nic.in**

**Tender Reference No:** .........466......... **Date**: 21-09-2023

**Request for Proposal (RFP):** Zila Parishad Gumla invites proposals from NCSM-approved/empaneled/ having a direct experience working with NCSM Science Centers/Museums/ Permanent Galleries vendors for the restoration, supplying, and installation of materials and maintenance under the BOT (Build, Operate, and Transfer Model) of District Science Centre, Gumla.

| | Information | Details |
|---|---|---|
| 1 | Name of the work | Zila Parishad Gumla invites proposals from NCSM-approved/empaneled/ having a direct experience working with NCSM Science Centers/Museums/ Permanent Galleries vendors for the restoration, supplying, and installation of materials and maintenance under the BOT (Build, Operate, and Transfer Model) of District Science Centre, Gumla. |
| 2 | Period of Work | 120 Days for restoration and supply of materials and application and maintenance as per BOT model. |
| 3 | Date of Publication of Bid | **22.09.2023** |
| 4 | Bid Cost | Rs. 5000.00 in form of DD in favor of DDC cum CEO Zila Parishad, Gumla |
| 5 | Earnest Money to be Deposited (EMD) | Rs.2,00,000.00 (*Rupees Two Lakh Only*) in the form of DD (Valid for at least three months from the last date of submission of the Bid) in favor of **DDC cum CEO Zila Parishad, Gumla.** |
| 6 | Estimated Bid Cost | **99.99 Lakhs** |
| 7 | Scheduled date of Field Survey | **28th Sep to 1st Oct, 2023** |
| 8 | Pre-Bid Meeting | Date: **04.10.2023 by 04:00 PM** It will be an online meeting. Thus, the interested Agency must put a request for a **Meeting link** over email before 03.10.2023 by 5:00 PM. |
| 9 | Last date and time of receipt of Bid | Date: **19.10.2023 by 12:00 PM** |
| 10 | Date and time of opening of Bid | Date: **19.10.2023 by 03:00 PM** |
| 11 | Technical Presentation | Date: **19.10.2023 by 04:00 PM** |
| 12 | Financial Bidding of selected bidders | Date: **19.10.2023 by 04:30 PM** |
| 13 | Bid submission Place | Zila Parishad, Gumla |
| 14 | Bid Opening Place | Conference Hall of New Collectorate Building Ground Floor, Gumla-835207 |
| 15 | Contact Number | Email Id: ddcgumla2014@gmail.com |

**Signature**
**DDC cum CEO Zila Parishad, Gumla**

PR 307501 Rural Development (23-24)_D

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल,रामगढ

**सूचना**

इस कार्यालय के द्वारा प्रकाशित e-Expression of Interest "Hiring of Agency for Implementation of Gobardhan project in Ramgarh, Jharkhand, EOI No. SBMG Phase II/DWSD/Gobardhan/02/2023-24 जिसका PR No. 297461 Drinking Water and Sanitation (23-24)D को अपरिहार्य कारणवश रद्ध किया जाता है।

ह0/–
कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल,रामगढ

PR 307542 Drinking Water and Sanitation(23-24).D

## OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER, MINOR IRRIGATION DIVISION, KODERMA

Annexure 1

**e-Procurement Tender Notice**

Tender Reference No: - WRD/MID/KODERMA/F2-21/2023-24 Date: - 21.09.2023

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of the Work | Contruction of Check Dam on Dudhi River Block-Chandwara, District- Koderma |
| 2. | Estimated Cost (Rs.) | Rs. 57.965 Lakh |
| 3. | Time of Completion | 11 Months |
| 4. | Date of Publication of Tender on Website | 05.10.2023 at 3:00 P.M |
| 5. | Last Date/Time for Submission of bids | 11.10.2023 up to 5:00 P.M |
| 6. | Date of Opening of e-Tender | 14.10.2023 at 2:00 P.M |
| 7. | Name & address of office Inviting tender | Executive Engineer, Minor Irrigation Division, Koderma |
| 8.(a) (b) | Contact no. of Procurement officer E-mail of e-Procurement officer | 9939945761 eemidkod-cemr-jhr@nic.in |
| 9. | Helpline number of e-procurement cell | 0651-2214784 |
| 10. | Last Date of receipt of bids fee, security and other Documents. | 16.10.2023 10:00 A.M to 3:00 P.M At office of 1. Office of the Executive Engineer, Minor Irrigation Division, Koderma 2. Office of the Superintending Engineer, Minor Irrigation Circle, Hazaribagh. 3. Office of the Executive Engineer, Minor Irrigation, Design Division, Ranchi. |

**Note: - Only e-Tender will be accepted.**
Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in

**Executive Engineer,**
**Minor Irrigation Division,Koderma.**

PR 307535 (Minor Irrigation)23-24*D

## OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER, MINOR IRRIGATION DIVISION, KODERMA

Annexure 1

**e-Procurement Tender Notice**

**Tender Reference No: - WRD/MID/KODERMA/F2-14/2023-24**
**Date: - 21 .09.2023**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of the Work | Contruction of Check Dam on Bakula Nala Block-Koderma, District- Koderma |
| 2. | Estimated Cost (Rs.) | Rs. 54.424 Lakh |
| 3. | Time of Completion | 11 Months |
| 4. | Date of Publication of Tender on Website | 05.10.2023 at 3:00 P.M |
| 5. | Last Date/Time for Submission of bids | 11.10.2023 up to 5:00 P.M |
| 6. | Date of Opening of e-Tender | 14.10.2023 at 2:00 P.M |
| 7. | Name & address of office Inviting tender | Executive Engineer, Minor Irrigation Division, Koderma |
| 8.(a) (b) | Contact no. of Procurement officer E-mail of e-Procurement officer | 9939945761 eemidkod-cemr-jhr@nic.in |
| 9. | Helpline number of e-procurement cell | 0651-2214784 |
| 10. | Last Date of receipt of bids fee, security and other Documents. | 16.10.2023 10:00 A.M to 3:00 P.M At office of 1. Office of the Executive Engineer, Minor Irrigation Division, Koderma 2. Office of the Superintending Engineer, Minor Irrigation Circle, Hazaribagh. 3. Office of the Executive Engineer, Minor Irrigation, Design Division, Ranchi. |

**Note: - Only e-Tender will be accepted.**
**Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in**

**Executive Engineer,**
**Minor Irrigation Division, Koderma.**

PR.NO.307507 Minor Irrigation(23-24):D

## Mukhyamantri Laghu Evam Kutir Udyam Vikas Board

**(A Govt. of Jharkhand Undertaking)**
**4th Floor, Udyog Bhawan, Ratu Road, Ranchi- 834001**
**Contact-9262219999, 9102467777, e-mail: contact.cmlaghukutir@gmail.com, website: mmlkuvb.jharkhand.gov.in**

**Notice Inviting E-Tender**

**Ref. No: 617** **Date:21.09.2023**

Mukhyamantri Laghu Evam Kutir Udyam Vikas Board invites E-tenders from reputed Suppliers / Manufacturers / Distributors / Authorized Dealers for Supply, installation and commissioning of Bamboo Seasoning Unit for the Bamboo Craft cluster at Bundu, Ranchi, Jharkhand under the SFURTI scheme of MSME, Government of India.

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Scope of Work | Supply, installation and commissioning of Bamboo Seasoning Unit for the Bamboo Craft cluster at Bundu, Ranchi, Jharkhand. |
| 3. | Tender Fee | A non-refundable tender fees of Rs.5,000.00 (Rupees Five Thousand only) in the form of Demand Draft drawn in favor of "Mukhyamantri Laghu Evam Kutir Udyam Vikas Board" payable at Ranchi. |
| 2. | Earnest Money Deposit(EMD) @ 2% of the estimated cost | Rs. 20,000.00 (Rupees Twenty Thousand only) in the form of DD or the Bank Guarantee in favor of MUKHYAMANTRI LAGHU EVAM KUTIR UDYAM VIKAS BOARD, Ranchi, payable at any Bank in Ranchi, Jharkhand. |
| 4. | Date of publication of Bid on Website | 22.09.2023 |
| 5. | Bid Document download start date | 22.09.2023 |
| 6 | Pre-bid meeting | 26.09.2023 at 11:30 am Online meeting link: **meet.google.com/whc -ftjs-pzx** |
| 7. | Bid submission start date | 29.09.2023, 02:00 pm onwards |
| 8. | Last date of submission of Technical & Financial Bid | 13.10.2023 by 05:00 pm |
| 9. | Submission of Hard copy of EMD/Tender fee | 13.10.2023 by 05:00 pm |
| 10. | Opening of Technical Bid | 16.10.2023 at 11:30 am |
| 11. | PowerPoint presentation(PPT) and Opening of Financial Bid | Shall be communicated later |
| 12. | Name & address of Office inviting tender | **Mukhyamantri Laghu Evam Kutir Udyam Vikas Board 4th Floor, Udyog Bhawan, Ratu Road, Ranchi 834001** |

**Project details and Eligibility Criteria:** Interested bidders are advised to go through E-tender document, list of Machinery & Equipment, eligibility criteria etc. available for download from the following website: **mmlkuvb.jharkhand.gov.in/jharkhandtenders.gov.in.** The tender document may also be collected from the office of the Board during office hours between 11:00hrs to 17:00hrs on any working day (Monday-Friday).
Interested bidder shall submit the bid electronically through the website **jharkhandtenders.gov.in** and other important/relevant documents, bank draft, bank guarantee etc. should be scanned and enclosed with the e-tender as per the guidelines given in the tender document.
Note: This Board reserves the right to cancel or/and postpone the tender or reject any bid without assigning any reason at any point of time.

**Sd/-**
**Chief Executive Officer**

PR 307477 Mukhyamantri Laghu And Kutir Udyam Vikas Board(23-24).D

## पूर्व विधायक आनंद महतो मुखिया पति नीलू मुखर्जी से मिलकर उनकी हाल-चाल ली



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** मासस के केंद्रिय अध्यक्ष सह पुर्व विधायक आनंद महतो ने गोविंदपुर क्षेत्र के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों का दौरा किया। जिसमें 10 अक्टूबर को किसान संग्राम समिति के द्वारा जिले के ज्वलंत समस्याओं को लेकर जिला मुख्यालय में प्रदर्शन में हजारों की संख्या में किसान - मजदूरों को शामिल होने का आह्वान किया। दौरा के क्रम में 8 माह से अस्वस्थ चल रहे गोविंदपुर पूर्वी के मुखिया पति सह मासस नेता नीलू मुखर्जी से मिला एवं उनकी हाल-चाल ली। दौरा में मुख्य रूप से किसान संग्राम समिति के केंद्रीय सचिव सह मुखिया संघ के प्रखंड अध्यक्ष गणेश महतो, मायुमो जिला अध्यक्ष पवन महतो, जिला सचिव राणा चटराज, फटिक चंद्र मंडल, लालमोहन महतो, रफीक अंसारी आदि शामिल थे।

## नेशनल स्किल्स कॉलेज फॉर स्पोर्ट्स ने मो. जहांगीर को संबंद्धता प्रदान की



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** इंटरनेशनल ताइक्वांडो ट्रेडिशनल फेडरेशन इन्डिया के सचिव सह मुख्य प्रशिक्षक तथा फेडरेशन ऑफ शोतो कान कराटे ट्रेडिशनल के तकनिकी निदेशक मो. जहांगीर को नेशनल स्किल्स कॉलेज फॉर स्पोर्ट्स द्वारा अपने राष्टीय समिती में सम्मलित करते हुए धनबाद के लिए संबंद्धता प्रदान की। ज्ञात हो कि मो. जहांगीर ताइक्वांडो में 5वां डिग्री व शोतो कान कराटे छः डिग्री ब्लैक बेल्ट धारी हैं तथा श्री जहांगीर पत्रकारिता के क्षेत्र में 18 वर्षो से कार्यरत है। नेशनल स्किल्स कॉलेज फॉर स्पोर्ट्स के निदेशक (स्पोर्ट्स) डॉ सुलतान अहमद द्वारा मो. जहांगीर के मनोनयन व संबंद्धता प्रदान पर शक्ति मुर्गन (तमिल नाडु), डॉ एसी मजूमदार (पश्चिम बंगाल), पुरुषोत्तम चौबे (बिहार), सुलतान पाशा (कर्नाटक), रोहित कौल (जम्मू), रशीद अली, अरविंद श्रीवास्तव (उत्तर प्रदेश), रविकांत बनर्जी (झारखण्ड), के एन शर्मा (सिक्किम), संगीता मेहदी (असम) एवं राजीव भारद्वाज ने हर्ष व्यक्त की।

## जरूरतमंदों के बीच नव जवान एकता फाउंडेशन ने किया भोजन वितरण



**झरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** नव जवान एकता फाउंडेशन के द्वारा प्रत्येक शुक्रवार की भांति इस शुक्रवार को भी लंगर ए रसूल का आयोजन उपर कुल्ही, सिंदरी रोड के समीप किया गया। जहाँ सभी धर्म के हजारों भूखे प्यासे असहाय व जरूरतमंद लोगों को स्वादिष्ट भोजन खिलाया गया। संस्था के लोगों ने बताया की उनके द्वारा प्रत्येक शुक्रवार को जरूरतमंद लोगों के बीच भोजन वितरण का कार्य किया जाता है जो निरंतर जारी रहेगा। वहीं भोजन ग्रहण करने वाले लोगों ने संस्था के कार्य की प्रसंशा की और धन्यवाद दिया। कार्यक्रम को सफल बनाने मे नव जवान एकता फाउंडेशन के अध्यक्ष व सचिव शाहनवाज खान, मीडिया सलाहकार हाजी ज़मीर आरिफ, मो. आजाद, मो. जफर, मो. सलीम, मो. मुस्तकीम, मो. बबलू, मो. खालिद, मो. अकबर, मो. इकबाल, मो. ग्यासुद्दीन, मो. समीर, मो. सरफराज, मो. नाशो, मो. अलाउद्दीन आदि की सराहनीय भूमिका रही।

## कतरास में हलवाई समाज का बाबा गणिनाथ पूजन उत्सव आज



**कतरास(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** हलवाई वैश्य युवा मंच कतरास शुक्रवार को राजस्थानी धर्मशाला कतरास में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर 23 सितंबर को आयोजित हलवाई वैश्य युवा मंच द्वारा आयोजित श्रीगणिनाथ गोविंदजी पूजनोत्सव कार्यक्रम की जानकारी दी। मंच के अध्यक्ष मुकेश गुप्ता ने बताया कि पूजन उत्सव की पूरी तैयारी कर ली गई है। 10 से 11 तक प्रसाद वितरण, 11:30 बजे झंडोत्तोलन, 12 बजे रंगारंग कार्यक्रम, दोपहर भोजन तथा शाम 3 बजे खुला अधिवेशन का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम में बाघमारा विधायक ढुल्लू महतो, बिहार मोतिहारी के पूर्व मंत्री सह विधायक प्रमोद कुमार मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे। प्रेस वार्ता में सचिव प्रदीप गुप्ता, कोषाध्यक्ष रमेश गुप्ता, अजीत गुप्ता, मनोज गुप्ता, कालिया गुप्ता, दुर्गा गुप्ता, विजय, यशवंत साव, संजय गुप्ता, आशीष साव, शशि गुप्ता, श्याम , महावीर गुप्ता आदि उपस्थित थे।

**महिला शक्ति वंदन विधेयक पास होने के उपलक्ष्य में अभिनंदन समारोह का आयोजन**

# सर्वसम्मति से महिला शक्ति वंदन विधेयक पास होना गर्व का विषय : रमा सिन्हा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** रणधीर वर्मा चौक पर महिला शक्ति वंदन विधेयक पास होने के उपलक्ष्य में भाजपा प्रदेश महिला मोर्चा कोषाध्यक्ष रमा सिन्हा ने अभिनंदन समारोह का आयोजन किया। जिसमें उन्होंने प्रधानमंत्री को आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इतने वर्षो से लटका हुआ विधेयक पास करने का हौसला सिर्फ हमारे मोदी जी के द्वारा ही संभव था। महिला शक्ति वंदन विधेयक को दोनो सदन में सर्व सम्मति से पास होना यह भी दर्शाता है कि चाहे किसी भी दल से हम हों पहले हम महिला हैं। भारत की सभी महिलाओं को हमारी तरफ से हार्दिक शुभकामनाएं एवम बधाई। भारत के सांसद भवन के पहले सत्र में महिला शक्ति के विषय में बात होना बहुत ही गर्व की बात है। कहते हैं यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवताः। यत्रैतास्तु न पूज्यन्ते सर्वास्तत्राफलाः क्रियाः।भारत देश आज विश्व में सर्वाधिक लोकप्रिय स्थान रखता है क्यूंकि आज भारत का नेतृत्व हमारे भारत के प्रधानमंत्री मोदी जी कर रहे हैं जो सर्वे भवन्तु सुखिन का मंत्र लेकर चलते हैं। भाजपा महानगर और ग्रामीण जिला अध्यक्ष चन्द्रशेखर सिंह, ज्ञानरंजन सिन्हा की उपस्थिति में यह कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रदेश कार्यसमिति सदस्य संजीव अग्रवाल रमेश राही, भाजपा जिला उपाध्यक्ष संजय झा वीरू हांसदा, भाजपा जिला मंत्री कंचन सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेता अरुण राय, अशोक सिंह, भाजपा के पदाधिकारी गण, शकुंतला मिश्रा, महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष रीता यादव, बॉबी पांडे, संतोषी आंनद, मधु सिन्हा, किरण, रेखा, फुल, सुषमा,गुड़िया, मधुर पांडे, पूनम अचिंत्या, सुषमा प्रसाद, अंजलि प्रसाद, सुधा एवं अन्य गैर राजनीतिक महिलाओं की भागीदारी रही।

## एडीएम लॉ एंड आर्डर ने सुनी लोगों की शिकायतें



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** एडीएम लॉ एंड आर्डर कमलाकांत गुप्ता ने शुक्रवार को समाहरणालय के सभागार में जिले के विभिन्न क्षेत्र से आए लोगों की शिकायतों को सुना। लोगों के आवेदनों को प्राप्त कर उन्होंने संबंधित पदाधिकारी को शिकायत का निष्पादन करने के लिए निर्देशित किया। जनता दरबार में पेंशन, आवास योजना, पशुपालन योजना, स्वास्थ्य संबंधित मामले, जमीन से जुड़े मामले, प्रमाण पत्र निर्गत करने सहित अन्य शिकायतें प्राप्त हुई।

## उदय अनंत कावले एमसीएल के सीएमडी बने, इनमोसा ने किया सम्मानित




**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** इनमोसा के क्षेत्रीय एवं केंद्रीय प्रतिनिधिमंडल ने निदेशक तकनीकी उदय अनंत कावले के पदोन्नति पर अभिनंदन किया। उप महामंत्री एवं बीसीसीएल अध्यक्ष के नेतृत्व में केंद्रीय एवं क्षेत्रीय प्रतिमंडल ने निदेशक तकनीकी उदय अनंत कावले के महानदी कोलफील्ड में अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक के पद पर चयनित होने पर पुष्प गुच्छ अभिवादन स्वरूप देकर सम्मानित किया। उप महामंत्री ने कहा की बीसीसीएल में उनके द्वारा किए गए उपलब्धियां अतुल्य है। उन्होंने कहा कि आज बीसीसीएल आर्थिक रूप से मजबूती की ओर लगातार अग्रसर है और इस स्थिति की भूमिका में निदेशक तकनीकी की अहम भूमिका रही।

# माले की नगर टीम नगरनिगम की कमी को उजागर करेगी : राजेश

### मलेरिया व डेंगू को आमंत्रित कर रहा है, नगरनिगम की सुस्ती



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिरिडीह :** गिरिडीह शहरी क्षेत्र के नगरनिगम क्षेत्र वार्ड 19 व 28 नंबर क्षेत्र में नगरनिगम से गली, नाली, सफाई का काम पिछले पांच साल से नहीं हुआ है । यह जानकारी माले गिरिडीह विधानसभा प्रभारी राजेश सिन्हा ने दिया। उन्होंने कहा कि यही दशा लगभग दो दर्जन वार्ड का है। माले की नगर टीम में माले नेता संजय यादव और नौसाद आलम के नेतृत्व में आज पूर्व कार्यकर्म के अनुसार वार्ड 19 के 28 नंबर के गलियों में भ्रमण किया। ज्ञात हो कि लगभग 100 घरों के मोहल्ला में एक भी सीमेंटेड गली नही है,नाली नही है,मतलब बरसात का गंदा पानी और नाली का पानी डायरेक्ट घर में घुस जाता है,पाच साल से ऐसा हो रहा है,वार्ड की जनता हार के माले नेता राजेश सिन्हा को याद किया,राजेश सिन्हा के इलाके में पहुंचते ही मुहल्ले वाले में खुशी की लहर दौड़ गई,वार्ड वासियों को भी विश्वास हुआ कि काम देर सबेर जरूर होगा। वही खुशबू शिफाखान के अलावा सैकड़ो महिला पुरुष ने प्रतिनिधियो की शिकायत की है उसपर श्री सिन्हा ने कहा प्रतिनिधि का दोष कम होता है। वही उन्होंने कहा कि सिस्टम का दोष ज्यादा होता है, एमपी एमएलए भी इस सिस्टम को बदल नही पाते है। मौके पर मौजूद खुशनुमा प्रवीण, नईयो खातून, साजदा खातून, शहजादी खातून, मुमताज खान, इम्तियाज खान, रज्जाक आशिक सुलतान आदि मौजूद थे।

# नया प्रथामिक विद्यालय में अज्ञात चोरों ने की चोरी, छानबीन में जुटी पुलिस




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टुंडी :** टुंडी के पुरनाडीह पंचायत अंतर्गत ग्राम कारीटांड मंडल टोला स्थित नया प्राथमिक विद्यालय में अज्ञात चोरों के द्वारा गत रात्रि विद्यालय में लगे दरवाजा को संबल से तोड़ कर कई समानों की चोरी कर ली गई। प्राप्त जानकारी के मुताबिक़ टुंडी के कारीटांड मंडल टोला स्थित नया प्राथमिक विद्यालय में गत रात्रि अज्ञात चोरों के द्वारा विद्यालय में रखें उपयोगी समानों को चुरा ले जाने का समाचार प्राप्त हुआ है। विद्यालय के सहायक शिक्षक मिरूलाल बास्की ने संवाददाता को बताया कि गुरूवार की मध्य रात्रि में अज्ञात चोरों ने दरवाजा तोड़ कर चोरी की घटना को अंजाम दिया। चोरों के द्वारा एक क्वींटल चावल, बायोमैट्रिक मशीन, बच्चों को वितरण के लिए रखे जुते के फीता, डेगची, डब्बू, करछूल, स्टाप पैड, समेत कई समानों को चोरों द्वारा चोरी कर ली गई। विद्यालय के प्रधानाध्यापक ने टुंडी पुलिस को घटना की सूचना दे दिया है। खबर मिलते ही टुंडी पुलिस अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर छानबीन में जुट गई है।

# मुनीडीह कोलियरी कर्मी की सड़क दुर्घटना में मौत

### नियोजन और मुआवजा के लिए एटक के नेता डटे



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**महुदा :** बीसीसीएल के मुनीडीह कोलियरी कार्यरत बटवा बाउरी ड्यूटी कर घर वापस आने के क्रम में कपुरिया में सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो गई है। खबर सुनकर परिजन शव को लेकर मुनीडीह एरिया ऑफिस गेट के समक्ष धरना-प्रदर्शन कर नौकरी की मांग को लेकर डटे।

मृत्यक तेतुलिया का रहने वाला है ।खबर सुनकर एटक रीजनल उपाध्यक्ष सह भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा धनबाद महानगर जिला अध्यक्ष गौर चन्द बाउरी पहुंचे प्रबंधक से वार्ता की प्रबंधक नौकरी देने में आनाकानी कर रही है परिवार वालों को मानना है कि जब तक नौकरी नहीं मिलेगी तब तक लाश उठाने नहीं दिया जाएगा। समाचार लिखे जाने तक आंदोलन जारी है मौके पर तेतुलिया मुखिया प्रतिनिधि सदानंद पासी बालेश्वर बाउरी रामप्रसाद बाउरी रमेश बाउरी अजीत सिंह हराधन बाउरी राजकुमार नापित आदि मौजूद थे ।

# परिवार नियोजन पर आधारित जागरुकता कार्यक्रम के तहत नुक्कड़ नाटक का आयोजन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** शुक्रवार को आजादी का अमृत महोत्सव के तहत जिला स्वास्थ्य समिति धनबाद के आदेशानुसार आर डी इंटरप्राइजेज धनबाद एवं जन कल्याण विकास केंद्र संस्था के कलाकारों द्वारा परिवार नियोजन पर आधारित जागरूकता कार्यक्रम के तहत नुक्कड़ नाटक का सफल आयोजन रणधीर वर्मा चौक एवं सदर अस्पताल में किया गया।

कार्यक्रम का विषय परिवार नियोजन को अपनाओ, उपाय लिखो, तरक्की का नया अध्याय पर आधारित था। नाटक में बताया गया कि परिवार नियोजन को अपना करके ही हम बढ़ती हुई जनसंख्या पर काबू पा सकते हैं एवं लोगों को सही ढंग से रोजगार उपलब्ध हो पाएगा। कार्यक्रम में दो तरह की विधि बताया गया, एक स्थाई विधि और दूसरा अस्थाई विधि। स्थाई विधि में पुरुष नसबंदी और महिला बंध्याकरण आता है और अस्थाई विधि में इंजेक्शन गर्भनिरोधक गोली, कंडोम, आईसीडी, कोपर डी आदि से आप परिवार नियोजन को अपना सकते हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने में गया राम राय, किशन गोप, मनोज शर्मा, संजना देवी, कमली देवी, शिबू झा आदि का योगदान था।

## मैंथन में स्वच्छता रैली का आयोजन




**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** नमामि गंगे योजना के अंतर्गत स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत आज मेन गेट मैथन से मैथन डैम तक स्वच्छता रैली का आयोजन किया गया। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी विनोद कुमार कर्माकर, सहायक अभियंता, कनीय अभियंता, मुखिया, पंचायत समिति सदस्य, जल सहिया तथा अन्य प्रखंड कर्मी उपस्थित थे।

# मेरे ऊपर लगे सभी आरोप मनगढंत व बेबुनियाद : श्रीनाथ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टुंडी :** टुंडी प्रखंड अंतर्गत पुरनाडीह पंचायत निवासी सह जन वितरण प्रणाली वितरक श्रीनाथ टुडू ने अपने ऊपर लगे सभी आरोप को सिरे से खारिज करते हुए संवाददाता को बताया कि मेरे द्वारा बहुत ही सही समय एवं सही राशन का वितरण किया जाता हैं। आगे उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा मुझे बदनाम करने का काम किया जा रहा हैं फलस्वरूप आये दिन मनगढंत एवं बेबुनियाद आरोप लगाकर मुझ जैसे स्वच्छ व्यक्ति को नीचा दिखाने का काम किया जाता है ।

सरकार द्वारा आवंटित राशन का मेरे दुकान में किसी प्रकार की कटौती नहीं की जाती हैं। सही समय में सही राशन का वितरण करना मेरा मुख्य उद्देश्य है पर आये दिन बेवजह कुछ लोग मेरे दुकान की अनुज्ञप्ति रद्द कराने की साजिश रचा जा रहा है जो कि मैं कभी सफल होने नहीं दूंगा क्योंकि उपभोक्ताओं को मेरे द्वारा उचित राशन देने का काम किया जा रहा है।

## महुदा के अंधारी और ग्वारडीह में अवैध कोयला का उत्खनन जारी



**महुदा(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** महुदा क्षेत्र के तेलमोचो के अंधारी, ग्वारडीह में बंद खदानों और सुरंगों में को कोयला का उत्खनन जारी है। कोयला का काला कारोबार पुलिस ओर सीआईएसएफ के मिली भगत से महुदा क्षेत्र में चल रहा है। ये काला कारोबार महुदा थाना से महज़ 3 से 4 किलोमीटर के अंतर्गत में चल रहा है रात होते ही, कोयला का खेल शुरू होता है प्रतिदिन कई टन कोयला माफिया के द्वारा निकाला जाता है और वही मंडियों में ले जाकर अधिक दामों में बेचा जाता है आप सभीको पता है की स्थानीय पुलिस के मिली भगत से यह कला कारोबार का खेल बहुत ही तेजी से फल फूल रहा है।

# महाप्रबंधक ने कोडरमा-धनबाद रेलखंड व बानाडाग यार्ड का किया निरीक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हाजीपुर :** पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक श्री अनुपम शर्मा ने आज दिनांक 22.09.2023 को धनबाद मंडल अंतर्गत पकरी-बड़वाडीह कोयला खदान, बानाडाग यार्ड साइडिंग का निरीक्षण किया। इसी क्रम में महाप्रबंधक ने कोडरमा-धनबाद रेलखंड का भी निरीक्षण किया । इस दौरान उन्होंने इस रेलखंड पर स्थित रेलवे ट्रैक, रेलपुल सहित यात्री सुविधा एवं सुरक्षा से जुड़े विभिन्न पहलुओं का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान धनबाद मंडल के मंडल रेल प्रबंधक श्री कमल किशोर सिन्हा एवं मंडल तथा मुख्यालय के अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे ।

# कर्मा पूजा भाई बहनों के अटूट प्रेम का प्रतीक : सुखदेव भगत

➲पर्व त्योहार हमारे धर्म संस्कृति की पहचान, इसे संरक्षित, संवर्द्धित रखना




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो-लोहरदगा :** प्रखंड मुख्याल स्थित जेठ जतरा टाड में शुक्रवार को करमा पर्व पूर्व संध्या शांतिपूर्ण वातावरण में धूमधाम से मनाया गया। करमा पूजा पूर्व संध्या कार्यक्रम में प्रखंड क्षेत्र के 48 आदिवासी खोडहा दल सामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के द्वारा दीपप्रज्ववलित एवं आदिवासी सरना सभा के द्वारा प्रार्थना के साथ किया गया। वही सभी अतिथियों को करमा पूजा पूर्व संध्या समिति के द्वारा पुष्पगुच्छ एवं अंगवस्त्र देकर स्वागत किया गया। मौके पर उपस्थित अतिथि सुखदेव भगत ने कहा कि करमा पर्व पूर्ण रूप से प्राकृतिक आधारित है यह पर्व भाई बहनों के अटूट प्रेम को प्रदर्शित करने के साथ आदिवासियों को प्राकृतिक से जोड़ती है। करमा पर्व भाई-बहन का पवित्र पर्व है बहन उपवास कर अपने भाइयों की लम्बी उम्र की कामना करती है। हमारे पूर्वज प्राचीनकाल से करमा पर्व को धूम धाम से मनाते आ रहें हैं आज हमे इस संस्कृति को आगे बढाने की जरूरत है। मौके पर पुर्व विधायक स्व0 कमल किशोर भगत की धर्मपत्नी निरु शांति भगत ने कहा कि किसी भी जाति के लोगो को उसका धर्म संस्कृति ही विकास के पथ पर अग्रसर करती है। समिति के मुख्य संरक्षक बुधवा उरांव ने कहा करमा पूजा प्राचीन काल से आदिवासी समुदाय के लोग मनाते आ रहें है इसे संरक्षित करना गांव के अगुवा पहान, पुजार, महतो सिहित धर्म प्रेमियों का जिम्मेवारी बनती है सामाज का विकास तभी सम्भव है जब लोग अपना धर्म संस्कृति का सम्मान करेंगे। पूजा पाठ करने से संस्कार आता है जो शिक्षा और स्वास्थ्य को बेहतर बनाती है जिसके माध्यम से लोग नशापान, जुवा आदि-आदि बुरे कामो से दूर हो जाते हैं और अपना जीवन बेहतर ढंग से जीते हैं। कार्यक्रम मे दूर दराज से आये खोड़हा दल को आयोजन समिति की और से ड्राम भेंट की गई। मौके पर पहान सुरेंद्र उरांव, पुजार बिष्णु उरांव, महतो किशुन उरांव, जिला परिषद सदस्य सुखदेव उरांव,प्रखंड प्रमुख श्रीराम उरांव, उप प्रमुख मधुलिका रानी, प्रखंड विकास पदाधिकारी पवन कुमार महतो, अंचल अधिकारी कमलेश उरांव, थाना प्रभारी शंखनाथ उरांव, चिकित्सा पदाधिकारी डा0 राकेश कुमार, आजसू नेत्रि अनिता साहू, मुखिया बीरेंद्र महली, सुमित्रा उरांव, श्रवण मुंडा, चन्द्रमणि उरांव, सुमन उरांव, अरबिंद उरांव, उप मुखिया रवि प्रजापति, पूर्व पंचायत समिति सदस्य शरत कुमार विद्यार्थी, समिति के अध्यक्ष अमरेंद्र पन्ना, विकास उरांव, बाबूलाल उरांव, परमेश्वर भगत, एवं विभिन्न गांव से आये खोडहा दल उपस्थित थे।

## हिंसा व डायन कुप्रथा से मुक्त करने हेतु आजीविका न्याय सलाह केंद्र व गरिमा केंद्र का हुआ शुभारंभ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार एवं झारखण्ड सरकार ने दीनदयाल अन्त्योदय योजना राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत JSLPS के माध्यम से गरिमा परियोजना के तहत झारखण्ड राज्य को जेंडर आधारित हिंसा एवं डायन कुप्रथा से मुक्त करने के लिए संकुल स्तर पर आजीविका न्याय सलाह केंद्र एवं प्रखंड स्तर पर गरिमा केंद्र शुरू किया है। पीड़ित महिलाओं और बच्चों के न्याय एवं पुनर्वास के लिए लोहरदगा जिला में 5 गरिमा केंद्र प्रखंड स्तर पर एवं 3 आजीविका न्याय सलाह केंद्र संकुल स्तर पर संचालित किया जा रहा है। आजीविका न्याय सलाह केंद्र एवं गरिमा केंद्र ग्राम स्तर पर तथाकथित डायन के नाम पर होने वाली अत्याचार जैसे कुरीतियों एवं अंधविश्वास तथा अन्य जेंडर मुद्दों जैसे लिंग के आधार पर भेदभाव मानव तस्करी बलात्कार-विवाह घरेलु हिंसा इत्यादि से पीड़ित लोगों के लिए काम करता है। आज दिनांक 22-09-2023 को छ्स्स्क्र जिला कार्यालय लोहरदगा के मीटिंग हाल में दीनदयाल अन्त्योदय योजना राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार द्वारा 4ञ्ज॥ जेंडर आधारित संवाद में ऑनलाइन माध्यम से भाग लेने का आयोजन किया गया।

## 24 व 25 को होने वाले कर्मा पूर्व संध्या सांस्कृतिक समारोह को लेकर हुई तैयारी पूरी

**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** केंद्रीय सरना समिति जिला लोहारदगा के तत्वधान में आयोजित होने वाला करमा पूर्व संध्या सांस्कृतिक समारोह दिनांक 24 सितम्बर 23 एवम पूजा समारोह दिनांक 25 सितम्बर 23 की तैयारी लगभग पूरी हो चुकी है। ज्ञात हो कि हर साल की भांति इस वर्ष भी बलदेव साहु महाविद्यालय परिसर स्थित मल्टी पर्पस हॉल में करमा पूर्व संध्या सांस्कृतिक समारोह आयोजित किया जा रहा है और आदिवासी कॉलेज छात्रावास परिसर में करमा पूजा समारोह आयोजित किया जा रहा है की तैयारी लगभग पूरी हो चुकी है। इस वर्ष होने वाली समारोह के मुख्य अतिथि झारखंड सरकार के वित्त मंत्री आदरणीय रामेश्वर उरांव होंगे, विशिष्ट अतिथि राज्य सभा सांसद धीरज प्रसाद साहु एवम लोहरदगा संसदीय क्षेत्र के सदस्य सुदर्शन भगत, विशुन पुर विधान सभा क्षेत्र के माननीय विधायक चमरा लिंडा, लोहरदगा विधान सभा क्षेत्र के पूर्व विधायक सुखदेव भगत, लोहरदगा जिला परिषद् अध्यक्ष रीना कुमारी भगत तथा नगर परिषद् अध्यक्ष अनुपमा भगत विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। दिनाँक 25 सितम्बर 23को करमा पूजा समारोह एवम सांस्कृतिक कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि लोहरदगा जिला के उपायुक्त डॉक्टर बाघमारे प्रसाद कृष्ण और विशिष्ट अतिथि आरक्षी अधीक्षक हरीश बिन जमा एवम अनुमंडल पदाधिकारी श्री अरविंद कुमार लाल उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की शुरुआत 24 सितम्बर 23 को बलदेव साहु महाविद्यालय के प्राचार्य महोदय के द्वारा द्वीप प्रज्वलित कर किया जाएगा।

## धनबाद के सिंदरी में प्रांत स्तरीय एथलेटिक्स का पहला दिन इंटर कॉलेज को मिले 6 मेडल



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** विद्या विकास समिति, झारखण्ड द्वारा सिंदरी, धनबाद में आयोजित 4 दिवसीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता के तरुण वर्ग की विभिन्न स्पर्धाओं में मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर महाविद्यालय लोहरदगा ने प्रथम दिन कई मेडल जीते। आकांक्षा पाण्डेय ने गोला फेक में रजत पदक, रोहित उरांव ने 3000 मीटर दौड़ में रजत पदक,गोला फेक में नैतिक राज ने रजत पदक, 400 मीटर हर्डल्स रेस में सुजल बाखला ने कांस्य पदक,400 मीटर हर्डल्स रेस में अल्पना शैली उरांव ने कांस्य पदक, 100 मीटर दौड़ में नीलिमा लकड़ा ने कांस्य पदक जीता। सभी विजेताओं को बधाई देते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य उत्तम मुखर्जी ने बताया कि विद्या भारती के इस एथलेटिक्स में महाविद्यालय से 6 बालिकाओं सहित कल 13 एथलीट छात्र-छात्राएं भाग ले रही हैं। मार्गदर्शक शिक्षिका के रूप में हिंदी की आचार्य रेणु कुमारी टीम लेकर गई है। टीम की प्रथम दिवस की सफलता पर विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति के पदाधिकारी एवं सदस्य और शिक्षक शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने बधाई दी है।

## महिलाओं को प्रोत्साहित कर उन्हें सम्मान व अधिकार दिलाना हमारी प्राथमिकता : विधायक भूषण बाड़ा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** नगर भवन सिमडेगा में जेएसएलपीएस द्वारा संचालित महिला जागृति प्रोडक्शन कंपनी लिमिटेड की चतुर्थ वार्षिक आमसभा में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए विधायक भूषण बाड़ा। सिमडेगा नगर भवन में जेएसएलपीएस द्वारा संचालित महिला जागृति प्रोडक्शन कंपनी लिमिटेड की चतुर्थ वार्षिक आमसभा में हुई। झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी के तत्वाधान में आयोजित का शुभारंभ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा एवं जिप सदस्य जोसिमा खाखा ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर किया। मौके पर विधायक ने कहा कि वर्तमान समय महिलाओं के आगे बढ़ने का बेहतर वक्त है। आपका विधायक और आपकी सरकार हर महिला के साथ कदम से कदम मिलाकर चलने को संकल्पित है। उन्होंने कहा कि जिले की महिलाएं भी आगे आएं क्योंकि हर माध्यम से महिलाओं को प्रोत्साहन देना सरकार की प्राथमिकताओं में है। सरकार अनगिनत योजनाएं धरातल में उतारी है। उन्हीं में से एक जोहार परियोजना भी जेएसएलपीएस के माध्यम से संचालित है। उन्होंने कहा कि उन्हें यह जानकर खुशी हो रही है कि महज तीन प्रखंड में ही संचालित होने के बावजूद सरकार की जोहार परियोजना से 8500 परिवार जुड़ चुके हैं और शुरू से अब तक 4 करोड़ का कारोबार भी किया है। संस्था के लोग इसी साल से इसका दायरा बढ़ाएं। इसे हर प्रखंड में संचालित करें और लगभग हर परिवार को स्वरोजगार उपलब्ध कराएं। जोहार परियोजना बेरोजगारी दूर करने में सबसे महत्वपूर्ण योजना साबित हो रही है। इसके माध्यम से पलायन पर अंकुश लगाएंगे। महिला शसक्तीकरण को मजबूत करेंगे। विधायक ने कहा कि महिलाओं को समान अधिकार मिलना चाहिए।

## मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम वीर शहीदों के नाम समर्पित : शैलेन्द्र सिंह




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केरसई :** सिमडेगा जिला भाजपा संगठन प्रभारी शैलेन्द्र सिंह ने आज केरसई मंडल का दौरा कर बाघडेगा शक्तिकेन्द्र में मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम में भाग लिया। पवित्र कलश में घर घर जाकर मिट्टी संग्रह करते हुए संगठन प्रभारी शैलेन्द्र सिंह ने कहा कि भारत की यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के आवाहन पर पूरे देश में मिट्टी संग्रह किया जा रहा है जो दिल्ली के कर्तव्य पथ में बन रहे अमृत वाटिका में समर्पित की जाएगी यह कार्यक्रम उन वीर शहीदों के सम्मान के लिए है जो इस सम्मान के हकदार थे भारतीय जनता पार्टी हमेशा ही राष्ट्र सर्वोपरि की सोच के साथ राजनीति करती है भारतीय जनता पार्टी के लिए पहले राष्ट्र फिर दल है। मंडल अध्यक्ष मानकीलाल ने संगठन प्रभारी का स्वागत करते हुए कहा की सौभाग्य की बात है कि संगठन प्रभारी का दौरा हमारे मंडल में हुआ है इनका मार्गदर्शन हम सभी कार्यकर्ताओं को नई ऊर्जा प्रदान करेगा। केरसई प्रखण्ड प्रमुख तरण भोय ने मेरी मिट्टी मेरा देश कार्यक्रम में शामिल होते हुए कहा की देशवासियों के लिए गर्व की बात है कि प्रधानमंत्री ने उन सैनिकों के सम्मान के लिए भी सोचा जिन्होंने देश और हमारी रक्षा में अपने प्राणों की आहुति दे दी, वीर सैनी को एवं देश भक्ति के लिए यह कार्यक्रम पथ प्रदर्शक का कार्य करेगा। प्रखंड सांसद प्रतिनिधि रवि गुप्ता ने कहा कि मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम राष्ट्रीय कार्यक्रम है, केरसई मंडल में भी हर बूथों में यह कार्यक्रम चल रहा है, अमृत कलश में मिट्टी संग्रह के बाद झारखंड प्रदेश से एकत्रित मिट्टी एक साथ दिल्ली ले है जाएगी जहां वह कर्तव्य पथ के अमृत वाटिका में समर्पित की जाएगी मौके पर जिला मीडिया प्रभारी मुकेश श्रीवास्तव ठेठईटांगर सांसद प्रतिनिधि नरेंद्र बड़ाईक शक्तिकेन्द्र प्रभारी प्रदीप प्रसाद कार्यक्रम प्रभारी सह ओबीसी मंडल अध्यक्ष दिनेश प्रसाद मंडल मंत्री सुधीर मांझी शक्तिकेन्द्र संयोजक चित्रांगद बेहरा धर्मजीत भोय इन्द्रवाती कुमारी सहित बूथ के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## नवनिर्वाचित वार्ड सदस्यी का सदस्यों का सम्पन्न



**सेन्हा-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार में नवनिर्वाचित वार्ड सदस्यों का शुक्रवार को तृतीय चरण का प्रशिक्षण सम्पन्न हुआ। आयोजित प्रशिक्षण शिविर में प्रखंड क्षेत्र के 3 पंचायत सेन्हा, अरू और मुर्की तोड़ार के कुल 42 वार्ड सदस्यों में से 35 सदस्यों ने भाग लिया। मौके पर मौजूद प्रखंड विकास पदाधिकारी अशोक कुमार चोपड़ा ने वार्ड सदस्यों को सम्बोधित करते हुए कहा कि वार्ड सदस्यों को प्रशिक्षण मिलने से पंचायत स्तर पर संचालित विकास कार्य में तेजी आयेगा और सभी प्रशिक्षित वार्ड सदस्य मुखिया, पंचायत सचिव के साथ मिल कर वार्ड व पंचायत स्तर पर विकास कार्यो में सहयोग प्रदान करेंगे साथ ही प्रशिक्षण के दौरान वार्ड सदस्यों का जिम्मेवारी और कार्य का विस्तार पूर्वक जानकारी दिया गया। तथा पंचायत नियमावली, में ग्राम सभा मे जरूरत के अनुसार कार्य और बैठक के बारे में और पंचायत स्तर पर पंचायत भवन में प्रज्ञा केंद्र संचालित करने के बारे में बताया गया,साथ ही प्रशिक्षण सम्पन्न के उपरांत पंचायती राज्य समन्वयक ने प्रशिक्षण के बारे में वार्ड सदस्यो से जानकारी लिया गया। मौके पर बीड़ी अशोक कुमार चोपड़ा, प्रशिक्षक रामस्वारथ महतो,कुंदन गोप के अलावे सभी वार्ड सदस्य उपस्थित थे।

## देवस्थल में पांच दिवसीय गणेश उत्सव पर भव्य भंडारा का हुआ आयोजन, आज होगा मूर्ति विसर्जन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** देवस्थल शांति नगर लोहरदगा के प्रांगण में पांच दिवसीय भव्य गणेश उत्सव से आसपास क्षेत्र भक्ति भाव से सराबोर है। रिमझिम बारिश तनिक भी श्रद्धालुओं को डिगा नहीं पा रहा है। प्रतिदिन भगवान श्री गणेश के विशेष पूजन के उपरांत भव्य भंडारे का आयोजन समिति द्वारा समाजसेवियों के सहयोग से की जा रही है। पूजन कार्य,भंडारा, आरती व महाप्रसाद के वितरण हेतु बढ़-चढ़कर लोग अपनी अपनी सहभागिता दे रहे हैं। 19 सितंबर से यह आयोजन प्रारंभ हुआ है। आज चौथे दिन महाप्रसाद भंडारे की व्यवस्था समाजसेवी गुसेश्वर गुप्ता एवं उनकी धर्मपत्नी के सहयोग से किया गया है। श्रद्धालुगण पूरे भक्ति भाव वातावरण में लीन हो गए हैं। लोग पूजन कार्य में काफी संख्या में शामिल हो रहे हैं। भगवान श्री गणेश के पूजन में महिलाओं की भागीदारी बढ़-चढ़कर देखी जा रही है। प्रतिदिन उनके द्वारा भजन कीर्तन कर भगवान श्री गणेश से सुख,शांति,समृद्धि एवं लोहरदगा वासियों के निरोगता हेतु उनके द्वारा आराधना भजन कीर्तन की जा रही है। सामूहिक रूप से महिलाओं की भागीदारी अप्रतिम है। बच्चों, युवाओं की भागीदारी भी बढ़-चढ़कर है। इस बार की पूजन की व्यवस्था भी युवाओं के जिम्मे सौंपी गई है। अभिभावकजन एवं पूर्व समिति के सदस्यों की भी मार्गदर्शन निरंतर मिल रही है। शांति नगर किस्को मोड में गणेश पूजन उत्सव का यह नौवें वर्ष है। पिछले 9 वर्षो से यह पूजन कार्य पूरे भक्ति भाव एवं श्रद्धा के साथ की जा रही है। नन्हे मुन्हे कलाकारों द्वारा भी गीत संगीत भक्ति गीतों के साथ नृत्य प्रस्तुत कर भगवान गणेश की आराधना की जा रही है।

## कांग्रेस हमेशा से महिला आरक्षण बिल का पक्षधर रही है : आलोक साहू



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व कार्यकारी जिला अध्यक्ष आलोक कुमार साहू ने महिला आरक्षण विधेयक दोनों सदनों से पास होने पर स्वागत करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी सदैव से ही महिला सशक्तिकरण और महिला बिल को संसद में पारित किए जाने के पक्षधर रही है। आसनन चुनाव को देखते हुए महिला बिल पारित करने की याद अभीभाजपा को आ गई। महिलाओं को अगर अधिकार और भागीदारी दिलाने की मनसा भाजपा की होती तो 2010 में राज्यसभा से पारित बिल को ही लोकसभा में लेकर भाजपा को 2014 में ही जाना चाहिए था। सब कुछ समझते हुए चुनाव फायदा के मद्देनजर बिल को 9 वर्ष के बाद लाया गया है इससे भाजपा की खोटी नियत सामने आ रही है ।अगर हम बिल की ही चर्चा करें तो महिला आरक्षण के पूर्व जनगणना और परिसीमन का होना अनिवार्य है तो वर्तमान स्थिति में 2029 के पूर्व महिलाओं को अधिकार मिलना संभव ही नहीं है। हमारी नेता आदरणीय श्रीमती सोनिया गांधी जी ने सदन में नारी शक्ति वंदन अधिनियम 20 23 को पूर्ण समर्थन करते हुए साफ कर दिया कि कांग्रेस पार्टी ही वह पार्टी है जो वास्तव में महिला सशक्तिकरण की बात या उसको लागू करने के लिए काम करते रही है।श्री साहू ने कहा कि स्थानीय निकायों में महिलाओं की भागीदारी तय करने वाला संविधान संशोधन स्वर्गीय राजीव गांधी जी द्वारा ही लाया गया था जो सिर्फ सात वोटो से गिर गया था बाद में कांग्रेस के सरकार ने ही पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय पीवी नरसिम्हा राव के नेतृत्व में इस बिल को पारित कराया था और इसी संशोधन का परिणाम है कि देशभर के स्थानीय निकायों में 15 लाख निर्वाचित महिला नेत्री मौजूद है।

## समिति द्वारा तीन दिवसीय भगवान गणेश की पूजा-अर्चना के पश्चात हुआ मूर्ति विसर्जन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भंडरा-लोहरदगा :** जिले के भंडरा प्रखंड में गणेश चतुर्थी के उपलक्ष्य में एसबीआई शाखा के समीप स्थापित भगवान गणेश की प्रतिमा को विसर्जित किया गया। नवयुवक गणेश पूजा समिति भंडरा द्वारा तीन दिन तक पूरे विधि-विधान पूर्वक भगवान गणेश की प्रतिमा को पूजा-अर्चना करने के पश्चात गांव भ्रमण कराया गया। इसके पश्चात भंडरा तालाब में गणपति बप्पा मोरया के उद्घोष के साथ तालाब में विसर्जित किया। इससे पूर्व आचार्य आनंद दुबे द्वारा हवन का अनुष्ठान पूर्ण कराया गया। विसर्जन के दौरान युवाओं ने भक्ति गाना जमकर डांस किया। साथ ही भगवान गणेश के जयकारे लगाते हुए विधिवत गणेश वंदना कर प्रतिमा को विसर्जित किया। मौके पर नवयुवक संघ गणेश पूजा समिति के अध्यक्ष श्रीकांत गुप्ता ने कहा कि भंडरा में इस वर्ष से गणेश चतुर्थी के उपलक्ष्य में पंडाल बनाकर पूजा की शुरुआत की गई है। अब इससे और भी भव्यता के साथ किया जाएगा। साथ ही भक्ति जागरण कार्यक्रम का भी आयोजन किया जाएगा। इसके लिए समय निर्धारित किया जाना है। मौके पर रोहित साहू, राजेश भगत, चंदन लहरी, सूरज ठाकुर, कालू व गांव के भक्तगण मौजूद थे।

## 6 अक्टूबर से होगा मरांग गोमके स्व. जयपाल सिंह मुंडा स्मृति अंतरराज्यीय फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन




**जलडेगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जलडेगा प्रखंड मुख्यालय स्थित हाई स्कूल मैदान में 6 अक्टूबर से 9 अक्टूबर तक मरांग गोमके स्व. जयपाल सिंह मुंडा की स्मृति में भव्य अंतरराज्यीय फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया जाएगा। जानकारी देते हुए कमिटी के सदस्यों ने बताया कि इस टूर्नामेंट में झारखंड के अलावे अन्य राज्यों की टीमें हिस्सा लेंगी। जहां विजेता को 1 लाख रुपए नगद एवं उपविजेता को 51 हजार रुपये नगद का पुरस्कार मिलेगा। टूर्नामेंट में कुल 16 टीमें हिस्सा लेंगी वहीं प्रवेश शुक्ल 6100/- रुपये निर्धारित किया गया है। इस बड़े टूर्नामेंट के लिए कमिटी का अध्यक्ष उम्बलन कंडुलना को बनाया गया है, वहीं उपाध्यक्ष बिनोद बड़ाईक,सचिव रोयन तोपनो, कोषाध्यक्ष आशिष इंदवार को नियुक्त किया है वहीं उप सचिव मुकुट कंडुलना एवं उप कोषाध्यक्ष नितेंद्र प्रसाद को बनाया गया है। टूर्नामेंट के लिए सलाहकार के रूप में अघना खड़िया, रामदेव साहू, पीताम्बर साहू, संतोष सिंह को जिम्मेदारी दी गई है वहीं मीडिया प्रभारी के रूप में दीपक बड़ाईक एवं नरेश नायक को नियुक्त किया गया है।पूरे टूर्नामेंट की विधि व्यवस्था को लेकर संरक्षक के रूप में सुजीत नाथ, सुबास साहू, जुसाफ लुगुन, रोजालिया शांता कंडुलना, बालमुनि लुगुन, विमला देवी, ढोलो सिंह, रमेश सिंह, जयंती देवी, शिशिर डांग को जिम्मेदारी दी गई है। टूर्नामेंट के उद्घाटन एवं समापन में मुख्य अतिथि के रूप में झापा केंद्रीय अध्यक्ष सह पूर्व मंत्री एनोस एक्का एवं युवा जिला अध्यक्ष संदेश एक्का शामिल होंगे।

# भाजपा जिला अध्यक्ष मनीर उरांव की अध्यक्षता में बूथ सशक्तिकरण को लेकर हुई बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी लोहरदगा की बूथ शसक्तीकरण के निमित्त बैठक जिला अध्यक्ष मनीर उरांव की अध्यक्षता बख्शिडिपा स्थित भाजपा जिला कार्यालय में की गयी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रदेश प्रवक्ता अमित कुमार सिंह और प्रदेश कार्यसमिति सदस्य ओमप्रकाश सिंह, पूर्व माटी कला बोर्ड अध्यक्ष श्रीचंद प्रजापति उपस्थित रहे। बैठक की शुरूआत महापुरुषों के चित्र पर माल्यार्पण पुष्प अर्पण एवं वंदे मातरम् के गीत के साथ की। जिला अध्यक्ष मनीर उराँव बैठक की विषय प्रवेश एवं पूर्व में आयोजित कार्यक्रमों की समिक्षा एवं पार्टी द्वारा चल रहे सेवा सप्ताह पखवाड़ा को लेकर चल रहे कार्यक्रमों की चर्चा की। साथ ही आज के विशेष बैठक बूथ सशक्तिकरण के कार्यो का सफल निष्पादन के निमित नितियों को बताया। बूथ के कार्यों में सभी स्तर के कार्यकर्ता पदाधिकारी की भूमिका अति महत्वपूर्ण है। इसलिए हम सभी को अपने जिम्मेवारीयों के प्रति सजग रहना होगा। बूथ सशक्तिकरण अभियान के संदर्भ में मुख्य रूप से प्रदेश प्रवक्ता अमित सिंह ने कहा कि बूथ सशक्तिकरण कार्य के निमित्त सभी निर्धारित बिंदुओं पर कार्य का निष्पादन प्रदेश के सभी जिलों में 23 सितंबर से लेकर 2 अक्टूबर तक कर लेनी है। यह अभियान बहुत ही महत्वपूर्ण हैं इसमें सभी वरिष्ठ कनिष्ठ नेता कार्यकर्ताओं की कार्य सुनिश्चित की गयी है। इस कार्य के लिए प्रवासी कार्यकर्ता बनाए गए हैं। लोहरदगा जिला में आठ मंडलों में प्रवासी के रूप में भंडरा मंडल मनीर उराँव, पेशरार मंडल बिंदेश्वर उराँव, किस्को मंडल ओमप्रकाश सिंह,कैरो मंडल श्रीचंद प्रजापति और पशुपति नाथ पारस, कुड़ु मंडल राकेश प्रसाद, सेन्हा मंडल ब्रजबिहारी प्रसाद, नगर मंडल राजकिशोर महतो, सदर मंडल राजमोहन राम होगें। बैठक में राजकिशोर महतो, राजमोहन राम, बजरंग उराँव, हर्षनाथ महतो, अनिल उराँव, अजय पंकज, पशुपति नाथ पारस, सूरज दसोंधी, लखन उरांव, अमरेश भारती उपस्थित रहे।

**प्रखंड प्रमुख राम उरांव के अध्यक्षता पर पंचायत समिति की हुई बैठक**

# प्रखंड स्तरीय खेलो झारखंड कार्यक्रम में हूई है जन-प्रतिनिधियों की उपेक्षा : मधुलिका रानी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो-लोहरदगा :** प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत कार्यालय प्रखंड सभागार में 21 सितंबर गुरुवार को पंचायत समिति की बैठक प्रखंड प्रमुख श्रीराम उरांव की अध्यक्षता में हुई। बैठक में उपस्थित विभिन्न विभागों के पदाधिकारीयों से विंदुवार समीक्षा की गई साथ ही साथ बैठक में अनुपस्थित अधिकारियों के प्रति नाराजगी व्यक्ति की गई। मौके पर प्रखंड प्रमुख श्रीराम उरांव ने कहा कि जनकल्याणकारी एवं विकास योजनाओं के प्रति लापरवाही क्षम्य नही की जाएगी। उन्होंने कहा ही ऐसी शिकायती मिल रही है कि जनवितरण प्रणाली दुकानदार कार्डधारियों को पहले ही अंगूठा लगा लेते हैं और बाद में राशन का वितरण करते हैं जबकि अंगूठा लगाने के साथ ही राशन देने का प्रवधान है। उप प्रमुख ने मधुलिका रानी ने कहा कि झारखंड सरकार के द्वारा शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित खेलो झारखण्ड के अंतर्गत प्रखण्ड स्तरीय खेल कूद कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उपेक्षा की गई है। कार्यक्रम के बारे में प्रमुख, उप प्रमुख, पंचायत समिति सदस्य मुखिया किन्ही को कोई सूचना नही दिया गया। पंचायत समिति सदस्य सुनीता लकड़ा ने कहा राजकीय मध्य विधालय में शिक्षकों की कमी व गुणवताविहीन नाडेप निर्माण पर आपत्ति जताई। नरौली पंचायत समिति सदस्य सुखमनी देवी ने कहा नगजुवा टिकरा टोली आंगनबाड़ी केंद्र में सहायिका चयन एवं अभियान विधालय टिकरा टोली में पेय जल की समस्या के बारे में बैठक में बात रखी। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी सह पदेन सचिव पवन कुमार महतो, अंचल पदाधिकरी कमलेश उरांव, पंचायत समिति सदस्य जितेंद्र उरांव, सिमा भगत, पशुचिकित्सा पदाधिकरी अनिल कुमार, निभा तिर्की, गुहा उरांव, रोशन उरांव, अमन शिखर, शातिष कुमार, प्रदीप कुमार आदि उपस्थित थे।

## चलते चलते एक नजर

### प्रधानमंत्री आज करेंगे अंतरराष्ट्रीय वकील सम्मेलन का उद्घाटन

**नई दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शनिवार को विज्ञान भवन में बार काउंसिल ऑफ इंडिया (बीसीआई) द्वारा आयोजित दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय वकील सम्मेलन 2023 का उद्घाटन करेंगे। देश में पहली बार आयोजित हो रहे इस सम्मेलन में उभरते कानूनी रुझान, सीमा पार मुकदमेबाजी में चुनौतियां, कानूनी प्रौद्योगिकी और पर्यावरण कानून आदि विषयों पर चर्चा होगी।प्रधानमंत्री कार्यालय ने शुक्रवार को बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 23 सितंबर को सुबह 10 बजे विज्ञान भवन में अंतरराष्ट्रीय वकील सम्मेलन 2023 का उद्घाटन करेंगे। इस अवसर पर प्रधानमंत्री जनसमूह को संबोधित भी करेंगे। बार काउंसिल ऑफ इंडिया द्वारा 23-24 सितंबर को न्याय वितरण प्रणाली में उभरती चुनौतियां% विषय पर अंतरराष्ट्रीय वकील सम्मेलन 2023 का आयोजन किया जा रहा है। सम्मेलन का उद्देश्य राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय महत्व के विभिन्न कानूनी विषयों पर सार्थक संवाद और चर्चा के लिए एक मंच के रूप में कार्य करना, विचारों और अनुभवों के आदान-प्रदान को बढ़ावा देना और कानूनी मुद्दों पर अंतरराष्ट्रीय सहयोग और समझ को मजबूत करना है। उद्घाटन समारोह में भारत के मुख्य न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़ मुख्य अतिथि होंगे जबकि केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल और अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमण और सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता सम्मानित अतिथि होंगे। कार्यक्रम में प्रतिष्ठित न्यायाधीशों, कानूनी पेशेवरों और वैश्विक कानूनी बिरादरी के नेताओं की भागीदारी देखी जाएगी।

### दानिश अली पर विवादित बयान के मामले में जेपी नड्डा ने रमेश बिधूड़ी को जारी किया कारण बताओ नोटिस

**नई दिल्ली(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने



सांसद रमेश बिधूडी को असंसदीय भाषा के प्रयोग को लेकर शुक्रवार को कारण बताओ नोटिस जारी किया.बिधूड़ी को 15 दिन में नोटिस का जवाब देना होगा.नोटिस में बिधूड़ी से पूछा गया है क्यों नहीं उनके खिलाफ असंसदीय भाषा के इस्तेमाल के लिए कार्रवाई की जाए. इससे पहले बहुजन समाज पार्टी के सांसद दानिश अली ने संसद में उनके खिलाफ की गई अमर्यादित टिप्पणी को लेकर बिधूड़ी के खिलाफ लोकसभा स्पीकर ओम बिरला को लेटर लिखते हुए कार्रवाई की मांग की है.बीएसपी नेता दानिश अली ने लोकसभा स्पीकर ओम बिरला को पत्र लिखकर मामले को विशेषाधिकार समिति के पास भेजने का आग्रह किया. उन्होंने आगे कहा कि वो बिधूड़ी के खिलाफ नियम 222, 226 और 227 के तहत नोटिस देना चाहते हैं.दानिश अली ने कहा कि मुझे उम्मीद है कि मेरे साथ न्याय होगा और स्पीकर साहब कार्रवाई करेंगे. ऐसा नहीं होता है तो मैं भरे मन से इस सदन को छोड़ने पर विचार करूंगा. मैं शब्दों को सुनकर रात भर सो नहीं पाया लग रहा था कि मेरे दिमाग की नस फट जाएगी. बिधूड़ी ने गुरुवार (21 सितंबर) को संसद में 'चंद्रयान-3 की सफलता और अंतरिक्ष क्षेत्र में भारत की उपलब्धियों के विषय पर चर्चा में भाग लेते हुए दानिश अली के खिलाफ आपत्तिजनक शब्दों का इस्तेमाल किया था.

### पंजाब पुलिस की कार्यप्रणाली में शामिल होगी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस : मान

**जालंधर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह



मान ने शुक्रवार को कहा कि पंजाब पुलिस को मुल्क की प्रथम दर्जे की फोर्स बनाने के लिए इसकी कार्यप्रणाली में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) को शामिल किया जाएगा। इससे पुलिस की कार्यकुशलता में विस्तार करने में मदद मिलेगी। मुख्यमंत्री शुक्रवार को पंजाब पुलिस में सीधे भर्ती हुए सिपाहियों के अब तक के सबसे बड़े 2,999 कांस्टेबलों के ग्रुप की पासिंग आउट परेड के दौरान एकत्र जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने उम्मीद जताई कि यह पहल राज्य में पुलिस प्रबंधन में और सुधार लाने के लिए अहम साबित होगी। उन्होंने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के प्रयोग के मामले में पंजाब को अग्रणी राज्य बनाने के उद्देश्य से यह फ़ैसला लिया गया है, जिससे राज्य में अमन और कानूनी की स्थिति को बरकरार रखने में मदद मिलेगी। भगवंत सिंह मान ने कहा कि यह कदम पुलिस फोर्स को वैज्ञानिक ढंग से कुशल बनाने दिशा में मील का पत्थर साबित होगा।मुख्यमंत्री ने कहा कि सरहदी राज्य होने4 के कारण कई ऐसी ताकतें हैं, जो कोई अपने बुरे मंसूबों से राज्य की शान्ति भंग करना चाहती हैं। परन्तु पंजाब पुलिस ने हमेशा ऐसी ताकतों की बुरी कोशिशों को कामयाब नहीं होने दिया। उन्होंने कहा कि राज्य को पेश चुनौतियों पर काबू पाने के लिए पंजाब पुलिस को जांच, विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में आधुनिक ज़रूरतों के मुताबिक ढलने की ज़रूरत है। भगवंत सिंह मान ने उम्मीद जताई कि पंजाब पुलिस अपनी उच्च पेशेवर वचनबद्धता के अंतर्गत लोगों की सेवा करने की अपनी गौरवमयी रिवायत को कायम रखेगी।मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले पड़ाव में इस विशेष फोर्स में 1300 मुलाजिमों की भर्ती की जायेगी। उन्होंने कहा कि मूलभूत तौर पर इस फोर्स को अत्याधुनिक उपकरणों और तकनीकों से लैस 144 वाहन दिए जाएंगे और यह फोर्स की गाड़ियों के कामकाज का घेरा 30 किलोमीटर तक का होगा। भगवंत सिंह मान ने कहा कि इन वाहनों में पूरी मैडिकल किट होगी जिससे ज़रूरत पड़ने पर किसी भी व्यक्ति को एमरजैंसी इलाज दिया जा सके।

### केन्द्रीय मंत्री ने जनपदवासियों को दो ट्रेनों के ठहराव की दिलाई सौगात

**फतेहपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीतामढ़ी बिहार से चलकर आनंद बिहार नई दिल्ली को जाने वाली लिच्छवी एक्सप्रेस का फतेहपुर रेलवे स्टेशन और टाटा जम्मूतवी एक्सप्रेस का ठहराव 24 सितम्बर से खागा रेलवे स्टेशन पर होगा। इसका पूरा श्रेय जिले की सांसद और उपभोक्ता मामले, खाद एवं सार्वजनिक वितरण व ग्रामीण विकास राज्य मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति का जाता है। उनके अथक प्रयास से जनपदवासी अब इस ट्रेन से अपने गंतव्य स्थान तक जा सकेंगे। इसके लिए केंद्रीय मंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रेलमंत्री को जनपदवासियों की तरफ से आभार व्यक्त किया है। उन्होंने यह भी कहा कि शीघ्र ही बनारस से उज्जैन महाकाल एक्सप्रेस के स्टॉपेज के अलावा अन्य कई ट्रेनों को ठहराव जनता को दिलाने के लिए भी पूरा प्रयास करूंगी।प्रयागराज के डीआरएम ने केंद्रीय मंत्री साध्वी से 24 सितम्बर को मुरी एक्सप्रेस को खागा स्टेशन पर हरी झंडी दिखाने का आग्रह किया है।

### चार साल में आत्मनिर्भर होगा हिमाचल : सुक्खू

**शिमला(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू



ने शुक्रवार को विधानसभा में कहा कि प्रदेश सरकार जो काम कर रही है वह दो साल में धरातल पर दिखना शुरू हो जाएगा। उन्होंने कहा कि हिमाचल चार साल में आत्मनिर्भर हो जाएगा और 10 साल में प्रदेश अन्य देश के सबसे अमीर राज्यों में होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि युवाओं को स्वरोजगार देने के लिए सरकार ने सोलर पावर प्लांट लगाने की पॉलिसी लाई है। जिसमें युवा अपने घर पर सोलर प्लांट लगाकर अच्छी आमदनी कमा सकता है। उन्होंने कहा कि सोलर पावर प्लांट लगाने के लिए 40 प्रतिशत सब्सिडी सरकार दे रही है, जबकि इनमें बनने वाली बिजली भी सरकार 25 साल तक खरीदेगी। जिससे एक तो यह प्रोजेक्ट 6 साल में फ्री हो जाएगा, उसके बाद सोलर प्लांट लगाने वाले की आमदनी ही होगी।नियम-130 के तहत लाए गए प्रस्ताव पर जवाब देते हुए सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि प्रदेश सरकार क्वालिटी बिजली लोगों को मुहैया हो इसकी व्यवस्था करने जा रही है। उन्होंने कहा कि बिजली की क्वालिटी सही न होने से बच्चों की आंखों पर गलत असर पड रहा है। अधिकारियों को आदेश दिए गए हैं, ऐसे में इस पर महत्वपूर्ण बदलाव किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि लो वोल्टेज समस्या को दूर करने के लिए स्कीमें चलाई गई है। सीएम ने कहा कि लोगों के घरों के उपर से गुजरने वाली लाइनों को बदलने के लिए कोई भी प्रावधान नहीं है।

## पीएम मोदी काशी को आज देंगे इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम की सौगात

**एजेंसी**

**वाराणसी :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी में शिक्षा के मंदिर अटल आवासीय विद्यालय और शिवालय रूपी इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम की सौगात देंगे। प्रधानमंत्री वाराणसी पहुंचकर प्रदेश के 16 अटल आवासीय विद्यालय का वर्चुअल उद्घाटन करेंगे और गंजारी में अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम की आधारशिला रखने के साथ ही जनसभा को सम्बोधित करेंगे। इस मौके पर क्रिकेट के नामचीन खिलाड़ी भी मौजूद रहेंगे। प्रधानमंत्री वाराणसी में कुल 1565 करोड़ की सौगात देंगे। रुद्राक्ष कंवेंशन सेंटर में वह सांसद सांस्कृतिक महोत्सव में कलाकारों की प्रस्तुति देखकर उनको सम्मानित भी करेंगे और सांसद प्रतियोगिता काशी 2023 का पोर्टल लांच करेंगे। महिलाओं के आरक्षण के लिए लाए गए नारी शक्ति वंदन अधिनियम के लोक सभा और राज्यसभा से पारित होने बाद पहली बार अपने संसदीय क्षेत्र आ रहे



प्रधानमंत्री का स्वागत नारी शक्ति करेंगी। पीएम सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय में करीब पांच हज़ार से अधिक महिलाओं से संवाद भी करेंगे। पीएम का दोपहर करीब 12:30 वाराणसी पहुंचना संभावित है।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार में सिर्फ अमीरों के बच्चे ही बोर्डिंग सरीखे स्कूलों में ही नहीं पढ़ेंगे। बल्कि श्रमिकों के बच्चे भी बोर्डिंग स्कूलों में अच्छी शिक्षा ग्रहण करेंगे। प्रदेश के 16 मंडलों में 1115 करोड़ रुपये की लागत से बनाए गए अटल आवासीय विद्यालय का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वाराणसी से करेंगे। भाजपा काशी क्षेत्र के अध्यक्ष दिलीप सिंह पटेल के अनुसार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लगभग 12:30 बजे वाराणसी एयरपोर्ट पहुंचेंगे । वहां से वे सीधे राजातालाब गंजारी पहुंचकर 450 करोड़ रुपये की लागत से 30 एकड़ में बनने वाले अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम की आधारशिला रखेंगे। इस दौरान 1983 क्रिकेट विश्वकप के विजेता खिलाड़ियों और अन्य नामचीन क्रिकेट के खिलाड़ी भी मौजूद रहेंगे। लगभग 30 हज़ार क्षमता वाले स्टेडियम की वास्तुशैली काशी और सनातन धर्म के अनुकूल होगी । जिसमें भगवान शिव की महिमा दिखेगी। अर्धचंद्राकार छत, त्रिशूल के आकार की फ्लड-लाइट, घाट की सीढ़ियों पर आधारित बैठने की व्यवस्था, बिल्डिंग पर बिल्विपत्र के आकार की धातु की चादरों के डिजाइन विकसित किए गए हैं। उन्होंने बताया कि गंजारी में ही प्रधानमंत्री एक बड़ी जनसभा को सम्बोधित भी करेंगे। पीएम जनसभा में जनता के बीच से होते हुए मंच तक पहुंचेंगे। काशी क्षेत्र के अध्यक्ष ने बताया कि प्रधानमंत्री गंजारी से सम्पूर्णानंद संस्कृत विश्विद्यालय पहुंचेंगे। नारी शक्ति वंदन विधेयक पास होने के बाद पहली बार वाराणसी पहुंच रहे पीएम का स्वागत करीब 5 हज़ार मातृशक्ति पुष्प वर्षा से करेंगी। प्रधानमंत्री इन महिलाओं से संवाद भी करेंगे। काशी क्षेत्र की बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओ की संयोजक सुष्मिता सेठ ने बताया कि पीएम का स्वागत डमरू वादन से होगा और महिलाएं शंखनाद से अभिनन्द करेंगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का अंतिम कार्यक्रम रुद्राक्ष अंतर्राष्ट्रीय कन्वेशन सेंटर में है। यहाँ पीएम लगभग 1115 करोड़ रुपये की लागत से निर्माण श्रमिकों के बच्चों और कोविड-19 महामारी के कारण अनाथ हुए बच्चों के लिए बनाए गए 16 अटल आवासीय विद्यालयों का वर्चुअल उद्घाटन करेंगे। कक्षाएँ, खेल मैदान, मनोरंजक क्षेत्र, एक मिनी सभागार, छात्रावास परिसर, मेस और कर्मचारियों के लिए आवासीय फ्लैट हैं। इन आवासीय विद्यालयों में से प्रत्येक में लगभग 1000 छात्रों को समायोजित किया जाएगा।

## उद्योग का केंद्र बनेगा उजैन : शिवराज



**एजेंसी**

**उज्जैन :** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शुक्रवार को राज्य स्तरीय रोजगार दिवस के अवसर पर 15 एमएसएमई क्लस्टर का भूमिपूजन और लोकार्पण किया। इन क्लस्टरों में 01 हजार 937 करोड़ के निवेश से 552 इकाईयों की स्थापना होगी और लगभग 28 हजार 300 लोगों को रोजगार मिलेगा। मुख्यमंत्री चौहान ने 932 करोड़ 22 लाख के निवेश वाली 1708 इकाईयों का लोकार्पण भी किया। इससे लगभग 16 हजार 375 लोगों को रोजगार मिलेगा। इसके साथ ही प्रदेश की 307 औद्योगिक इकाईयों का भूमि पूजन भी किया गया, 556 करोड़ 41 लाख के निवेश की इन इकाईयों से 6 हजार 310 लोगों को रोजगार मिलेगा। मुख्यमंत्री ने उज्जैन में 554 करोड़ 89 लाख की लागत के 9 नवीन विकास कार्यों का भूमि पूजन तथा 159 करोड़ 99 लाख से निर्मित सात विकास कार्यों का लोकार्पण किया। इसके अंतर्गत महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध प्रबंधन समिति के 500 करोड़ की लागत से बनने वाले भक्त निवास और 17 करोड़ रुपए लागत से निर्मित होने वाले फेसेलिटी सेंटर का भूमिपूजन शामिल है। मुख्यमंत्री चौहान ने मेघदूत पार्किंग और संभागीय आईटीआई का लोकार्पण भी किया मुख्यमंत्री चौहान ने अत्याधुनिक सुविधायुक्त श्री महाकालेश्वर मंदिर भक्त निवास के नाम और लोगो का विमोचन भी किया।चौहान ने कहा कि अध्यात्म का केंद्र उज्जैन अब उद्योगों का केंद्र भी बनने जा रहा है। महाकाल महाराज की कृपा से उज्जैन की विक्रम उद्योगपुरी में एक के बाद एक उद्योग स्थापित हो रहे हैं। उज्जैन की पूरी अर्थ व्यवस्था ही बदल गई है। सावन के महीने में सवा दो करोड़ भक्त आए और महाकाल महाराज की पूजा में शामिल हुए। उज्जैन में प्रतिदिन डेढ़ लाख भक्त आ रहे हैं। होटल, रेस्टोरेंट, प्रसादी और पूजन सामग्री आदि की मांग निरंतर बढ़ रही है। आय के नए स्रोत विकसित हो रहे हैं। उज्जैन में 3 हजार करोड़ रूपया अतिरिक्त आने वाला है। कार्यक्रम में उच्च शिक्षा मंत्री डॉ मोहन यादव, सूक्ष्म,लघु मध्यम उद्यम मंत्री ओम प्रकाश सखलेचा, सांसद अनिल फिरोजिया, विधायक बहादुर सिंह, महापौर मुकेश टटवाल, पूर्व मंत्री पारस जैन तथा जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। कार्यक्रम में भक्त निवास और फेसेलिटी सेंटर पर केंद्रीत दो लघु फिल्में भी प्रदर्शित की गई। उज्जैन में हुए भूमि पूजन के अंतर्गत ग्राम नीमनवासा में 1.33 हेक्टर क्षेत्र फल में विकसित होने वाले प्लास्टिक क्लस्टर तथा खाचरोद तहसील स्थित औद्योगिक क्षेत्र फर्ना खेड़ी में 58 इकाइयों का भूमि पूजन तथा 10 करोड़ लागत की सी पी पेंटस, 50 करोड़ की श्री पैकर्स प्रा.लि और 45 करोड़ की आरिबा फूडस प्रा. लि. का लोकार्पण भी हुआ।

## अरुणाचल के एथलीटों के साथ चीन के भेदभाव पर भारत ने जताया कड़ा विरोध

**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** अरुणाचल प्रदेश के खिलाड़ियों को एशियन गेम्स में चीन की तरफ से एंट्री न देने पर भारत ने बड़ा कदम उठाया है.भारत ने चीन के खिलाफ सख्त विरोध जताया है. इसके तहत केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने एशियन गेम्स का दौरा रद्द करने का फैसला किया है.आज सरकार ने इसको लेकर अपने बयान में कहा,भारत सरकार को पता चला है कि चीनी अधिकारियों ने जान-बूझकर और पूर्व-निर्धारित तरीके से चीन के हांगझू में 19वें एशियन गेम्स में अरुणाचल प्रदेश के कुछ भारतीय खिलाड़ियों को मान्यता न देने और प्रवेश से वंचित करके उनके साथ भेदभाव किया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने कहा,हमारी लॉन्ग टर्म और स्थिति के अनुरूप भारत निवास या जातीयता के आधार पर भारतीय नागरिकों के साथ भेदभावपूर्ण व्यवहार को सिरे से खारिज करता है. अरुणाचल प्रदेश भारत का अभिन्न और अविभाज्य हिस्सा था, है और हमेशा रहेगा.बागची ने कहा कि सरकार ने चीन द्वारा भारतीय एथलीटों को जानबूझकर और चुनिंदा तरीके से रोकने पर नई दिल्ली और बीजिंग में अपना कड़ा विरोध जताया है, क्योंकि ये कार्रवाई एशियन गेम्स की भावना और उनके आचरण को नियंत्रित करने वाले नियमों का उल्लंघन करती है. बता दें कि अरुणाचल प्रदेश की तीन खिलाड़ी एशियन गेम्स में हिस्सा लेने चीन जा रहीं थीं.

## अरुणाचल के सीएम ने पीएम से की मुलाकात

**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की और नारी शक्ति वंदन विधेयक को संसद के दोनों सदनों की मंजूरी दिलाने के लिए प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त किया। प्रधानमंत्री कार्यालय ने दोनों नेताओं की मुलाकात की तस्वीरें एक्स पर साझा करते हुए यह जानकारी दी। वहीं मुख्यमंत्री ने एक्स पोस्ट में कहा कि प्रधानमंत्री मोदी से मिलना वास्तव में सम्मान की बात है। मैंने संसद के दोनों सदनों में नारी शक्ति वंदन विधेयक के पारित होने और लोकसभा एवं राज्य



विधानसभाओं में महिलाओं के लिए आरक्षण को वास्तविक बनाने के लिए उन्हें बधाई दी। उन्होंने कहा कि इस ऐतिहासिक परिवर्तनकारी सुधार के साथ अब महिलाओं को सर्वोच्च निर्णय लेने वाली संस्थाओं में अधिक संख्या में प्रतिनिधित्व मिलेगा। मैं महिला सशक्तीकरण की दिशा में उनके साहसिक कदम के लिए प्रधानमंत्री का आभारी हूं। पेमा ने कहा कि अरुणाचल प्रदेश के विभिन्न विकास मामलों पर प्रधानमंत्री के साथ समृद्ध चर्चा भी हुई। उनका मार्गदर्शन पाकर धन्य हूं।

## असम: बिश्वनाथ घाट बना सर्वश्रेष्ठ पर्यटन गांव

**एजेंसी**

**दिसपुर :** असम के लोगों के लिए 22 सितंबर 2023 का दिन बहुत खास है और हो भी क्यों ना क्योंकि शुक्रवार को यहां के बिश्वनाथ चरियाली शहर से दक्षिण की ओर स्थित बिश्वनाथ घाट को पर्यटन मंत्रालय द्वारा भारत के सर्वश्रेष्ठ पर्यटन गांव के रूप में चुना गया है। ऐसे में सिर्फ शहर ही नहीं बल्कि पूरे प्रदेश के लिए यह गर्व के क्षण हैं। मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने अपने एक्स प्लेटफॉर्म के जरिए इस खुशखबरी की घोषणा करते हुए लिखा कि यह बताते हुए खुशी हो रही है कि बिस्वानाथ घाट



को पर्यटन मंत्रालय द्वारा भारत के सर्वश्रेष्ठ पर्यटन गांव 2023 के रूप में चुना गया है। सीएम ने आगे बताया कि 31 राज्यों और 791 आवेदनों में से बिश्वनाथ घाट का चयन राज्य सरकार द्वारा असम में ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए किए गए बड़े प्रयासों को दर्शाता है। बता दें कि यह घाट विशाल ब्रह्मपुत्र के तट पर स्थित है। इसका नाम प्राचीन बिश्वनाथ मंदिर के नाम पर रखा गया है। इसे गुप्तों के स्वर्णिम शासन के दौरान काशी की तुलना में गुप्त काशी भी कहा जाता है। घाट पर विभिन्न देवताओं के मंदिरों का समूह है। एक शिव मंदिर ब्रह्मपुत्र के साथ बृहदंगा (बुरीगोंगा) नदी के संगम पर स्थित था।

## मुख्यमंत्री से मिले रांची रेल मंडल के डीआरएम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से शुक्रवार को कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में रांची रेल मंडल के डीआरएम जसमीत सिंह बिंद्रा एवं सीनियर डीसीएम निशांत कुमार ने मुलाकात की। मौके पर मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन को उन्होंने आगामी 24 सितंबर 2023 से रांची-हावड़ा के बीच चलने वाले वंदे भारत एक्सप्रेस के शुभारम्भ कार्यक्रम में सम्मिलित होने के लिए सादर आमंत्रित किया।

## कनाडा के मसले पर भारत को विशेष छूट नहीं : अमेरिका

**एजेंसी**

**वाशिंगटन :** अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन ने कहा है कि कनाडा के मसले पर भारत को कोई विशेष छूट नहीं मिलेगी। उन्होंने भारत को रूस और चीन से अलग करार देते हुए तदनुरूप अमेरिकी नीतियां बनाने की बात कही। कनाडाई प्रधानमंत्री द्वारा निज्जर हत्याकांड में भारत को जिम्मेदार ठहराने पर जैक सुलिवन ने कहा कि इस मामले में अमेरिका,भारत को कोई विशेष छूट नहीं देगा। इसे लेकर अमेरिका उच्च स्तर पर भारतीय अधिकारियों के संपर्क में है। उन्होंने कहा,यह हमारे



लिए चिंता का विषय है। यह एक ऐसी चीज है, जिसे हम गंभीरता से लेते हैं। यह एक ऐसा मामला है जिस पर हम काम करना जारी रखेंगे और किसी देश की परवाह किए बिना हम ऐसा करेंगे।अमेरिका इस मसले पर कनाडा जैसे सहयोगियों के साथ भी नजदीक से काम करेगा, क्योंकि जांच और राजनयिक प्रक्रिया को कनाडा आगे बढ़ा रहा है। इस मामले में कनाडा से दूरी बनाने के सवाल पर सुलिवन ने कहा कि वे इस बात को मजबूती से खारिज करते हैं कि अमेरिका और कनाडा के बीच कोई मतभेद है। जो आरोप कनाडा ने लगाए हैं, उसे लेकर अमेरिका को चिंता है और अमेरिका चाहता है कि इस जांच को आगे बढ़ाया जाए और अपराधियों को जिम्मेदार ठहराया जाए।भारत, रूस और चीन को लेकर अमेरिकी रुख से जुड़े सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि हर देश की अलग स्थितियां हैं। उनसे पूछा गया था कि भारत और चीन के प्रति अमेरिका का रुख अलग होता है। इस पर उन्होंने कहा कि भारत रूस नहीं है और चीन की अपनी चुनौतियां हैं, जिनसे अमेरिका अलग संदर्भों में निपटता है। जहां तक रूस की बात है तो अमेरिका ने अपनी राष्ट्रीय सुरक्षा को खतरों से बचाने के लिए कई तरह की कार्रवाई की है। निश्चित रूप से अमेरिका अलग-अलग देशों से अलग-अलग तरीके से निपटता है, जिसके चलते मतभेद होते हैं।

## कमलनाथ को आदित्य ठाकरे ने बताया मप्र का भावी मुख्यमंत्री

**एजेंसी**

**छिंदवाड़ा :** महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री एवं शिवसेना (उद्धव गुट) नेता आदित्य ठाकरे शुक्रवार को मध्य प्रदेश के एक दिवसीय प्रवास पर छिंदवाड़ा जिले के पांढुर्णा पहुंचे। यहां उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री एवं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ के साथ छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा का अनावरण किया। अनावरण के बाद शिवसेना नेता आदित्य ठाकरे ने यहां एमपीएस ग्राउंड में जनसभा को संबोधित किया।आदित्य ठाकरे ने सभा को संबोधित करते हुए कमलनाथ को मध्य प्रदेश का भावी मुख्यमंत्री बताया। उन्होंने कहा कि कमलनाथ सभी को अपना मानते हैं। सभा को कमलनाथ ने भी



संबोधित किया। इस मौके पर कमलनाथ के सांसद पुत्र नकुल नाथ भी मौजूद रहे।उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने पिछले महीने अगस्त में पांढुर्णा को जिला बनाने की घोषणा कर चुके हैं। पांढुर्णा महाराष्ट्र से सटा हुआ इलाका है। बड़ी संख्या में मराठी समाज के लोग भी यहां रहते हैं। छिंदवाड़ा कमलनाथ का गृहक्षेत्र है। वे यहां से विधायक भी हैं।इधर, पांढुर्णा में छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा के अनावरण पर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कमलनाथ पर निशाना साधा। उन्होंने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि ये वही कमलनाथ हैं, जिन्होंने सौंसर में छत्रपति शिवाजी की प्रतिमा नहीं लगने दी थी। छत्रपति शिवाजी का अपमान करने का काम कमलनाथ ने किया था। उन्होंने कमलनाथ पर तंज कसते हुए कहा कि जो नकली और मौसमी होते हैं, वह राम की भी पूजा करते हैं। अब छत्रपति शिवाजी की प्रतिमा लगाने

## कोचिंग सेंटरों के खिलाफ दिल्ली हाई कोर्ट के फैसले में दखल देने से सुप्रीम कोर्ट का इनकार

**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** दिल्ली के कोचिंग सेंटरों पर कार्रवाई के मामले पर कोचिंग सेंटर्स को कोई राहत नहीं मिली है। सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली हाई कोर्ट के फैसले में दखल देने से इनकार कर दिया। जस्टिस सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली बेंच ने कोचिंग सेंटर्स को दिल्ली हाई कोर्ट में ही अपना पक्ष रखने को कहा। दरअसल, हाई कोर्ट ने अग्निशमन विभाग को अनापत्ति प्रमाणपत्र के बिना चल रहे सभी कोचिंग सेंटर बंद करने का निर्देश दिया था। कोचिंग सेंटर्स की ओर से वकील मुकुल रोहतगी ने कोर्ट में दलील देते हुए कहा कि हाई कोर्ट ने प्रभावित पक्ष को सुने बिना कोचिंग सेंटर्स बंद करने का



आदेश दे दिया। कोचिंग सेंटर्स को कुछ राहत दी जाए। सुनवाई के दौरान जस्टिस दीपांकर ने कहा कि ऐसे कोचिंग हैं, जहां डेस्क ही नहीं है। सभी छात्र पास-पास बैठे हैं। आप यह बताएं कि 200-300 वर्ग गज में आपने कितने छात्रों का नामांकन कराया है। ऐसी स्थिति में अगर आग लग जाए तो क्या होगा। तब रोहतगी ने कहा कि हमारी तो कोई बात ही नहीं सुनी गई। वहां शिक्षक हैं, छात्र हैं। हमें ऐसे कैसे बंद कर सकते हैं। हाई कोर्ट में इस मामले की सुनवाई 10 अक्टूबर को होने वाली है, तब तक हाई कोर्ट के आदेश पर रोक लगाएं। 15 कोचिंग सेंटर पहले ही बंद हो चुके हैं।